रायपुर, शुक्रवार, 28 अगस्त 2026 शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 199 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

नेपाल जलप्रलय

359 मौतों की पुष्टि, 288 भारतीय लापता

■ **1,500 लोग लापता, चीन में भी 200 भारतीय फंसे**

कुमार अभिनव

काठमांडू/नवप्रदेश। नेपाल-तिब्बत सीमा पर बुधवार को आए विनाशकारी जलप्रलय ने हिमालयी क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी है। नेपाल में अब तक 270 और तिब्बत में 3 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि दोनों तरफ करीब 1,500 लोग लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों में सैकड़ों विदेशी नागरिक और कैलाश मानसरोवर यात्री भी शामिल हैं। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता नेपाल में मौजूद 288 भारतीय नागरिक हैं, जिनसे अभी संपर्क नहीं हो पा रहा है। वहीं चीन की ओर करीब 200 भारतीय फंसे हैं, जिन्होंने निकासी के लिए मदद मांगी है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक अब तक तमिलनाडु के 21 भारतीयों को सुरक्षित बचाया गया है। प्रारंभिक जांच में इस भीषण बाढ़ का कारण हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर और चट्टानों के विशाल हिस्से का टूटकर नदी में गिरना बताया जा रहा है। इसके बाद पानी, बर्फ, पत्थर और मलबे का तेज बहाव नेपाल के भोटेकोसी-त्रिशूली नदी तंत्र में नीचे की ओर बढ़ा और कई बस्तियों, सड़कों, पुलों तथा बिजली परियोजनाओं को अपनी चपेट में ले लिया। नेपाल में 270 से अधिक मौतों की पुष्टि हो चुकी है, जबकि तिब्बत में 3 मौतों और 550 से ज्यादा लोगों के लापता होने की सूचना है। राहत-बचाव में 5,000 से अधिक कर्मियों को लगाया गया है।

राहत के लिए 20 अरब जुटाएगा नेपाल: नेपाल सरकार ने बाढ़ से हुए भारी नुकसान और राहत-पुनर्वास के लिए तत्काल 20 अरब नेपाली रुपए जुटाने की तैयारी की है। इसके साथ ही विश्व बैंक से करीब 25 अरब नेपाली रुपए तक की आपात सहायता पर भी चर्चा चल रही है। विश्व बैंक ने विभिन्न स्रोतों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बाढ़-भूस्खलन में फंसे छत्तीसगढ़ियों की मदद के लिए हेल्पलाइन जारी, साय ने जनहानि पर जताया दु:ख

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन के कारण फंसे राज्य के नागरिकों की सहायता और सुरक्षित वापसी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नेपाल में प्राकृतिक आपदा से हुई जनहानि पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा है कि संकट की इस घड़ी में भारत नेपाल के पीड़ितों के साथ एकजुटता के साथ खड़ा है। राज्य सरकार के अनुसार नेपाल में फंसे छत्तीसगढ़ के नागरिक अथवा उनके परिजन सहायता और आवश्यक जानकारी के लिए आपदा प्रबंधन हेल्पलाइन 1070 तथा दूरभाष 91-771-2223471 पर संपर्क कर सकते हैं।

नेपाल में रायपुर की मोनिका यादव लापता

रायपुर/नवप्रदेश। नेपाल में आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन की आपदा के बीच छत्तीसगढ़ सरकार ने वहां मौजूद प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए तत्परता से कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य सरकार प्रदेश के सभी जिलों से नेपाल गए नागरिकों की जानकारी एकत्रित कर स्थिति की लगातार निगरानी कर रही है। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार रायपुर जिले के महादेव घाट (थाना डी.डी. नगर) की निवासी सुश्री मोनिका यादव के नेपाल में बाढ़ के बाद से लापता होने की सूचना मिली है। वे 22 अगस्त 2026 से नेपाल प्रवास पर थीं और वर्तमान में परिजनों से उनका संपर्क टूट गया है। राज्य सरकार संबंधित अधिकारियों एवं केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी सुरक्षित खोजबीन के प्रयास कर रही है। संकट की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है। सरकार का कहना है कि नेपाल गए या वहां रह रहे प्रदेश के नागरिकों के संबंध में यदि किसी के पास भी कोई जानकारी हो, तो उसे तुरंत प्रशासन से साझा करें।

22 अगस्त 2026 से नेपाल प्रवास पर थीं

बड़ी संख्या में तीर्थयात्री है लापता

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि नेपाल में 288 भारतीय नागरिक अभी संपर्क से बाहर हैं। इनमें त्रिशूली-1 पावर प्रोजेक्ट में काम करने वाले 73 भारतीय भी शामिल हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए तमिलनाडु के 37 और 49 यात्रियों के दो समूह, पश्चिम बंगाल के 32 लोगों का समूह, विभिन्न राज्यों के 61 नागरिक और केरल के 33 लोगों का समूह भी प्रभावित लोगों की सूची में है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि संचार व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होने के कारण संपर्क नहीं हो पाना अपने आप में मृत्यु की पुष्टि नहीं है और आंकड़े लगातार अपडेट हो रहे हैं। चीन की ओर भी करीब 200 भारतीय कैलाश मानसरोवर यात्री फंसे हैं। भारतीय दूतावास चीनी अधिकारियों के संपर्क में है और अलग-अलग स्थानों पर मौजूद यात्रियों को सुरक्षित निकालने की कोशिश की जा रही है।

21 भारतीय बचाए गए दूतावासों में कंट्रोल रूम

विदेश मंत्रालय के मुताबिक तमिलनाडु के 21 भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया गया है। काठमांडू और बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास प्रभावित भारतीयों और उनके परिजनों की सहायता के लिए लगातार काम कर रहे हैं। मंत्रालय ने नई दिल्ली में भी कंट्रोल रूम सक्रिय किया है। नेटवर्क और सड़क संपर्क टूटने के कारण कई लोगों की वास्तविक स्थिति की पुष्टि करने में मुश्किल आ रही है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने विदेश सचिव, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों तथा काठमांडू और बीजिंग में भारतीय राजदूतों के साथ स्थिति की समीक्षा की है।

भारत ने दो विमानों से 47.5 टन मदद पहुंचाई

नेपाल की मदद के लिए भारत ने राहत अभियान तेज कर दिया है। पहले भारतीय वायुसेना के ष्ट-130छ्व विमान से 10 टन आपदा राहत सामग्री, दवाइयां, अस्थायी शेल्टर और अन्य जरूरी सामान भेजा गया। इसके बाद दूसरे विमान से 37.5 टन राहत सामग्री, दवाइयां और खाद्य सामग्री भेजी गई। इस तरह भारत अब तक 47.5 टन सहायता नेपाल पहुंचा चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री से बात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया है। भारत ने कहा है कि नेपाल की जरूरत के मुताबिक राहत और बचाव सहायता आगे भी जारी रहेगी।

युवाओं और खिलाड़ियों से वर्चुअल संवाद

युवाओं को स्क्रीन से ज्यादा प्लेग्राउंड चाहिए

■ **ओलंपिक खेलों में भागीदारी बढ़ानी होगी, अभी से खिलाड़ी तैयार करें**

नई दिल्ली/ए.। पीएम मोदी ने गुरुवार को 1,500 से ज्यादा जगहों पर युवाओं और खिलाड़ियों से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने कहा कि ओलंपिक के 20 से ज्यादा खेलों में भारत की भागीदारी नहीं रही। ओलंपिक में भारत की भागीदारी बढ़ानी होगी।

2036 ओलंपिक के लिए अभी से खिलाड़ी तैयार करें। मोदी ने कहा- 15 अगस्त को देश के सामने स्पोर्ट्स विजन रखा। यह सिर्फमेडल जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि विकसित भारत और देश की खेल शक्ति बढ़ाने का अभियान है। पीएम ने कहा- मैं हमेशा कहता हूं- जो खेले, वो खिले। आज युवाओं को स्क्रीन से ज्यादा स्पोर्ट्स सेंटर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नेशनल स्पोर्ट्स डे और मेजर ध्यानचंद पर: 29 अगस्त को नेशनल स्पोर्ट्स डे मनाया जाता है। यह महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को याद करने का दिन है। करीब 100 साल पहले भारतीय सेना की हॉकी टीम न्यूजीलैंड गई थी, जिसमें ध्यानचंद भी शामिल थे। भारत-न्यूजीलैंड संबंधों को आज और मजबूत किया जा रहा है।

खेलो इंडिया संवाद पर: सरकार मजबूत स्पोर्ट्स इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। खेलो इंडिया संवाद में युवा खेल, गवर्नेंस और विकसित भारत पर सुझाव दे सकेंगे। उनके विचार देश को आगे बढ़ाएंगे।

शीतल और अवनी लेखरा की उपलब्धि पर: शीतल के आर्चरी मेडल और अवनी लेखरा के दो मेडल ने जम्मू-कश्मीर और देश को गौरवान्वित किया। झंडू कुमार समेत कई पैरा एथलीट प्रेरणा दे रहे हैं। फौजा सिंह ने 100 साल की उम्र के बाद भी फिटनेस की मिसाल पेश की।

ओलंपिक में नए खेलों पर: देश के हर जिले में खेल प्रतिभाएं हैं। ओलिंपिक के 20 से ज्यादा खेलों में भारत की भागीदारी नहीं रही है, जबकि दूसरे देश मेडल जीत रहे हैं। भारत को नए खेलों में भी आगे बढ़ना होगा। लंबी समुद्री तटरेखा के बावजूद सर्फिंग में भारत अभी पीछे है।

फंडामेंटल्स ऑफ जेनेटिक्स की परीक्षा भी रद्द, जांच के लिए पुलिस को पत्र

नवप्रदेश लगातार

रायपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में पेपर लीक के मामले लगातार बढ़ते जा रहें हैं। बुधवार को लगाए गए पेपर लीक के आरोप में बड़ा अपडेट सामने आया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

परीक्षा से पहले वायरल हुई थी प्रश्नपत्र की पीडीएफ

जानकारी के अनुसार, 19 अगस्त को सुबह 10 बजे होने वाली 'फंडामेंटल्स ऑफ जेनेटिक्स' की परीक्षा से करीब 5 घंटे पहले प्रश्नपत्र की पीडीएफ छात्रों के बीच वायरल होने का मामला सामने आया था। वायरल पीडीएफ में मौजूद सवालों और परीक्षा में पूछे गए सवालों के एक जैसे होने का दावा किया गया था। पीडीएफ में प्रश्नपत्र के तीनों पार्ट के सवाल मौजूद थे। वहीं 6 नंबर वाले लॉन्ग आंसर वाले प्रश्न और उनके उत्तर भी इसमें होने की बात सामने आई थी। मामला सामने आने के बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन ने जांच के लिए तेलीबांधा पुलिस को पत्र लिखा था।

अब तक तीन परीक्षाएं रद्द

इंदिरा गांधी कृषि विवि में पेपर लीक से जुड़े मामले में अब तक कुल तीन परीक्षाएं रद्द की जा चुकी हैं। इससे पहले 7 अगस्त को आयोजित बीएससी कृषि प्रथम वर्ष की प्लांट पैथोलॉजी और 20 अगस्त को आयोजित बीएससी कृषि द्वितीय वर्ष की एंटोमोलॉजी परीक्षा को निरस्त किया गया था। अब 19 अगस्त की 'फंडामेंटल्स ऑफ जेनेटिक्स' परीक्षा भी रद्द कर दी गई है।

आज बेबाक

घर - घर की यही कहानी है। महंगाई ने सबका जीना मुहाल कर रखा है। हर गृहणी रूंधे गले से यही गा रही है - सखी सैंया तो खूब ही कमात हैं महंगाई डायन खाए जात है...। इधर सरकार यही दावा कर रही है कि आल इज वैल। शक्कर ही नहीं खाद्य तेल से लेकर आलू - प्याज सहित तमाम दैनिक उपयोग की वस्तुएं लोगों की पहुंच से बाहर हो रही है। आमदनी चवन्नी और खर्चा रुपैया वाली स्थिति बन गई है। सरकार से नाउम्मीद लोग महंगाई से ही पूछ रहे हैं - हाय महंगाई तू कहां से आई, तुझे क्यों मौत न आई...।

कस्टडी में मौत पर सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर, सुको ने मांगी जांच रिपोर्ट

■ **सिर में चोट से हुई थी श्रवण की मौत, सुप्रीम कोर्ट ने 13 अक्टूबर से पहले मांगी जांच रिपोर्ट**

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में जनवरी 2024 में श्रवण सूर्यवंशी उर्फ सरवन तामरे की हिरासत के बाद हुई मौत के मामले में सीबीआई ने हत्या की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के 12 अगस्त 2026 के आदेश के बाद यह कार्रवाई की गई। फिलहाल एफआईआर में आरोपियों के नाम की जगह अज्ञात व्यक्ति दर्ज हैं। कोर्ट ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी, सार्वजनिक माफी मांगनी होगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में हाईकोर्ट ने प्रणव कलिता और लक्ष्यधर राजबोंगसी को शर्तों के साथ राहत दी है। कोर्ट ने दोनों को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने, फेसबुक पर प्रमुखता से माफीनामा पोस्ट करने और आपत्तिजनक सामग्री हमेशा के लिए हटाने का निर्देश दिया है। दोनों ने अपने फेसबुक अकाउंट पर असमिया भाषा में राज्यपाल के खिलाफकथित आपत्तिजनक पोस्ट और कार्टून साझा किए थे। शिकायत के बाद राजभवन की ओर से रायपुर के सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसे रद्द कराने के लिए दोनों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई। सुनवाई के दौरान 14 अगस्त 2026 को याचिकाकर्ताओं ने बिना शर्त माफी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जशपुर में 'अंतरिक्ष संगवारी' के लिए पहल, चयनित विद्यार्थियों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण

10 हजार बच्चों में खोजे जाएंगे भावी अंतरिक्ष यात्री

■ **बेंगलुरु भ्रमण के साथ अंतरिक्ष यात्री शुभांशु से संवाद का भी अवसर**

रायपुर/नवप्रदेश। जशपुर के स्कूली विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान और अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को कैम्प कार्यालय बगिया में 'अंतरिक्ष संगवारी' पहल का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 8 विकासखंडों के कक्षा 8वीं से 12वीं तक के करीब 10 हजार विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अंतरिक्ष संगवारी

- 10,000 विद्यार्थी – जिलेभर में होगी स्क्रीनिंग
- कक्षा 8वीं से 12वीं – विद्यार्थी होंगे शामिल
- 8 विकासखंड – जशपुर जिले के सभी ब्लॉक शामिल
- 15 सितंबर – पंजीयन की अंतिम तिथि
- 26 सितंबर – चयन परीक्षा
- 27 से 29 सितंबर – मूल्यांकन और साक्षात्कार
- 1 से 7 अक्टूबर – रायपुर में विशेष प्रशिक्षण
- 15 अक्टूबर से – प्रस्तावित बेंगलुरु भ्रमण
- 26 अक्टूबर – पुरस्कार समारोह

परीक्षा-साक्षात्कार से होगा चयन

कार्यक्रम में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के लगभग 10 हजार विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। 15 सितंबर तक पंजीयन किया जा सकेगा। इसके बाद 26 सितंबर को परीक्षा और 27 से 29 सितंबर के बीच मूल्यांकन व साक्षात्कार होंगे। चयनित विद्यार्थियों के लिए 1 से 7 अक्टूबर तक रायपुर में विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 15 अक्टूबर से प्रस्तावित बेंगलुरु यात्रा में विद्यार्थियों को अंतरिक्ष एवं विज्ञान से जुड़े संस्थानों और गतिविधियों को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का समापन 26 अक्टूबर को पुरस्कार समारोह के साथ होगा।

कोपेडीह में महुआ शराब के अड्डों पर पुलिस का धावा, 5 आरोपी गिरफ्तार, 210 लीटर शराब जब्त

धमतरी/नवप्रदेश। अवैध कच्ची महुआ शराब के खिलाफ धमतरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम कोपेडीह में एक साथ दबिश देकर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने तीन अलग-अलग प्रकरणों में आरोपियों के कब्जे से 210 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 21 हजार रुपये बताई गई है। कार्रवाई के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक धमतरी श्रीमती भावना पांडेय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री डी.सी. पटेल के मार्गदर्शन में भखारा पुलिस द्वारा अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और भंडारण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत ग्राम कोपेडीह में थाना भखारा की अलग-अलग टीमों ने दबिश देकर तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की।

20 वर्षीय युवक भी शराब के साथ गिरफ्तार

अपराध क्रमांक 106/2026 में पुलिस ने राम कुमार माथुर पिता उतरा माथुर, उम्र 20 वर्ष, निवासी कोपेडीह को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब, कीमत 5 हजार रुपये, जब्त की गई। इस मामले में भी धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस तरह भखारा पुलिस की तीन अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 5 आरोपियों से 210 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई।

पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। धमतरी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं भंडारण के खिलाफजीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

एक ही मामले में तीन आरोपी दबोचे गए

अपराध क्रमांक 105/2026 में पुलिस ने अशोक माथुर पिता विट्ठल राम माथुर, उम्र 54 वर्ष, संदीप कुमार माथुर पिता अशोक माथुर, उम्र 29 वर्ष तथा सुनील कुमार माथुर पिता अशोक माथुर, उम्र 35 वर्ष, सभी निवासी ग्राम कोपेडीह को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 110 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत 11 हजार रुपये है।

50 लीटर शराब के साथ गोवर्धन गिरफ्तार

अपराध क्रमांक 104/2026 में पुलिस ने गोवर्धन चंदेल पिता उत्तम चंदेल, उम्र 40 वर्ष, निवासी कोपेडीह को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत 5 हजार रुपये है, जब्त की गई। मामले में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

न्यूज गैलरी

जल संरक्षण के लिए 10 हजार ट्रेंच सह बंधान निर्माण का लक्ष्य

बेमेतरा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत बेरला क्षेत्र में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए विकसित भारत की गारंटी–जी राम जी योजना के अंतर्गत विभिन्न जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। वर्तमान वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए वर्षा जल के अधिकतम संचयन और भू-जल स्तर में वृद्धि के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेरला सुश्री दिव्या ठाकुर ने बताया कि जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके तहत सोख्ता गड्ढे, सैंड फिल्टर, पौधरोपण, वाटर हार्वेस्टिंग सहित अन्य जल संरक्षण कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत बेरला क्षेत्र में वर्षा जल के संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन के लिए लगभग 10 हजार ट्रेंच सह बंधान (स्ट्रञ्ज) निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ट्रेंच सह बंधान के निर्माण से वर्षा जल को भूमि में रोकने और उसके भू-जल में पुनर्भरण को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

महामाया मंदिर में शिव-पार्वती विवाह उत्सव, जयघोष से गूंजा परिसर

महासमुंद/नवप्रदेश। सावन माह के पावन अवसर पर महामाया मंदिर परिसर में एक माह तक चल रहे श्रावणी पूजा एवं विशेष

रुद्राभिषेक कार्यक्रम के तहत 25 अगस्त को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यजमान श्रीमती सीतादेवी मनोजकांत साहू परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से सहभागिता की। इस अवसर पर नगर के विद्वान पुरोहित पंडित पंकज तिवारी ने भगवान शिव की महिमा, उनके दिव्य स्वरूप तथा शिव-पार्वती विवाह की पौराणिक कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सावन माह में भगवान शिव की आराधना और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। श्रद्धा एवं भक्ति के साथ की गई शिव आराधना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिव-पार्वती विवाह उत्सव के दौरान महामाया मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। बड़ी संख्या में नगर के धर्मप्रेमी नागरिक, माताएं-बहनें और युवा श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान और विवाह उत्सव के दौरान गूंजते 'हर-हर महादेव' के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर शिवमय हो गया।

पर्यटन, आजीविका, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं के विकास पर दिया जोर

कलेक्टर ने दूरस्थ अंचलों का सघन भ्रमण कर विकास कार्यों का लिया जायजा

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा ने जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों का सघन भ्रमण कर विकास कार्यों, पर्यटन स्थलों, आजीविका गतिविधियों, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का जायजा लिया। लगभग एक दर्जन गांवों के भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों एवं हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, आवश्यकताएं और सुझाव सुने तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सर्वप्रथम कुकरेल पहुंचकर मछली पालन गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मत्स्य पालन से जुड़े हितग्राहियों से चर्चा कर उत्पादन, आय, बाजार व्यवस्था और गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मछली पालन से जुड़े हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन, गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज, प्रशिक्षण और बाजार उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो सके।

इसके बाद मॉडमसिल्ली में जल संसाधन विभाग द्वारा पर्यटकों की सुविधा के लिए विकसित किए जा रहे गार्डन का निरीक्षण किया। उन्होंने गार्डन के बेहतर रखरखाव, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय और पर्यटकों के लिए आवश्यक अन्य सुविधाओं के संबंध में संबंधित समिति से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्यटन स्थलों पर नियमित साफ-सफाई, सुरक्षा और रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को ध्यान में रखते हुए पर्यटन सुविधाओं का विकास इस तरह किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आजीविका के नए अवसर सृजित हों। उरपुटी में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण कर कलेक्टर ने हितग्राहियों से योजना के लाभ एवं आवास निर्माण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवास निर्माण से संबंधित शेष कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाए तथा पात्र परिवारों को बिजली, पानी, सड़क, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं से भी जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से कमजोर एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले पात्र परिवारों तक शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से पहुंचना चाहिए। भोथापारा में वीबीआरएमजी के तहत निर्मित आजीविका डबरी का अवलोकन किया गया। इस डबरी में 17 हितग्राहियों द्वारा मछली पालन किया जा रहा है। डबरी में रोहू, कतला एवं झींगा आदि मछलियों के बीज डाले गए हैं। कलेक्टर ने हितग्राहियों से चर्चा कर मछली पालन से होने वाली आय, उत्पादन और विपणन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हितग्राहियों को नियमित तकनीकी मार्गदर्शन, मत्स्य आहार, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ने की व्यवस्था की जाए, ताकि यह गतिविधि स्थायी एवं लाभदायक आजीविका का माध्यम बन सके।

रक्षाबंधन का शगुन भाजपा ने निभाया बहनों से किया वादा

महतारी वंदन नहीं, भरोसे की राखी है: रंजना साहू ने रक्षाबंधन पर्व पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

धमतरी/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की बहनों के लिए बड़े भाई का फर्ज निभाते हुए महतारी वंदन योजना की सितम्बर माह की 31वीं किश्त जारी कर बहनों को रक्षाबंधन का उपहार दिया। जशपुर में आयोजित विष्णु भैया संग बहनों का रक्षाबंधन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने यह सौगात प्रदान की। इस अवसर पर क्षेत्र की बहनों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की कलाई पर राखी बांधकर उनके प्रति स्नेह, विश्वास और आत्मीयता प्रकट की। वहीं मुख्यमंत्री ने बहनों के खातों में महतारी वंदन योजना की आगामी किश्त की राशि जारी कर रक्षाबंधन के पर्व को और खास बना दिया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर समय पूर्व बहनों को महतारी वंदन की 31वीं किश्त जारी करना प्रदेश की मातृशक्ति के प्रति सरकार के सम्मान और संवेदनशीलता को दर्शाता है।श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बड़े भाई का फर्ज निभाते हुए रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रदेश की बहनों को आर्थिक संबल का उपहार दिया है। महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार महिला सशक्तिकरण और मातृशक्ति के सम्मान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। रक्षाबंधन पर बहनों के खातों में राशि पहुंचना सरकार की संवेदनशील सोच और बहनों के प्रति अपनेपन का प्रमाण है।

अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान तेज, चार आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध महुआ शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफपुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने सरायपाली, सिंघोड़ा और पिथौरा थाना क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान 22.190 लीटर अवैध महुआ व देशी शराब, जिसकी कुल कीमत 4,540 रुपये है, जब्त की गई। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बालसी में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विक्रम रात्रे (23) को 10 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा।

तमिलनाडु में बंधक बनाए गए महासमुंद के चार श्रमिक मुक्त

स्थानीय प्रशासन के समन्वय से रेस्क्यू; जल्द लौटेंगे महासमुंद

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के सरायपाली तहसील अंतर्गत ग्राम बरिहापाली के श्रमिकों को तमिलनाडु में बंधक बनाए जाने की शिकायत पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें सुरक्षित मुक्त करा लिया है। गुरुवार शाम करीब 5 बजे रेस्क्यू टीम और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से श्रमिकों को बंधन से मुक्त कराया गया। प्रशासनिक एवं कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उनके देर रात अथवा शुक्रवार को महासमुंद के लिए रवाना होने की संभावना है।

परसों तक उनके जिले में पहुंचने की उम्मीद है।

पत्नी की शिकायत पर प्रशासन ने दिखाई तत्परताजानकारी के अनुसार बरिहापाली के पुनीत राम यादव (65) सहित उनके परिवार के सदस्य रोजगार के लिए तमिलनाडु के नमक्कल जिले के परामती वेलुर तहसील अंतर्गत ग्राम परिवेसोलीपालयम गए थे। वहां काम करने के दौरान श्रमिकों को कार्य पसंद नहीं आया और वे वापस गांव लौटना चाहते थे। आरोप है कि ठेकेदार ने उन्हें वापस भेजने से इनकार कर दिया, जिसके बाद परिजनों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई। पुनीत राम यादव की पत्नी मीना यादव ने सरायपाली एसडीएम मनोज कुमार खांडे के समक्ष आवेदन देकर अपने पति और अन्य श्रमिकों को वापस लाने की मांग की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई शुरू की।

एससी-एसटी की सूची के विस्तार को बताया सामाजिक न्याय की संवैधानिक प्रक्रिया

महासमुंद/नवप्रदेश। एससी एवं एसटी की सूची में समय-समय पर हुए विस्तार को लेकर अधिवक्ता सुमीत सिंह ढिल्लों ने इसे

सामाजिक न्याय और वास्तविक समानता के संवैधानिक सिद्धांत की अभिव्यक्ति बताया है। उन्होंने कहा कि यह धारणा भ्रामक है कि 1950 के बाद एससी एवं एसटी की सूची में किया गया विस्तार केवल राजनीतिक उद्देश्यों से हुआ है। उनके अनुसार सूची में बदलाव संविधान द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत सामाजिक स्तविकताओं और वंचित समुदायों की पहचान से जुड़ा विषय है। अधिवक्ता ढिल्लों के अनुसार संविधान के अनुच्छेद 341(1) एवं 342(1) के तहत 1950-51 में जारी प्रारंभिक राष्ट्रपति आदेशों का दायरा तत्कालीन परिस्थितियों और उपलब्ध सामाजिक-प्रशासनिक आंकड़ों तक सीमित था। उस समय रियासती क्षेत्रों, विशेषकर भाग-ग राज्यों तथा जनजातीय बहुल क्षेत्रों में व्यवस्थित जनसांख्यिकीय सर्वेक्षण एवं जनगणना संबंधी जानकारी का अभाव था।

धार्मिक और सामाजिक संगठनों सहित आयोग, निगम, मंडल के पदाधिकारियों ने दिए सुझाव

समान नागरिक संहिता पर व्यापक मंथन, संगठनों-पदाधिकारियों ने दी राय

रायपुर/नवप्रदेश। समान नागरिक संहिता के लिए गठित समिति के सदस्य सेवानिवृत्त आईएएस द्वय शत्रुघ्न सिंह और एम.के.राउत, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन पवार, सेवानिवृत्त श्रीमती ज्योति रानी सिंह और सदस्य सचिव श्याम धावड़े के समक्ष गुरुवार को राजधानी रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में धार्मिक और सामाजिक संगठनों सहित आयोग, निगम, मंडल के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित कर समान नागरिक संहिता के संबंध में सुझाव लिए गए। संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों को साकार करने के उद्देश्य से गठित यूसीसी समिति के समक्ष धार्मिक और सामाजिक संगठनों तथा विभिन्न वर्गों सहित आयोग, निगम, मंडल के पदाधिकारियों की सहभागिता लगातार देखने को मिल रही है।

समान नागरिक संहिता का उद्देश्य प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए धर्म, जाति या पंथ से परे विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और गोद लेने जैसे पारिवारिक मामलों में एक समान नियम बनाना है। पुत्र और पुत्री दोनों को संपत्ति में समान उत्तराधिकार का अधिकार दिया गया है। इसके तहत मौखिक तलाक और कुछ अन्य धार्मिक कुप्रथाओं पर रोक लगाई जा सकेगी। इसके लिए धार्मिक और सामाजिक संगठनों, विभिन्न आयोग, निगम, मंडल के पदाधिकारियों, विभिन्न समाज के प्रमुखो, पदाधिकारियों, प्रबुद्धजनों और जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर अपने बहुमूल्य सुझाव देने के लिए उपस्थित रहे।

एक समान विधिक ढाँचा तैयार करने की दिशा में बढ़ाया कदम

छत्तीसगढ़ में सभी नागरिकों को विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों जैसे व्यक्तिगत मामलों में एक समान व न्यायसंगत अधिकार देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाये जाने का सुझाव दिया। प्रस्तावित समान नागरिक संहिता के मुख्य आयाम में सर्व समावेशी समानता को शामिल किया गया है। धर्म या समुदाय से परे हटकर सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक और उत्तराधिकार जैसे मामलों में एक समान विधिक ढाँचा तैयार करना के दिशा में कदम बढ़ाया गया है। इसमें उत्तराधिकार और वैवाहिक अधिकारों में महिलाओं को बराबरी का अधिकार देना और असमानता पैदा करने वाले नियमों को समाप्त करना शामिल है। वर्तमान में लागू विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों की जटिलताओं और भ्रम को दूर कर एक स्पष्ट और सुव्यवस्थित संहिता का निर्माण करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाया जा रहा है।

समान नागरिक संहिता के लिए विभिन्न आयोग, निगम, मंडल के पदाधिकारियों, विभिन्न समाज के प्रमुखो, पदाधिकारियों, प्रबुद्धजनों और जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए।

बैठक में सुझाव देने वालों में उपाध्यक्ष मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण प्रणव कुमार मरपच्ची, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष ललित माखीजा, क्रिश्चियन समाज के जान राजेश पॉल, अध्यक्ष मुस्लिम समाज सलाम रिजवी, अध्यक्ष गुरुद्वारा कमेटी इंद्रजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण ललित चंद्राकर, राज्य नीति आयोग के अध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा शामिलथे स इसी प्रकार राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू और सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया तथा दीपिका सोरी, अध्यक्ष गौ सेवा आयोग विशेषर पटेल, अध्यक्ष राज्य अल्पसंख्यक आयोग अमरजीत छाबड़ा, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी, मछुआ कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष लखन लाल धीवर, जैतू साव मठ के महंत श्री राम सुंदर दास, अग्रवाल समाज, माहेश्वरी समाज सहित कई सामाजिक संगठनों ने इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

जनजातीय परंपराओं का संरक्षण

राज्य की विशिष्ट जनजातीय और रूढ़िगत परंपराओं पर प्रस्तावित सुधारों के व्यावहारिक प्रभावों का संवेदनशीलता से आकलन किया जाएगा। प्रदेशव्यापी जन-संवाद से समावेशी प्रारूप की तैयारी के लिए गठित यह समिति राज्य के सभी जिलों में फील्ड स्टडी, ऑनलाइन पोर्टल और जन-संवाद के माध्यम से आम नागरिकों, सामाजिक- धार्मिक संगठनों और कानूनविदों की राय जुटा रही है। न्यू सर्किट हाउस में आयोजित इस विस्तृत परिचर्चा से राज्य में एक पारदर्शी, सर्वसमावेशी और जन-हितैषी समान नागरिक संहिता तैयार करने की प्रक्रिया को और मजबूती मिली है।

क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी पर 31 को होगा रोड शो

■ **छत्तीसगढ़ में महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी को मिलेगा नया विस्तार**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में खनिज क्षेत्र में निवेश, अन्वेषण और महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों के विकास को बढ़ावा देने की दिशा में 31 अगस्त को नवा रायपुर स्थित मेफेयर लेक रिजॉर्ट में क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी की 8वीं किश्त को लेकर रोड शो आयोजित किया जाएगा। भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं सतीश चंद्र दुबे सहित केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, खनन क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ और उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे।

केंद्र सरकार द्वारा क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल्स की 8वीं किश्त में 20 खनिज ब्लॉक्स को नीलामी के लिए शामिल किया गया है। इनमें 3 माइनिंग लीज और 17 कंपोजिट लाइसेंस ब्लॉक्स हैं। इन ब्लॉक्स में ग्रेफाइट, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, रेयर मेटल्स, वैनेडियम, गैलियम, टाइटेनियम, मोलिब्डेनम, टंगस्टन सहित अन्य महत्वपूर्ण खनिज शामिल हैं। इन खनिजों की उपलब्धता बढ़ाना देश की खनिज सुरक्षा और रणनीतिक जरूरतों की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10:30 बजे पंजीयन एवं चाय के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। दोपहर 12 बजे मुख्य अतिथि के आगमन एवं दीप प्रज्ज्वलन के बाद वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान होगा। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ शासन के खनिज संसाधन विभाग के सचिव स्वागत उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम में खान मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव तथा सीएमडीसी के अध्यक्ष भी संबोधित करेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं कोयला और खान मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे के संबोधन के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

टिन पोर्टल और ई-रेत सांगवारी पोर्टल का होगा शुभारंभ

रोड शो के दौरान संचालक, भूविज्ञान एवं खनन विभाग द्वारा खनिज क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। इस अवसर पर टिन पोर्टल एवं ई-रेत सांगवारी पोर्टल का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही कंज्यूमर कटिंग-पॉलिशिंग के प्रशिक्षण के लिए पीटीआरएसयू के साथ एमओयू का आदान-प्रदान होगा। कार्यक्रम में माइनर मिनरल्स पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन तथा तीन लाइमस्टोन माइनिंग लीज ब्लॉक्स के लिए एनआईटी जारी करने की प्रक्रिया भी प्रस्तावित है।

1 सितंबर को नीलाम खनिज ब्लॉक्स के संचालन की होगी समीक्षा

रोड शो के अगले दिन 1 सितंबर 2026 को मेफेयर लेक रिजॉर्ट, नवा रायपुर में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नीलाम किए गए प्रमुख खनिज ब्लॉक्स के ऑपरेशनलाइजेशन और उनके संचालन की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे से माइन विजिट प्रस्तावित है।रोड शो और समीक्षा बैठक के माध्यम से महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों के अन्वेषण, नीलामी और खनन को गति देने के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार, उद्योग जगत और अन्य हितधारकों के बीच समन्वय को मजबूत किया जाएगा।

तकनीकी सत्र में नीलामी प्रक्रिया और खनिज ब्लॉक्स पर होगी चर्चा

दोपहर 2 बजे से तकनीकी सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें एमईसीएल द्वारा ट्रेंच के तहत नीलामी के लिए रखे गए खनिज ब्लॉक्स पर प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। एसबीआई कैप्स द्वारा मिनरल ऑक्शन प्रोसेस एवं टेंडर डॉक्यूमेंट तथा एमएसटीसी द्वारा मिनरल ई-ऑक्शन प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।इसके अलावा कंपोजिट लाइसेंस धारकों के लिए अन्वेषण व्यय की आंशिक प्रतिपूर्ति से संबंधित एनएमईडीटी योजना पर भी प्रस्तुतीकरण होगा।

यूसीसी राज्य के आदिवासियों के खिलाफः दीपक बैज

भाजपा, आरएसएस आदिवासियों के खिलाफ षड़यंत्र कर रहे

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार में यूसीसी लागू करने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यूसीसी राज्य के 32 प्रतिशत आबादी आदिवासियों के हितों के खिलाफ है। राज्य में आदिवासियों को विशेष संवैधानिक संरक्षण मिला है। प्रदेश में पेसा कानून लगा है। पांचवी अनुसूची भी है। आदिवासियों के लिए राजस्व संहिता में विशेष प्रावधान है। विशेष संरक्षित जनजातियां भी हैं। यदि यूसीसी लागू हो गया तो इन अधिकारों का क्या होगा? सरकार स्पष्ट करे कि यूसीसी से आदिवासियों को नुकसान होगा कि नहीं। छत्तीसगढ़ में यूसीसी की जरूरत क्यों है, भाजपा बताए?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार अपने राजनैतिक एजेंडे को लागू करने जबरिया आदिवासियों पर यूसीसी थोप रही है, जिससे प्रदेश का आदिवासी समाज चिंतित है। राज्य में यूसीसी लागू होने पर आदिवासियों के हितों और अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सरकार स्पष्ट रूप से घोषणा करे कि यूसीसी से आदिवासी समाज को बाहर रखा जायेगा।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बैज ने कहा कि प्रदेश का मुखिया एक आदिवासी है उसके बाद राज्य के बहुसंख्यक आदिवासियों के हितों के खिलाफ सरकार निर्णय ले रही है। मुख्यमंत्री और सरकार ये बताये कि- क्या यूसीसी लागू होने के बाद प्रदेश में पेसा कानून का अस्तित्व यथावत रहेगा। पांचवी अनुसूची की पंचायतों के अधिकारों में कोई छेड़छाड़ नहीं होगी। राज्य की संरक्षित जनजातियां बैगा, कमार, पहाड़ी, कोरवा, बिरहोर, अबुझमाड़िया, भुंजिया, पांडा को संविधान में विशेष संरक्षण मिला है क्या यूसीसी लागू होने पर इनके अधिकार सुरक्षित रहेंगे। भू-राजस्व संहिता में आदिवासियों के जमीनों के मालिकाना हक संबंधी नियम में छेड़छाड़ नहीं होगी। आदिवासियों की जमीनों पर उनके सामुदायिक अधिकारों का हनन नहीं किया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बैज ने कहा कि जब से बस्तर में नक्सलवाद खत्म होने की घोषणा हुई है उसके बाद से ही भाजपा के समर्थित उद्योगपति बस्तर में आदिवासियों की जमीन पर नजरें गड़ाए हुए हैं। बस्तर में भाजपा के समर्थित उद्योगपतियों की नजर लग चुकी है और वह आदिवासियों की जमीन हड़पना चाहते हैं। यूसीसी लाने की कवायद इसीलिए है। राज्य के आदिवासियों के हितों को दरकिनार करके उद्योगपतियों के हितों को बढ़ावा देने की कोशिश है।

भूपेश के कार्यकाल में आदिवासियों के 32 फीसदी आरक्षण को छीनने का प्रयास हुआ : विकास मरकाम

कांग्रेस आदिवासियों के लिए बैठक करने के बजाय उनसे माफी मांगे

भाजपा ने आदिवासी समाज को वास्तविक सम्मान और नेतृत्व दिया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परम्परा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विकास मरकाम ने कांग्रेस पार्टी और पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि कांग्रेस को आदिवासियों के नाम पर बैठक करने के बजाय विगत 5 वर्षों में उनके साथ हुए शोषण और अन्याय के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। श्री मरकाम गुरुवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परम्परा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री मरकाम ने कहा कि कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के कार्यकाल में आदिवासियों के 32 फीसदी आरक्षण को छीनने का प्रयास किया गया। कांग्रेस से जुड़े के.पी. खाण्डे ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई और सरकार की कमजोर पैरवी के चलते आरक्षण रद्द हुआ। इसके बाद भूपेश सरकार ने खाण्डे को अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष बनाकर पुरस्कृत किया! बाद में भाजपा नेता श्रीमती विद्या सिदार एवं सामाजिक कार्यकर्ता योगेश ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में लड़ाई लड़कर आदिवासियों के आरक्षण की रक्षा की। श्री मरकाम ने यह भी बताया कि डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने बस्तर, सरगुजा सहित पाँचवीं अनुसूची क्षेत्रों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर स्थानीय युवाओं को शत-प्रतिशत भर्ती का अधिकार दिया था।

कांग्रेस की सरकार ने सत्ता में आते ही इस अधिकार को समाप्त कर आदिवासी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। 'हरा सोने' की उपेक्षा और योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाते हुए श्री मरकाम ने कहा कि तेंदूपत्ता को आदिवासियों का 'हरा सोना' माना जाता है और कांग्रेस शासन में तेंदूपत्ता की खरीदी मात्र 1-2 दिन ही की जाती थी। 5 वर्षों तक संग्राहकों को मिलने वाली बोनस राशि रोक दी गई। आदिवासियों के लिए संचालित चरण पादुका योजना को पूरी तरह बंद कर दिया गया। वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार अब संग्राहकों से 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा की दर से जब तक पत्ता उपलब्ध है, तब तक खरीदी कर रही है, जिससे आदिवासियों की आय में व्यापक बढ़ोतरी हुई है।

सत्ता पाने की लालसा में कांग्रेस देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहीः भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी और अन्य शीर्ष कांग्रेसी नेताओं पर तीखा और सीधा हमला बोला है। डॉ. मिश्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस केवल सत्ता हासिल करने की लालसा में इस कदर अंधी हो चुकी है कि वह इसके लिए किसी भी निम्न और गंदे स्तर पर जाने को तैयार है। इसी सत्ता लोलुपता के कारण राहुल गांधी और उनकी पार्टी देश के किशोरों तथा नवयुवकों के अनमोल भविष्य को दाँव पर लगाने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस लगातार देश के युवाओं के बीच असंतोष फैलाने, उन्हें उकसाकर अराजकता फैलाने और पूरे राष्ट्र के माहौल को विषाक्त बनाने का षड्यंत्र रच रही है। जिस उम्र में किशोरों और युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, चरित्र निर्माण, सामाजिक अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए, उस संवेदनशील उम्र में कांग्रेस उनके मनो मस्तिष्क में विष घोलने का काम कर रही है। देश के युवाओं को सही मार्गदर्शन, राष्ट्रभक्ति के विचार और उज्ज्वल भविष्य का मार्ग दिखाने के बजाय, कांग्रेस उन्हें मुख्यधारा की पढ़ाई-लिखाई से भटकाकर अपनी संकीर्ण और गंदी राजनीति की भट्टी में झोंक रही है।

दिव्यांग बच्चों ने राज्यपाल डेका को बांधा रक्षा सूत्र

रायपुर/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर कोपल वाणी के श्रवण बाधित दिव्यांग बच्चों तथा मिनी मार्वेल्स स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आज लोक भवन पहुंचकर राज्यपाल श्री रमेन डेका को अपने हाथों से बनाई गई राखियां बांधीं। बच्चों ने रक्षा सूत्र बांधकर राज्यपाल के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की और उन्हें अपने हाथों से तैयार की गई राखियों की विशेषता भी बताई। इसके बाद बच्चों ने राज्यपाल का मुंह मीठा कराया।

मासूम हाथों से बनाई गई राखियां जब राज्यपाल श्री डेका की कलाई पर सजीं तो रक्षाबंधन का यह अवसर आत्मीयता और भावनाओं से भर उठा। राज्यपाल ने बच्चों के स्नेह को सहर्ष स्वीकार करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया तथा उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।लोक भवन पहुंचकर बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। विशेष रूप से कोपल वाणी के दिव्यांग बच्चों के लिए यह अवसर सम्मान, आत्मविश्वास और गौरव से भरा रहा। अपने हाथों से राखियां तैयार कर उन्हें राज्यपाल की कलाई पर बांधना बच्चों की रचनात्मकता, कौशल और आत्मनिर्भरता का सुंदर उदाहरण रहा। इस अवसर ने यह संदेश भी दिया कि दिव्यांग बच्चे समाज की मुख्यधारा का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें समान अवसर एवं प्रोत्साहन मिलना चाहिए। राज्यपाल श्री डेका ने बच्चों की प्रतिभा और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि रक्षाबंधन प्रेम, स्नेह और पारस्परिक विश्वास का पर्व है। बच्चों का यह आत्मीय स्नेह मन को छू लेने वाला है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि समाज को दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।

रक्षाबंधन पर विधान सभा अध्यक्ष ने दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन के अवसर पर अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अपने संदेश में डॉ. रमन ने कहा कि-भारतीय सामाजिक व्यवस्था आज सम्पूर्ण विश्व के लिए एक प्रेरणा है। हमारी सामाजिक व्यवस्था में भाई-बहन का रिश्ता एक ऐसा पवित्र रिश्ता है जिसकी दूसरी कोई मिसाल नहीं है। रक्षाबंधन का पर्व विशेष रूप से भावनाओं और संवेदनाओं का पर्व है। रक्षा बंधन भाई-बहन के स्नेह, श्रद्धा एवं विश्वास रूपी धागे से बंधा है, इसलिए इसे अपनत्व और प्यार के बंधन से रिश्तों को मजबूत करने का पर्व कहा जाता है। उन्होंने कहा कि-रक्षाबंधन सनातन संस्कृति का एक ऐसा श्रेष्ठ उदाहरण है, जो कि सम्पूर्ण विश्व में भारतीय सामाजिक व्यवस्था को एक पृथक पहचान देता है।

सुविचार

जीतने का मज़ा तब ही आता है साहेब, जब पूरी दुनिया आपके हारने का इंतज़ार कर रही हो - अज्ञात

महिला वोटरों को साधने की कोशिश

उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा और समाजवादी पार्टी के अलावा कांग्रेस ने भी उत्तरप्रदेश की महिला वोटरों को रिझाने की कोशिश शुरू कर दी है। तीनों ही राजनीतिक पार्टियां खुद को महिला हितों की सबसे बड़ी संरक्षक के रूप में पेश कर रही हैं। रक्षाबंधन के पूर्व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राखी के दिन सभी महिलाओं के लिए बस यात्रा फ्री करने की घोषणा करने के साथ ही साठ साल से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए बस यात्रा पूरी तरह निःशुल्क करने का भी ऐलान कर दिया। उन्होंने बाकायदा महिलाओं के साथ चर्चा भी की और कहा कि उनकी सरकार की सारी योजनाएं बेटी को ही केन्द्र में रखकर बनाई जा रही हैं। इसके पूर्व योगी सरकार ने यूपी की आधी आबादी महिलाओं के हित में और भी कई कदम उठाये हैं और अब उसने महिलाओं को हर माह दी जाने वाली एक हजार रूपये की राशि को बढ़ाकर सालाना पचास हजार करने की घोषणा की है। वहीं दूसरी ओर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी अपनी पार्टी की महिला सांसदों और कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की और ऐलान किया की यदि समाजवादी पार्टी सत्ता में आई तो वह सही मायनों में आधी आबादी को पूरी आबादी दिलाएगी। सपा ने पहले ही महिलाओं को 40 हजार रूपये सालाना देने की घोषणा कर दी थी। जबकि जब सपा सत्ता में थी तो महिलाओं को सिर्फ पांच सौ रूपये महिना मिलता था और उसमें भी धांधली की जाती थी। कांग्रेस पार्टी भी महिलाओं को साधने की कवायद में लगी हुई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पुणे में छात्राओं से चर्चा की थी और छात्राओं व मलिाओं के शोषण पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। कुल मिलाकर उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनावों में आधी आबादी का समर्थन प्राप्त करके अपनी सरकार बनाने के लिए तीनों ही राजनीतिक पार्टियां महिलाओं को अपने पक्ष में करने का कोइ भी मौका नहीं छोड़ रही हैं। रही बात भाजपा की तो उत्तरप्रदेश में हुए पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में यूपी की अधिकांश महिलाओं का समर्थन भाजपा को ही मिलता रहा है। अभी भी भाजपा वहां सत्ता में है और चुनाव अचार सहिंता लगने से पहले वह महिलाओं के लिए और भी कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा कर सकती है। ऐसी स्थिति में इस बार भी उत्तरप्रदेश की आधी आबादी लगभग छह करोड़ महिलाओं में से अधिकांश का समर्थन भाजपा और उसके सहयोगी दलों को प्राप्त हो तो कोई हैरत नहीं होगी। देखना होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तरप्रदेश की महिलाओं का समर्थन किस राजनीतिक पार्टी को ज्यादा प्राप्त होता है।

धर्म व नैतिकता का संदेश देता रक्षाबंधन

विजय मिश्रा

श्रावण माह पर्वों का भी माह है। इस माह में अनेक पर्व आते हैं, जो की भारतीय संस्कृति की प्राचीन मूल्यों का संरक्षण- संवर्धन करते हैं। श्रावण माह की पूर्णिमा को हिंदुओं का महापर्व रक्षाबंधन मनाया जाता है।भाई-बहन के बीच निस्वार्थ प्रेम और विश्वास का अहसास इस पर्व में सुवासित है। वृहद अर्थों में देखें तो रक्षा बंधन केवल भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक मात्र नहीं है। इसमें परस्पर संरक्षण, जनकल्याण, उत्तरदायित्व,धर्म और नैतिकता का संदेश समाहित है। मानवीय मूल्यों के महत्व को बनाए रखने प्रेरित करता है। रक्षाबंधन संदेश देता है कि मानवीय रिश्तों- बंधनों को बनाना उतना ही आसान होता है जितना कि कागज, मिट्टी, रेत पर रक्षाबंधन लिखना किंतु बने हुए रिश्ते- बंधनों की मान मर्यादा को बनाए रखना उतना ही कठिन होता है जितना कि पानी पर पानी लिखना। दरअसल मानवीय रिश्ता अत्यंत संवेदनशीलता, सद्भावना और पवित्र प्रेम विश्वास की मांग करता है। इस दृष्टि से कह सकते हैं कि रक्षाबंधन महज एक धागे का पर्व नहीं है, अपितु भारतीय सांस्कृतिक सुदृढ़ता का जीता जागता साक्ष्य है। इस अनमोल साक्ष्य में भी छेड़छाड़ करने की कोशिश आधुनिकता की चकाचौंध से सराबोर समाज ने की है।इसके असल स्वरुप ,मूल आत्मा को प्रभावित- परिवर्तित करने के उदाहरण भी मिलते हैं, पर आज भी अपने अक्षुण्ण मूल्यों के साथ इस की प्रासंगिकता बरकरार है। पुरातन संस्कृति का संरक्षक बना हुआ है।यह पर्व सभी धर्मों में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को अटूट बनाए रखने की महत्ता- आवश्यकता को व्यक्त करता है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि बदलते हुए वक्त-विचार के साथ ही इस पर्व को मनाने के तौर-तरीकों में मार्डन टेक्नोलॉजी, नवाचार - व्यावहारिक बदलाव आ गया है। नई पीढ़ी में डिजिटल राखी का चलन बढ़ गया है। आज के वैश्विक युग में सात समंदर पार बैठे भाई -बहिनों की दूरी को 'ई-राखी', वीडियो कॉल ने मिटा दिया है। कोरियर की सुविधा को पछाड़ते हुए सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भाई- बहिनों की भावनाएं पलक झपकते एक दूसरे तक पहुँच जाती हैं। रक्षाबंधन का मान बढ़ाते हुए बहनों को भाईयों की ओर से देय उपहारों का भी स्वरूप बदल गया है। मिठाई डिब्बों और नकद रुपयों की जगह डिजिटल गिफ्ट, गैजेट्स ने ले लिया है।बहनों के सुरक्षित भविष्य हेतु फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट का चलन भी बढ़ गया है। उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन के बदलते स्वरूप में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक सराहनीय पहल भी हुई है। पर्वों और पर्यावरण की बिगड़ती दशा -दिशा को लेकर चिंतित प्रबुद्ध नव पीढ़ी ने नवाचार किया है। प्लास्टिक और रसायनों से बनी राखियों की जगह फल फूल के बीजों से, सूती धागों से निर्मित इको-फ्रेंडली राखियों के प्रचलन को बढ़ावा दिया है। आधुनिक युग में इस त्योहार का सबसे खूबसूरत पहलु उजागर हो रहा है कि बहनें सक्षम सशक्त हो रही हैं। आत्मनिर्भता की सीढ़ी चढ़ती बहनों ने सुरक्षा की बैशाखी के बजाय स्वसुरक्षा का पाठ कंठस्थ कर लिया है। इसलिए यह पर्व 'रक्षा के संकल्प से निकलकर आपसी सम्मान और सह-अस्तित्व' का प्रतीक बनकर उभर रहा है। अब तो बहनें केवल भाईयों को ही नहीं अपने हरेक रक्षकों को रक्षाबंधन बांधने लगी हैं। वे अपनी मां,बहन सहित सैनिकों पुलिसकर्मियों, पेड़ पौधों को भी रक्षासूत्र बांधने में आगे हैं। इसीलिए आज के तनावपूर्ण -एकाकी जीवन में इस पर्व का महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया है। अपने जड़ों से जोड़ने, पारिवारिक बिखराव को रोकने, सर्व धर्म को एक सूत्र में पिरोने के दृष्टि से इस पर्व की उपादेयता बनी रहेगी।

उपहारों में नहीं, रिश्तों के अनमोल विश्वास में है राखी का मोल

योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

रक्षाबंधन पर्व रक्षा के तात्पर्य से बांधने वाला एक ऐसा सूत्र है, जिसमें बहनें अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर जीवन के हर संघर्ष तथा मोर्चे पर उनके सफल होने तथा निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की ईश्वर से प्रार्थना करती हैं तथा उनके सुखद जीवन के लिए मंगलकामना करती हैं। भाई इस कच्चे धागे के बदले अपनी बहनों की हर प्रकार की विपत्ति से रक्षा करने का वचन देते हैं और उनके शील एवं मर्यादा की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। वास्तव में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन स्नेह, सौहार्द एवं सद्भावना का एक ऐसा पर्व है, जो उन्हें अटूट एकता के सूत्र में बांध देता है।

रक्षाबंधन मनाए जाने के संबंध में अनेक पौराणिक एवं ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि जब देवराज इन्द्र बार-बार राक्षसों से परास्त होते रहे और हर बार राक्षसों के हाथों देवताओं की हार से निराश हो गए तो इन्द्राणी ने बहुत कठिन तपस्या की और अपने तपोबल से एक रक्षासूत्र तैयार किया। यह रक्षासूत्र इन्द्राणी ने देवराज इन्द्र की कलाई पर बांध दिया। तपोबल से युक्त इस रक्षासूत्र के प्रभाव से देवराज इन्द्र राक्षसों को परास्त करने में सफल हुए। तभी से रक्षाबंधन पर्व की शुरूआत हुई। एक उल्लेख यह भी मिलता है कि जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया था, तब उन्होंने एक ब्राह्मण वेश धारण कर अपनी दानशील प्रवृत्ति के लिए तीनों लोकों में प्रसिद्ध राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी और बलि द्वारा उनकी मांग स्वीकार कर लिए जाने पर भगवान वामन ने अपने पग से सम्पूर्ण पृथ्वी को नापते हुए बलि को पाताल लोक भेज दिया। कहा जाता है कि उसी की याद में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।

रक्षाबंधन पर्व से कई ऐतिहासिक प्रसंग भी जुड़े हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से इस पर्व की शुरूआत मध्यकालीन युग से मानी जाती है। भारतीय इतिहास ऐसे प्रसंगों से भरा पड़ा है, जब राजपूत योद्धा अपनी जान की बाजी लगाकर युद्ध के मैदान में जाते थे तो उनके देश की बेटियां उन वीर सैनिकों की आरती उतारकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा करती थी तथा वीर रस के गीत गाकर उनकी हौंसला अफ्जाई करते हुए उनसे राष्ट्र की रक्षा का प्रण भी कराती थी। कहा जाता है कि उस जमाने में अधिकांश मुस्लिम शासक हिन्दू युवतियों का बलपूर्वक अपहरण करके उन्हें अपने हरम की शोभा बनाने का प्रयास किया करते थे और ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए राजपूत कन्याओं ने बलशाली राजाओं को राखियां भेजकर उनके साथ भ्रातृत्व संबंध स्थापित कर अपने शील की रक्षा करनी आरंभ कर दी थी। उसी परम्परा ने बाद में रक्षाबंधन पर्व का रूप ले लिया।

चितौड़ की महारानी कर्मावती का प्रसंग तो इस संबंध में विशेष रूप से उल्लेखनीय है। जब गुजरात के शासक बहादुरशाह ने चितौड़ पर आक्रमण कर दिया तो चितौड़ की महारानी कर्मावती घबरा गई। उन्हें चितौड़ के साथ-साथ स्वयं की तथा चितौड़ की अन्य राजपूत बालाओं की सुरक्षा का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। कोई उपाय न सूझने पर रानी कर्मावती ने बादशाह हुमायूं को राखी के धागे में रक्षा का पैगाम भेजा और हुमायूं को अपना भाई मानते हुए उनसे अपनी सुरक्षा की प्रार्थना की। बादशाह हुमायूं महारानी कर्मावती का यह रक्षासूत्र और संदेश पाकर भाव विभोर हो गए और अपनी इस अनदेखी बहन के प्रति अपना कर्त्तव्य निभाने तुरन्त अपनी विशाल सेना लेकर चितौड़ की ओर रवाना हो गए लेकिन जब तक वह चितौड़ पहुंचे, तब तक महारानी कर्मावती और चितौड़ की हजारों वीरांगनाएं अपने शील की रक्षा हेतु अपने शरीर की अग्नि में आहूति दे चुकी थी। उसके बाद हुमायूं ने महारानी कर्मावती की चिता की राख से अपने माथे पर तिलक लगाकर बहन के प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करने के लिए जो कुछ किया, वह इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया तथा इसी के साथ रक्षाबंधन पर्व के इतिहास में एक अविस्मरणीय अध्याय भी जुड़ गया। इस ऐतिहासिक घटना के बाद ही यह परम्परा बनी कि कोई भी महिला या युवती जब किसी व्यक्ति को राखी बांधती है तो वह व्यक्ति उसका भाई माना जाता है।

समय के साथ-साथ रक्षाबंधन पर्व के स्वरूप और मूल उद्देश्य में बहुत बदलाव आया है। तेजी से आधुनिकता की ओर अग्रसर आज के इस भागदौड़ भरे और स्वार्थपरक जमाने में जहां बहनों के लिए अब राखी का अर्थ भाई से महंगे उपहार तथा नकदी इत्यादि पाना हो गया है, वहीं भाई भी अपनी निजी जिन्दगी की व्यस्तताओं के चलते बहनों के प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वहन सही ढ़ंग से नहीं कर पाते। ऐसे में यह पवित्र पर्व अब रुपये-पैसे तथा साड़ी, आभूषण व अन्य कीमती उपहारों इत्यादि के लेन-देन का पर्व बनता जा रहा है और भाई-बहन के बीच राखी का मोलभाव होने की वजह से धीरे-धीरे इस पर्व की मूल भावनाएं सिकुड़ रही हैं। कच्चे धागों की जगह रेशम के धागों ने ले ली और अब इन धागों की अहमियत कम होती जा रही है। रक्षाबंधन महज कलाई पर एक धागा बांधने की रस्म नहीं है बल्कि यह भाई-बहन के अटूट स्नेह, पवित्रता और सद्भावना का पर्व है। यह पर्व रिश्तों की पवित्रता और वचनबद्धता का प्रतीक है। इसलिए रक्षाबंधन पर्व को चंद रुपयों या कीमती उपहारों से तोलकर देखना इस पर्व के अंतस में विद्यमान पवित्र भावना का अपमान है।

रक्षा बंधन भाई-बहन के स्नेह-प्यार का अनूठा पर्व

मुकेष ऋषि

रक्षा बंधन एक राष्ट्रीय पर्व है। यह पर्व सभी घरों में मनाया जाता है; लेकिन आज के समय में इन पर्वों, त्योहारों के स्वरूपों में कुछ कमियाँ देखने को मिल रही हैं। यद्यपि होना नहीं चाहिए। होना क्या चाहिए? होता क्या है होता ऐसा है कि इस पुनीत पर्व के षुभ अवसर पर बहिन भाई को राखी बॉधने के प्यार में इतना डूब जाती है कि बहुमूल्य राखियॉ खरीद करके धन की बर्बादी कर डालती है। कितनी बहनें तो भाइयों से धन ऐंठने का अच्छा अवसर समझती हैं। वे ऐसा करती हैं कि बहुत संख्या में राखियॉ खरीद लेती हैं और घर से लेकर आस-पड़ोस के सभी भाइयों को राखियॉ बॉधकर रूपए ऐंठ लेती हैं। बेचारे भाई भी रूपए देने से इनकार नहीं कर पाते हैं। प्रमुखतः राखी बॉधना और बंधवाना न कोई खेल है और न खिलौना। जिस किसी भाई का बहन नहीं है, तो वह बेचारा बॅधवाने से वंचित हो जाता है और मन ही मन भारी अफ्सोस करता है। ष! मेरी भी बहिन होती, तो हमारी कलाई पर प्यार से राखी बॉधती, तो आज का दिन उसके जीवन में कितना सुनहला पैगाम देता। उसका मन औरों की तरह प्रफुल्लित होता।

ठीक उसी तरह किसी बहन का भाई नहीं हो, तो वह भी उस दिन मन-ही-मन सोचती होगी, काष! प्यारा भाई होता, तो प्यार भरी मीठी-मीठी बातें सुनाकर उसकी कलाई पर राखी बॉधती और उसका अंर्तमन चमन की बहारों की भॉति खिलखिला उठता। आज के समय में जिसे हम राखी कहते हैं, उसका सही नाम रक्षाबंधन है। रक्षा बंधन क्या है? किसकी रक्षा का बंधन? बंधन तो एक अनुबंध है? नियम है, एक विषेष घेरा है, व्रत है, अनुषासन है। वह बंधन मात्र एक धागे के रूप में होता है। उसी सूत को बहिन भाई की कलाई पर बॉधते समय अपने प्यार, स्नेह एवं हार्दिक पवित्र भावनाओं को इस कदर जोड़ती है कि वही धागा, वही बंधन उसके जीवन की रक्षा हेतु कवच का काम करने लगता है। कवच के बारे में जानते है? लड़ाई के मैदान में षूरवीर उसे धारण करते हैं, तब लड़ाई लड़ते हैं। वह उन्हें पग-पग पर अस्त्रों-षस्त्रों से तन में जख्म लगने से सुरक्षा प्रदान करता है। कितनी महत्वपूर्ण षक्तियों का जखीरा उस बंधन में छुपा रहता है। यह हमें कुछ-न-कुछ अनुषासन सिखाता है। अनुषासन का अर्थ होता है- अनुषासन यानि षासन के पीछे चलना। नियमों, आदर्षों की रूपरेखा के अनुसार चलना। अनादि काल से प्रकृति के सभी घटक एक निष्चित नियम का पालन करते आ रहे हैं, तभी तो सृष्टि का संतुलन बना हुआ है। बहन भाई के लिए कितना ममत्व रखती है। वह हर वक्त यही षुभकामनाएं करती हैं कि मेरे भाई का जीवन किस तरह सुखी, समुन्नत और मूल्यवान् बने। यही बोध कराने के लिए वह उसकी कलाई पर राखी बॉधती है। हमें भी बहिन द्वारा किए गए उपकारों और बताए गए उसके संदेष को जीवन में उतारना चाहिए। उन नियमों और आदर्षों से भरे पथ पर व्रतषील बनकर चलने का सदा प्रयास करना चाहिए। प्रेरणाप्रद पर्व कहॉ से उत्पन्न हुए? इस परंपरा की षुरूआत कैसे हुई? इस संबंध में वेदों, षास्त्रों में वर्णन मिलता है। रक्षाबंधन गुरू और षिष्य के अनुषासन का पर्व है। गुरू अपने षिष्य की कलाई पर मंत्रोच्चाण करते हुए विधि-विधानपूर्वक रक्षा सूत्र बॉधते थे, जो सूत्र कठोर नियमों और आदर्षों से परिपूर्ण होता था। उसे अपनाकर षिष्य जीवन की सुरक्षा स्वयं करते थे। यह रक्षा सूत्र कठोर नियमों का, आदर्षों का प्रतीक है। इसे संकल्पपूर्वक धारण किया जाता है, तो निम्न-स्तरीय जीवन का उत्थान हो जाता है। गुरू षिष्य को व्रत-बंधन के द्वारा उन आदर्षों और सिद्धांतों के बीज को अंतःकरण में वोकर उसके निकृष्ट जीवन को उत्कृष्ट बनाता है। श्रावण मास में ही प्रकृति का स्वरूप सुंदर, आकर्षक और हरा भरा हो जाता है, जो कि ज्येष्ठ-वैषाख की चिलचिलाती धूप में सूखा-मुरझाया और जला हुआ सा रहता है। मेढ़क भी महीनों तक जमीन के अंदर रहते हैं, लेकिन जब सतरंगी रैनबो नभमंडल पर छा जाता है और मूसलाधार वृष्टि होती है, तो वह बाहर निकलकर टर्र-टर्र की आवाज से वातावरण को गुंजायमान कर देता है। इसी समय मयूर भी नभ में छाए काले बादलों को देखकर हर्षोल्लास के साथ नृत्य करने में भाव-विभोर एवं मदमस्त हो जाता है। कितना सुहावना है यह मौसम जिसका यह श्रावणी पर्व, रक्षा बंधन सबके समक्ष पधार कर प्रकृति के घटकों से प्रेरणा लेने के लिए उत्प्रेरित करता है। षिष्य के प्रति गुरू का, भाई के प्रति बहिन का ठीक इन्हीं घटकें की तरह स्नेह, श्रद्धा और प्यार सलग्न रहता है। यह व्रत बंधन जीवनी षक्ति और संजीवनी वुटी के समान है। लक्ष्मण जी जब मूर्च्छित हुए थे, तो उन्हें होष में लाने के लिए संजीवनी बुटी का प्रयोग ही सफल रहा, जिसे हनुमान जी के कठिन प्रयास से लाया गया था। उसी प्रकार सफल षिष्य जब निकृष्ट जीवन जीता रहता है, किसी बहन का भाई अंधकारों में भटकता रहता है, तो षिष्य के लिए गुरू का मार्गदर्षन संकल्पित आदर्षों के माध्यम से तथा भाई के लिए बहन का भावानात्मक प्यार का स्त्रोत ही उसके अस्तित्व, जीवन में हरियाली लाने में मदद करता है। पुराणों में और भी एक कथा आती है। प्राचीन समय में बलि नाम का एक राजा था। वह बहुत ही दानी थी, जो उसके पास जाता, कभी खाली हाथ नहीं लौटता था। एक समय की बात है कि उसकी परीक्षा लेने के लिए भगवान् विष्णु उसके यहॉ वामन अवतार लेकर पहुॅचे। राजा बलि को अपने कर्म की ख्याति से थोड़ा अहं भी हो चुका था। भगवान् ने राजा बलि से मात्र तीन कदम जमीन की मॉग की। राजा वचन दे चुके थे, अंततः भगवान् तीन कदम में तीनों लोक और उसके तन को भी माप लिए और राजा बलि को अपने बंधन में बॉध लिए। उनकी पत्नी ने राजा बलि की ऐसी विचित्र स्थिति देखी। वह भगवान् विष्णु को अपना भाई मानती थी। उसने अपने पति को उस बंधन से मुक्त कराने के लिए भगवान् विष्णु की कलाई पर राखी बॉधी। भगवान् विष्णु खुष होकर राजा बलि को अपने बंधन से स्वतंत्र कर दिए। इस कहानी से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए कि बहन का प्यार अनोखा प्यार होता है जो कि असंभव कार्यों को पूर्ण करने में सहयोगी सिद्ध होता है। उसी समय से सभी बहनों द्वारा भाई की कलाई पर राखी बॉधने का प्रचलन षुरू हुआ, जो कि आज तक अनवरत रूप से चला आ रहा है। हम इस पर्व का महत्व समझे और बहिनों की राखी का मान रखते हुए उनकी प्रगति, सुरक्षा, सुख व समृद्धि के लिए कुछ करें, तो पर्व मनाना, पर्व के नियम का पालन करना कुछ सार्थक हो। आज आवष्यक है इस बात की कि इस पर्व से प्रेरणा लेकर नारी समाज के लिए कुछ ठोस कदम उठाने के लिए आओं, हम सभी भाई संकल्प लें। वेद षास्त्रों के अनुसार रक्षिका को आज के आधुनिक समय में राखी के नाम से जाना जाता है। रक्षासूत्र को सामान्य बोलचाल की भाषा में राखी कहा जाता है। इसका अर्थ रक्षा करना, रक्षा हेतु तत्पर रहना या रक्षा करने का वचन देने से है। श्रावण मास की पूर्णिमा का महत्व इस बात से और बढ़ जाता है कि इस पाप पर पुण्य, कुकर्म पर सत्कर्म, कष्टों के उपर सुख, दुर्जनों पर सज्जनों का विजय हासिल करने के प्रयासों का आरंभ हो जाता है। जो व्यक्ति अपने षत्रुओं या प्रतियोगियों को परास्त करना चाहता है, उसे इस दिन वरूण देव की पूजा करनी चाहिए। दक्षिण भारत में इस दिन न केवल हिन्दु वरन मुसलमान, सिक्ख और ईसाई सभी समुद्र तट पर नारियल और पुष्प चढ़ाना षुभ समझते हैं। नारियल को भगवान षिव का रूप माना जाता है। नारियल में तीन आंखें होती है तथा भगवान षिव की भी तीन आंखें हैं। हिन्दु धर्म में प्रत्येक पूजा कार्य में हाथ में कलावा धागा बांधने का विधान है। यह धागा व्यक्ति के उपनयन संस्कार से लेकर उसके अंतिम संस्कार तक सभी संस्कारों में बांधा जाता है। राखी का धागा भावनात्मक एकता का प्रतीक है। स्नेह व विष्वास की यह डोर है। धागे से संपादित होने वाले संस्कारों में उपनयन संस्कार, विवाह और रक्षाबंधन प्रमुख है। पुरातन काल से वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधने की परंपरा है। बरगद के वृक्ष के स्त्रियां धागा लपेटकर रोली, अक्षत, चंदन, धूप और दीप दिखाकर पूजा कर अपने पति के दीर्घायु होन की कामना करती है। आंवले के पेड़ पर धागा लपेटने के पीछे मान्यता है कि इससे उनका परिवार धन-धान्य से परिपूर्ण होगा। वह भाइयों को इतनी षक्ति देता है कि वह अपनी बहन की रक्षा करने में समर्थ हो सके। श्रावण का प्रतीक राखी का यह त्यौहार धीरे-धीरे राजस्थान के अलावा अन्य कई प्रदेषों में भी प्रचलित हुआ और सोन, सोना अथवा सरमन नाम से जाना गया। भारतीय धर्म-संस्कृति के अनुसार रक्षाबंधन का त्योहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर मे बांधता है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा का बंधन बांधती है, जिसे राखी कहते हैं। यह हिंदु व जैन त्योहार है, जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। श्रावण में मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी या सलूनो भी कहते हैं। रक्षाबंधन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्व है। राखी कच्चे सूत जैसे सस्ती वस्तु से लेकर रंगीन कलावे, रेषमी धागे, तथा सोने या चॉदी जैसी मॅहगी वस्तु तक की हो सकती है। रक्षाबंधन भाई बहन के रिष्ते का प्रसिद्ध त्योहार है, रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहनें भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती है। राखी सामान्यतः बहनें, भाई को ही बॉधती हैं। परंतु ब्राह्मणों, गुरूओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित संबंधियों में भी बॉधी जाती है। कभी-कभी सार्वजनिक रूप से किसी नेता या प्रतिष्ठित व्यक्ति को भी राखी बॉधी जाती है। रक्षाबंधन के दिन बाजार में कई सारे उपहार बिकते है, उपहार और नए कपड़े खरीदने के लिए बाजार में लोगों की सुबह से षाम तक भीड़ होती है। घर में मेहमानों का आना जाना रहता है। रक्षाबंधन के दिन भाई अपने बहन को राखी के बदले कुछ उपहार देते हैं।



राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। दिन के आरंभिक भाग में विदेश स्थित रिश्तेदारो अथवा व्यवहारों से शुभ समाचार मिलेंगे। विदेश यात्रा का अवसर भी मिल सकता है।

वृष: आज के दिन आपको दैनिक कार्यो के अतिरिक्त भाग दौड़ करनी पड़ेगा लेकिन इसका कोई सकारात्मक परिणाम नही मिलेगा। यात्रा से सेहत में अकस्मात नरमी आएगी।

मिथुन: आज के दिन पूर्वार्ध में पहले मिली सफलता के कारण निश्चिन्त रहेंगे महत्त्वपूर्ण कार्यो में लापरवाही करेंगे लेकिन मध्यान के बाद ही स्थिति को भाँप कर मेहनत के लिये प्रेरित होंगे।

कर्क: आज का दिन आपको प्रतिकूल फल देगा। आज दिन भर शरीर में स्फूर्ति की कमी रहेगी भावुकता भी अधिक रहने से स्वास्थ्य पर इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। आज आप अधिकांश कार्यो को बे मन से करेंगे जिससे कार्यो में विलम्ब होगा।

सिंह: आज का दिन भी आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्य क्षेत्र पर आज बेहतर काम के लिए सम्मानित होंगे।

कन्या: आज के दिन आपमे धैर्य की कमी रहेगी। किसी भी कार्यो को लेकर पहले लापरवाही करेंगे बाद में उसे जल्दबाजी में करने पर कुछ ना कुछ कमी रह जायेगी।

तुला: आज के दिन आपको बुद्धि विवेक का लाभ मिलेगा आपकी सोच दूरदर्शी रहेगी लेकिन इससे मनिच्छित सफलता नही मिल सकेगी दिन के पहले भाग में घर मे पुरानी बात के कारण मतभेद रहेंगे।

वृश्चिक: आज आप अपने आस-पास कई बदलाव अनुभव करेंगे। कार्य क्षेत्र पर आज आपके मन के अनुसार कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी लेकिन मध्यान के समय आप अपनी आलसी प्रवृति के कारण लाभ के अवसर हाथ से गवां सकते है।

धनु: आज आप धन लाभ की कामना से अधिकांश कार्य करेंगे लाभ होगा भी लेकिन खर्च लगे रहने से हाथ मे रुकेगा नही।

मकर: आज का दिन संभावनाओं पर ज्यादा केंद्रित रहेगा। परिश्रम करने में कमी नही रखेंगे फिर भी सफलता असफलता संपर्क में रहने वालों पर निर्भर रहेगी।

कुंभ: आज के दिन आप अपनी ही धुन में रहेंगे। मन की ज्यादा सुनेंगे और करेंगे भी वैसा ही किसी का कार्यो में दखल देना कुछ ज्यादा ही अखरेगा जरासी बात पर नाराज हो जाएंगे जिससे मुख्य लक्ष्य से भटक सकते है।

मीन: आज के दिन आपमें भावुकता अधिक रहने के कारण छोटी-छोटी बाते दिल पर लेंगे अपने कार्यो को छोड़ अन्य के काम मे टांग अड़ाएंगे।

QUIZ TIME

1) नेपाल कितने भारत के राज्यों के साथ सीमा साझा करता है?

2) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में कुल कितने द्वीपसमूह/चट्टानी क्षेत्र हैं?

3) ईद-मिलाद-उन-नबी त्योहार को किस नाम से भी जाना जाता है?

4) मानव सौन्दर्य के अध्ययन को क्या कहते हैं?

5) किस रोबोट ने 100 मीटर दौड़ में उसैन बोल्ट के समय को पीछे छोड़ा है?

उत्तरमाला- (1) 5 (2) 836 (3) मौलिद (4) कैलोलॉजी (5) लाइटनिंग

RamaQuiz

पहेली

शब्द सामर्थ्य -142

बाएं से दाएं : [illegible]

ऊपर से नीचे : [illegible]

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 141 का हल

स्कूल के सामने पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव, इलाके में सनसनी

राजिम/नवप्रदेश। राजिम में गुरुवार सुबह स्कूल के सामने पेड़ पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार राजिम-छुरा मार्ग पर पथर्रा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के सामने सड़क किनारे एक युवक का शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही राजिम पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की पहचान में जुटी पुलिस

मृतक की उम्र करीब 25 से 26 वर्ष के बीच बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक राजिम के थाना पारा क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस मृतक की पहचान और अन्य तथ्यों की पुष्टि में जुटी हुई है।

भीषण सड़क हादसा, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप बाल-बाल बचे

राजापड़ाव के पहले खतरनाक मोड़ पर इनोवा और पिकअप की आमने-सामने टक्कर, वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त; जर्जर सिंगल सड़क और गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा

गरियाबंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग-130ष्ट यानी गरियाबंद-देवभोग-ओडिशा मार्ग पर गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। राजापड़ाव के पहले हाईवे के खतरनाक मोड़ पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप की इनोवा वाहन को सामने से आ रही मालवाहक पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में इनोवा वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि राहत की बात यह रही कि जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार गौरी शंकर कश्यप अपने निज निवास से इनोवा वाहन में सवार होकर राजधानी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जुगाड़ और मैनपुर थाना क्षेत्र के बीच राजापड़ाव के पहले हाईवे के एक मोड़ पर गरियाबंद की ओर से आ रही मालवाहक पिकअप से उनकी इनोवा की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। हादसे के बाद एक बार फिर की बदहाल स्थिति चर्चा में है। झरियाबहरा से लेकर मदांगुड़ा-गोहरापदर तक कई हिस्सों में सिंगल सड़क होने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में सड़क की स्थिति और भी खराब हो गई है।

एक माह पहले रेंजर और चालक की भी गई थी जान

गौरतलब है कि इसी हाईवे पर करीब एक माह पहले हुए दर्दनाक सड़क हादसे में देवभोग क्षेत्र के रेंजर और उनके चालक की मौत हो गई थी। लगातार हो रहे हादसों के कारण अब इस मार्ग की सड़क सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। अब जिला पंचायत अध्यक्ष की इनोवा के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना ने एक बार फिर ह॥-130ष्ट की सड़क की स्थिति, सिंगल सड़क, गड्ढों और चौड़ीकरण की समस्या को सामने ला दिया है।

न्यूज गैलरी

सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत, ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

बलौदाबाजार। सीएम हेल्पलाईन 1076 में दर्ज शिकायत एवं जनपद पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर कार्य में लापरवाही बरतने के मामले मे जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेशानुसार सीएम हेल्पलाईन 1076 में दर्ज शिकायत एवं सीईओ जनपद पंचायत पलारी के प्रस्ताव के आधार पर एवं आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत रसौटा के पंचायत सचिव बालाराम कुर्रे ग्राम पंचायत मुख्यालय में हमेशा अनुपस्थित रहते हैं एवं अधिकांश समय मोबाईल बंद रहता है जिसके कारण ग्राम पंचायत के हितग्राही मूलक कार्यों एवं अन्य कार्यों का समय-सीमा में संपादन नहीं हो पा रहा है।

अनेक आराधक आराधना कर रहे

नवापारा राजीम। स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में चातुर्मासार्थ विराजित पूज्य भव्य मुनि आदि ठाणा 2 की पावन

सानिध्यता में आराधना साधना का क्रम बना हुआ है। तपस्या के बारे में आज पूज्य भव्य मुनि ने कहा कि तप से ही निर्जरा हो सकती है ऐसा शास्त्रों में कहा गया है। तप जो हमारी आत्मा को निर्मल बनाए, तप जो हमें शाश्वत सुख की ओर ले जाए ऐसे अद्भुत महिमा वर्णन से शास्त्रों ने जिनकी शोभा बढ़ाई है उस उत्तम आराधना में से एक ÷श्री समवेत शिखर जिन तप÷ नवापारा श्री संघ में गतिमान है। इस तप में समवेत शिखर पर निर्वाण पाए 20 तीर्थंकरों की आराधना की जाती है और इन तीर्थंकरों से प्रार्थना की जाती कि आपकी तरह हमें भी जल्दी से जल्दी सारे कर्म क्षय करके मोक्ष में जाने का अवसर मिले ऐसे शुभ भावों के साथ शास्त्रों में बताए विधि मर्यादाओं के अनुरूप तप आराधक आराधना कर रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मन्नालाल रावत ने ग्रहण किया पदभार

धमतरी। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय (नई दिल्ली) में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में डॉ. मन्नालाल रावत ने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, केंद्रीय मंत्रियों एवं देशभर से आए जनजाति समाज के प्रमुख नेताओं ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ ?आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परम्परा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम सहित पूर्व सांसद कमलभान सिंह, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, प्रदेश महामंत्री देवेंद्र माहला ने पदभार ग्रहण समारोह में डॉ. रावत का अभिनन्दन कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। छत्तीसगढ़ के अजजा नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. रावत के नेतृत्व में भाजपा अजजा मोर्चा देशभर में जनजातीय समाज के उत्थान, अधिकारों के संरक्षण तथा केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुँचाने में और अधिक मजबूती के साथ कार्य करेगा।

ईद मिलादुन्नबी का हुआ आयोजन विधायक ने किया भवन का लोकार्पण

डोंगरगढ़। आज डोंगरगढ़ शहर में आयोजित ईद मिलादुन्नबी के कार्यक्रम में डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल

शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल द्वारा भवन निर्माण के लिए प्रदान की गई 20 लाख रुपये की राशि से निर्मित भवन का विधिवत लोकार्पण किया। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद मिलादुन्नबी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने पूरी मानवता को प्रेम, भाईचारे, शांति, सद्भाव और मानव सेवा का संदेश दिया।

15 दिनों से बंद स्ट्रीट लाइटें, दर्जनों जगह उखड़ी सड़क और बाहर निकली छड़

राजिम के पुलों पर अंधेरा, सड़क पर मौत के गड्ढे! हादसे का इंतजार

राजिम/नवप्रदेश। धर्मनगरी राजिम के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले महानदी पुल की बदहाली अब सीधे आम लोगों की जान पर भारी पड़ने लगी है। पुल पर स्ट्रीट लाइटों की स्थिति खराब है, पिछले करीब 15 दिनों से अंधेरा पसरा हुआ बताया जा रहा है। दिन में सड़क पर दर्जनों गड्ढे और उखड़ी सतह वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा रही है तो रात में बंद स्ट्रीट लाइटें इस खतरे को कई गुना बढ़ा रही हैं।

रात में अंधेरा, नीचे गड्ढे... ऊपर से जिम्मेदारों की चुप्पी!

महानदी पर बना राजिम पुल रायपुर और गरियाबंद जिले को जोड़ने वाला बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। राजधानी रायपुर से जुड़ा यह मार्ग से राजिम, गरियाबंद, छुरा, मैनपुर और आगे ओडिशा की ओर बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। प्रतिदिन हजारों लोग इस पुल से गुजरते हैं। लेकिन पिछले दिनों से पुल की स्ट्रीट लाइटें बंद होने के कारण रात में पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है। अंधेरे में सड़क के गड्ढे दिखाई नहीं देते और दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा खतरे में रहते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल पर कई जगह सड़क उखड़ चुकी है और दर्जनों स्थानों पर छोटे-बड़े गड्ढे बन गए हैं। कुछ जगहों पर गड्ढों से सरिया तक दिखाई देने लगी है। बारिश के दौरान पानी भर जाने से गड्ढों की गहराई का अंदाजा लगाना और मुश्किल हो जाता है।

गड्ढे बन सकते हैं जानलेवा

मुख्य मार्ग होने के कारण पुल पर दिन-रात वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भरने से वे दिखाई नहीं देते। ऐसे में वाहन चालक अचानक गड्ढे में फंस सकते हैं या वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है।

अंधेरे में मवेशी भी बन रहे बड़ा खतरा

इस मार्ग पर दर्जनों जगहों पर मवेशी का झुंड सड़क पर बैठे या खड़े नजर आते हैं।



15 दिन तक किसकी जिम्मेदारी थी सुरक्षा?

विभागीय अधिकारियों के जवाब से यह तो साफहै कि स्ट्रीट लाइट बंद होने के पीछे बिल और विभागीय प्रक्रिया का मामला है, लेकिन आम लोगों का सवाल इससे कहीं बड़ा है। क्या बिजली बिल और फाइलों के चक्कर में पुल पर किसी की जान चली जाती तो जिम्मेदारी कौन लेता? लोगों का कहना है कि सरकारी विभागों के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा जनता को नहीं भुगतना चाहिए। पुल जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था और रोशनी को किसी भी कीमत पर बंद नहीं होने दिया जाना चाहिए था।

तीनों पुलों की हो तत्काल जांच

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि राजिम पुल की स्ट्रीट लाइटें तत्काल चालू कराई जाएं। बेलाही और चौबेबांधा पुल की खराब लाइटों और पुल पर गड्ढों की भी जांच कर मरम्मत की जाए। सभी गड्ढों को तत्काल भरकर सड़क की गुणवत्ता सुधारी जाए। बाहर निकली सरिया और क्षतिग्रस्त हिस्सों की तकनीकी जांच कराई जाए।

भूमिपूजन में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा नेता शिवरतन शर्मा हुए शामिल

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा बोले - हर घर तक शुद्ध पानी पहुंचाना हमारा दायित्व

भाटापारा/नवप्रदेश विकास कार्यों को नई गति और जनकल्याण को नया संबल देते हुए बुधवार को नगर के अम्बेडकर चौक, रविदास वार्ड में भूमिपूजन एवं प्रधानमंत्री आवास प्रमाण-पत्र व चाबी वितरण कार्यक्रम रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने की। वार्डो की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए कुल 561.06 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसमें इंटेकवेल से फिल्टर प्लांट तक पाइप लाइन विस्तार एवं इंटरकनेक्शन कार्य हेतु 408.81 लाख रुपये और नवीन ओवरहेड पानी टंकी निर्माण हेतु 152.25 लाख रुपये की लागत शामिल है। इस परियोजना से रविदास वार्ड सहित आसपास के वार्डों की पेयजल समस्या दूर होगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान की चाबी और प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश के हर घर तक शुद्ध पेयजल और हर गरीब को पक्की छत मिले। आज भाटापारा में 5.61 करोड़ का यह भूमिपूजन उसी गारंटी को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। डबल इंजन की सरकार में भाटापारा के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है।

उच्च शिक्षा में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं डिजिटल संतुलन पर व्याख्यान आयोजित

नवापारा राजीम/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, मनोवैज्ञानिक कल्याण, चिंतन-मनन की क्षमता के विकास, अध्ययन संबंधी तनाव को कम करने तथा सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण पर विशेष जोर दिया गया है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ÷उच्च शिक्षा में छात्रों का मानसिक स्वास्थ्यः संघर्ष क्षमता को बढ़ाना और बेहतर सेहत को बढ़ावा देना÷ विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

व्याख्यान में मानसिक स्वास्थ्य को विद्यार्थियों की सीखने की यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए मानसिक स्वास्थ्य एवं अच्छी सेहत, उच्च शिक्षा में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का महत्व तथा छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों पर विस्तार से चर्चा की गई। व्याख्यान को पीपीटी के माध्यम से वास्तविक जीवन के उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किया गया, जिससे विद्यार्थियों को विषय को व्यावहारिक रूप से समझने में सहायता मिली। कार्यक्रम में विशेष रूप से डिजिटल वेल-बीइंग एवं सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों को स्नहस्न्ह (स्नद्गड्डह्- शद्घ स्र्द्बह्यह्यद्बठ्ठद्द ह्लह्व- कुछ छूट जाने का डर), डिजिटल निर्भरता, अत्यधिक स्क्रीन टाइम तथा सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि डिजिटल निर्भरता कई बार एक सामान्य विकल्प या आदत के रूप में शुरू होकर धीरे-धीरे मजबूरी में बदल सकती है।

व्याख्यान के दौरान डिजिटल संतुलन बनाए रखने के लिए डिजिटल ब्रेक, साइलेंट जोन, डिजिटल डिटॉक्स, वीकेंड डिटॉक्स तथा माइक्रो डिजिटल रीसेट जैसे व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को तकनीक का संतुलित एवं जागरूक उपयोग करने, स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करने और अपने मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक गतिविधियों के लिए पर्याप्त समय देने के लिए प्रेरित किया गया।

व्याख्यान में यह संदेश प्रमुखता से दिया गया कि मानसिक रूप से स्वस्थ विद्यार्थी ही अपनी सीखने की क्षमता, रचनात्मकता, आत्मविश्वास और संघर्ष क्षमता का बेहतर विकास कर सकता है। इसलिए उच्च शिक्षा संस्थानों में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ उनके मानसिक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण को भी समान महत्व दिया जाना आवश्यक है।

कांच के कचरे के नीचे छिपा था 85 लाख का गांजा, चार तस्कर गिरफ्तार

एनएच-353 पर पुलिस की घेराबंदी में पकड़ा गया मिनी ट्रक; ओडिशा से यूपी ले जा रहे थे 170.75 किलो गांजा

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 170.75 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इसकी कीमत करीब 85 लाख रुपए बताई गई है। तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए गांजे को मिनी ट्रक में कांच के टुकड़ों और कचरे के नीचे छिपा रखा था। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से गांजा, मिनी ट्रक, स्वीफ्ट कार, मोबाइल और नकदी समेत कुल 97 लाख 3 हजार 970 रुपए का कुल संपत्ति जब्त किया गया है।

महाराजा ढाबा के पास घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस के अनुसार, 26 अगस्त को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर महासमुंद थाना पुलिस ने एनएच-353 स्थित महाराजा ढाबा, बिरकोनी के पास घेराबंदी की। इस दौरान कांच के टुकड़ों और कचरे से भरा संदिग्ध मिनी ट्रक क्रमांक डीडी 01 एम 9023 रोका गया। पहली नजर में ट्रक में केवल कांच और कचरा दिखाई दे रहा था, लेकिन गहन पूछताछ और तलाशी में कांच के टुकड़ों के नीचे छिपाकर रखा गया 170.75 किलो गांजा बरामद हुआ।

राखी बनाओ प्रतियोगिता से निखरी विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा

नवापारा राजिम/नवपद्रेश। नगर के प्रतिष्ठित ताराचंद बोथरा स्मृति विद्यालय में गुरुवार, 27 अगस्त 2026 को प्रथम सांस्कृतिक गतिविधि का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। शाला प्राचार्या सुश्री हरप्रीत कौर के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि के तहत राखी बनाओ प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा पहली से तीसरी तक के विद्यार्थियों ने ऊन से आकर्षक एवं सुंदर राखियां तैयार कीं। वहीं कक्षा चौथी एवं पांचवीं के विद्यार्थियों ने क्ले से मनमोहक राखियां बनाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने सुंदर राखियां बनाने के साथ ही रक्षाबंधन पर्व के सामाजिक एवं भावनात्मक महत्व को भी प्रस्तुत किया।

खेलो इंडिया संवादः खेल की बात पीएम के साथ' कार्यक्रम में युवाओं ने लिया हिस्सा

गरियाबंद/नवप्रदेश भारत सरकार, युवा कार्यक्रम, खेल मंत्रालय एवं 'माय भारत' तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 27 अगस्त 2026 को 'खेलो इंडिया संवाद' खेल की बात पीएम के साथ' कार्यक्रम का आयोजन गरियाबंद जिले के चिन्हित दो महाविद्यालयों में किया गया। जिले में शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय, गरियाबंद एवं शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय, राजिम में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ समस्त शिक्षकगण एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री जी के संबोधन को सुना और खेलों के क्षेत्र में देश की उपलब्धियों तथा युवाओं की भूमिका से संबंधित विचारों को जाना। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देशभर के युवाओं को खेलों से जोड़ना, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं, स्थानीय खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों और नीति-निर्माताओं के बीच खेलों को लेकर संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को खेलों को केवल प्रतियोगिता तक सीमित न रखते हुए इसे स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बनाने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालयों में उपस्थित विद्यार्थियों एवं युवाओं ने प्रधानमंत्री जी के संबोधन को सुना तथा खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित हुए।

पॉजिटिव बच्चे मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

छुईंखदान/नवपद्रेश। नगर के वार्ड क्रमांक 9 कंडरापारा निवासी उद्धव चंद्राकर के 4 वर्षीय पुत्र कन्हैया चंद्राकर के ॥1ह्1 वायरस से पॉजिटिव पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। बच्चे का राजनांदगांव स्थित संजीवनी अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां जांच के दौरान उसके ॥1ह्1 संक्रमित होने की पुष्टि हुई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्र में संक्रमण की संभावित स्थिति का पता लगाने और रोकथाम के लिए सर्विलेंस अभियान शुरू किया है।खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम कंडरापारा पहुंची। टीम में लैब टेक्नीशियन अखिल वर्मा, सुपरवाइजर रोहित साहू सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे। टीम ने संक्रमित बच्चे के परिवार के सदस्यों के सैंपल लिए। इसके साथ ही आसपास के घरों में जाकर सर्दी, खांसी और बुखार जैसे लक्षण वाले लोगों की जानकारी जुटाई गई, ताकि किसी अन्य व्यक्ति में संक्रमण के संभावित लक्षण मिलने पर समय रहते जांच और उपचार कराया जा सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्रवासियों को ॥1ह्1 यानी स्वाइन फ्लू से बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी दी। लोगों को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अनावश्यक जाने से बचने, हाथों की नियमित सफाई रखने, खांसते या छींकते समय मुंह-नाक ढंकने तथा बीमार व्यक्ति के संपर्क में आने से बचने की सलाह दी गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि सर्दी, खांसी, बुखार, गले में खराश, शरीर में दर्द या अत्यधिक कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर स्वयं दवा लेने के बजाय चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है। विभाग की टीम द्वारा कंडरापारा क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है। घर-घर सर्वे के दौरान सामने आने वाले संदिग्ध मामलों की जानकारी जुटाकर आवश्यकतानुसार जांच और उपचार की व्यवस्था की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता के बाद क्षेत्र में लोगों को भी संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

लक्षणों को नजरअंदाज न करने की अपील

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि ॥1ह्1 को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। विशेष रूप से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और पहले से किसी बीमारी से पीड़ित लोगों में फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए। समय पर पहचान और उपचार से संक्रमण को गंभीर होने से रोका जा सकता है।

संक्षिप्त खबरें

अमर सिंह बघेल ने नीट परीक्षा पास कर किया क्षेत्र का नाम रोशन

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिलें के नवागढ़ ब्लाक के ग्राम नवलपुर निवासी अमर सिंह बघेल ने ह्श्वश्वज्ञ परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उनका एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज कचांदुर दुर्ग में चयन हुआ। वह युवा नेता हर्ष बघेल के छोटे भाई हैं, उन्होंने चयनित होकर अपने परिवार, समाज, गांव एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर पिता कृपा राम बघेल, माता श्रीमती सत्यवती बघेल, बहन दीक्षा बघेल, भैय्या हर्ष बघेल सहित समस्त परिजनों एवं ग्रामवासियों ने हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उनके शुभ चिंतकों ने कहा अमर सिंह की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। ईश्वर उन्हें सफल चिकित्सक बनकर समाज एवं मानवता की सेवा करने का अवसर प्रदान करें।

नेपाल में आई बाढ़ आपदा में फंसे छत्तीसगढ़ के निवासियों की सहायता के लिए राज्य सरकार संवेदनील

गरियाबंद/नवप्रदेश। नेपाल में आई बाढ़ आपदा को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने सहायता एवं समन्वय के लिए राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम सक्रिय किया है। सरकार ने अपील की है कि नेपाल में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में यदि कोई छत्तीसगढ़ निवासी, उनके परिजन, रिश्तेदार अथवा परिचित मौजूद हैं और उन्हें किसी प्रकार की जानकारी या सहायता की आवश्यकता है, तो तत्काल कंट्रोल रूम से संपर्क करें। इस संबंध में सहायता एवं आवश्यक जानकारी के लिए कंट्रोल रूम के 0771-2223471 तथा टोल-फ्री नंबर 1070 पर संपर्क किया जा सकता है। राज्य सरकार ने कहा है कि आपदा की इस कठिन घड़ी में प्रभावित लोगों की सहायता के लिए आवश्यक समन्वय एवं सहयोग उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरी तरह तत्पर है। नागरिक किसी भी आपात स्थिति में दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के पदों के लिए अनंतिम सूची जारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियाबंद अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद अनंतिम योग्यता सूची प्रकाशित कर दी गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने अभ्यर्थियों से निर्धारित अवधि के भीतर दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करने की अपील की है।

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार परियोजना गरियाबंद के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र रावनसिंघी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 01 रिक्त पद तथा आंगनबाड़ी केंद्र कुकरार में आंगनबाड़ी सहायिका के 01 रिक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का स्क्रूटनी समिति द्वारा परीक्षण करने के बाद अनंतिम योग्यता सूची जारी की गई है। जारी सूची के संबंध में यदि किसी अभ्यर्थी को दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करनी है। तो वह 31 अगस्त से 09 सितम्बर 2026 तक ई-भर्ती पोर्टल के माध्यम से दावा-आपत्ति कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी ई-भर्ती पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

चारागाह की जमीन पर शराब दुकान, कलेक्टर जनदर्शन में पहुंची शिकायत

■ खसरा नंबर 419 की भूमि को पूर्वजों द्वारा जनहित में दान किए जाने का दावा

छुरिया/नवप्रदेश। ग्राम गैंदाटोला में चरागाह भूमि को लेकर विवाद अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। जिस जमीन को गांव के मवेशियों की चराई और सार्वजनिक हित के लिए दान किए जाने का दावा किया जा रहा है, उसी खसरा नंबर 419 की सम्मिलित चरागाह भूमि पर शराब दुकान निर्माण की जानकारी सामने आने के बाद ग्रामीणों में नाराजगी है। मामले को

लेकर 25 अगस्त को दो अलग-अलग शिकायतें जिला कलेक्टर के जनदर्शन में पहुंचीं।

शिकायतकर्ताओं ने सवाल उठाया है कि जिस जमीन का उद्देश्य गांव के मवेशियों की चराई और जनहित बताया जा रहा है, वहां शराब दुकान बनाने की अनुमति आखिर किस आधार पर दी जा रही है? उन्होंने निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने के साथ पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

दान की जमीन पर शराब दुकान उठे सवाल?

रविशंकर गुप्ता ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में बताया कि खसरा नंबर 419 की भूमि उनके पूर्वजों द्वारा गांव के मवेशियों की चराई एवं जनहित के उद्देश्य से दान की गई थी। शिकायत में कहा गया है कि यदि इसी भूमि पर शराब दुकान संचालित की जाती है तो यह भूमि दान किए जाने के मूल उद्देश्य के विपरीत होगा।

वहीं कुंवर सिंह ने अपनी शिकायत में खसरा नंबर 419 को सम्मिलित चरागाह भूमि बताते हुए कहा है कि भूमि में पांच किसानों के नाम दर्ज हैं तथा उनके पिता गुलाब सिंह भी उक्त भूमि में शामिल हैं। उन्होंने भी प्रस्तावित शराब दुकान के निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

आखिर अनुमति किसने दी?

शिकायत में यह भी मांग की गई है कि शराब दुकान निर्माण की अनुमति किस आदेश से और किस सक्षम अधिकारी द्वारा दी गई, इसकी जांच कराई जाए। साथ ही ग्राम विकास समिति द्वारा भूमि पर कराए जा रहे निर्माण की वैधता तथा उससे संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की मांग की गई है।

मामला अब सिर्फ शराब दुकान के निर्माण तक सीमित नहीं रह गया है। सवाल यह है कि चरागाह और जनहित के लिए दान की गई जमीन का स्वरूप बदला जा सकता है या नहीं? यदि भूमि वास्तव में चरागाह के रूप में दर्ज है और दान का उद्देश्य भी पशुओं की चराई एवं जनहित था, तो उस पर व्यावसायिक गतिविधि शुरू करने की प्रक्रिया किस नियम के तहत आगे बढ़ाई गई—यह अब जांच का विषय बन गया है।

शराब दुकान चाहिए या मवेशियों के लिए चरागाह?

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उनका विरोध किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि गांव की चरागाह भूमि और सार्वजनिक हित की जमीन को बचाने के लिए है। उनका कहना है कि शराब दुकान के लिए दूसरी उपयुक्त भूमि देखी जा सकती है, लेकिन मवेशियों की चराई के लिए उपलब्ध जमीन को व्यावसायिक उपयोग में लाना भविष्य में ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या खड़ी कर सकता है।

शिक्षकों की सेवा सुरक्षित करेंगे, वरिष्ठता पर पदोन्नति देने का बनाएंगे रास्ता

टेट पर बड़ी राहत, शिक्षामंत्री राजी

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में टेट को लेकर आंदोलनरत शिक्षकों के लिए बड़ी खबर सामने आई है, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के साथ हुई बैठक में शिक्षा मंत्री ने विभागीय टेट आयोजित कराने पर सहमति जताई है, बैठक में शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार शिक्षकों की सेवा सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है और सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित योग्यता के दायरे में शिक्षकों को लाने के लिए विभागीय परीक्षा आयोजित कराने की दिशा में आगे बढ़ेगी। वर्ष में 3 बार सेवारत शिक्षकों के लिए विभागीय टेट परीक्षा आयोजित करने पर बनी सहमति दी गई।

शिक्षा मंत्री के साथ शिक्षक संघर्ष मोर्चा की बैठक में टेट समेत शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई, शिक्षक संगठनों ने सरकार से टेट को लेकर स्पष्ट रुख जानना चाहा, इस पर शिक्षा मंत्री ने आश्वस्त किया कि सेवारत शिक्षकों के लिए विशेष व अलग टेट परीक्षा आयोजित की जाएगी, यह परीक्षा सामान्य टेट से अलग विभागीय स्तर पर शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित कराई जाएगी।

परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को बनाने के सुझाव पर सहमति प्रदान की गई, न्यूनतम उत्तीर्णांक 33 अंक को रखने का सुझाव दिया गया है।

पूर्व के डीपीसी हुए रिक्त पदों पर पूर्व नियमों के आधार पर वेटिंग सूची से प्राचार्य पदोन्नति देने, ई संवर्ग के व्याख्याता पर पदोन्नति, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला पर वरिष्ठता आधारित पदोन्नति हेतु रास्ता निकालने पर सहमति व्यक्त की गई है, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पुरानी पेंशन तथा शिक्षक एलबी संवर्ग को समस्त प्रकार के देय लाभ पर भी विस्तृत चर्चा की गई, इसके साथ ही समस्त शिक्षक संवर्ग में व्याप्त विसंगति को दूर करते हुए केंद्रीय वेतनमान शिक्षक संवर्ग के लिए जारी करने पर भी चर्चा की गई। उपरोक्त मांगों पर मंत्री महोदय ने वित्त विभाग को प्रस्ताव बनाकर भेजने हेतु आस्वस्त किया।

2026 के नया भर्ती व पदोन्नति नियम में संशोधन का पक्ष रखा गया, जिसमे शिक्षा मंत्री जी ने कहा कि आप लोग अपना सुझाव दीजिए, उसे सुसंगत संशोधन किया जा सकता है।

सेवारत शिक्षकों को पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय से बीएड ब्रिज कोर्स कराने की मांग पर भी दिए गए सुझाव पर व्यापक चर्चा की गई, विभाग द्वारा इस विषय मे पहल की जानकारी दी गई व निर्देशित किया गया, ततसंबंध में 19 अगस्त को एसीईआरटी रायपुर में भी मोर्चा की ओर से सुझाव पत्र दिए गए हैं जिस पर विस्तृत मसौदा तैयार करने का निर्देश मंत्री महोदय द्वारा उच्च अधिकारियों को दिया जा चुका है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षकों के हितों का ध्यान रखेगी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से निर्धारित योग्यता संबंधी प्रावधानों के दायरे में शिक्षकों को लाने के लिए विभागीय परीक्षा का विकल्प अपनाया जा सकता है, इससे टेट से प्रभावित शिक्षकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

शिक्षक संगठनों ने मांग की है कि पदोन्नति प्रक्रिया में भी शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखा जाए।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने बताया सकारात्मक रुख

बैठक के बाद शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, केदार जैन ने सरकार के रुख को टेट प्रभावित शिक्षकों के लिए सकारात्मक बताया। शिक्षक नेताओं ने कहा कि सरकार ने विभागीय टेट कराने को लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया है, अब उम्मीद है कि सरकार अपने आश्वासन का जल्द से जल्द क्रियान्वयन करेगी, उन्होंने कहा कि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित होना सबसे महत्वपूर्ण है और सरकार को इस दिशा में ठोस जल्द कदम उठाना चाहिए।

सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का आज होगा अभिषेक

रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन में शामिल हुए कर्मकार कल्याण मंडल अध्यक्ष, विधायक ने सपरिवार की पूजा-अर्चना

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित एक माह के रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन कार्यक्रम में बुधवार को छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह शामिल हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी सपरिवार पूजा-अर्चना में शामिल हुए।

इस अवसर पर डॉ. रामप्रताप सिंह, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग का विधिवत अभिषेक किया। पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक संपन्न कराया। इसके बाद महादेव की आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। डॉ. रामप्रताप सिंह ने कहा कि महादेव देवों के देव हैं और श्रावण मास में उनकी आराधना का विशेष महत्व है। जो भक्त सच्ची श्रद्धा से महादेव की शरण में आते हैं, उनकी मनोकामनाएं भगवान शिव अवश्य पूर्ण करते हैं। उन्होंने विधायक सिन्हा एवं उनके परिवार को इस धार्मिक एवं पुण्य आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि महादेव की सेवा में ही जीवन का सार छिपा है। हम तो केवल माध्यम हैं, करने वाले स्वयं महादेव हैं। श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना और सेवा करना परम सौभाग्य की बात है।

आज सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का अभिषेक

एक माह से चल रहे रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर उनका विधिवत अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद पार्थिव शिवलिंगों को विसर्जन के लिए शोभायात्रा के माध्यम से बम्हनी ले जाया जाएगा। इसके पश्चात शुक्रवार को पूर्णाहुति के साथ एक माह तक चले रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन कार्यक्रम का विधिवत समापन होगा।

मैनपुर मुख्यालय से 35 कि.मी दूर भालूपानी में 3 महीने से पसरा अंधेरा

230 आदिवासियों की जिंदगी भगवान भरोसे, क्रेडा विभाग कुंभकर्णी नींद में

मैनपुर/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के मैनपुर मुख्यालय से महज 35 किलोमीटर दूर बसा एक गाँव आज भी 18वीं सदी में जीने को मजबूर है। नाम है ग्राम भालूपानी, पंचायत भूतबेड़ा, राजापड़ाव क्षेत्र।3 महीने से गाँव की सौर ऊर्जा 100त्न ठप है। एक बल्ब तक नहीं जल रहा। 25 परिवार, 230 आदिवासी ग्रामीण हर शाम मौत के साये में जीते हैं।

शाम 6 बजते ही गाँव में सन्नाटा। एक तरफ घने जंगल के

तेंदुए और भालू का डर, दूसरी तरफ घर के अंदर जहरीले साँप और बिच्छुओं का आतंक। बच्चों की पढ़ाई चौपट, महिलाओं को चूल्हा जलाने तक में दिक्कत। मोबाइल चार्ज नहीं, कोई इमरजेंसी हो तो भगवान ही मालिक।

क्रेडा विभाग की खानापूर्ति : ग्रामीणों का आरोप है।शिकायत करो तो एक मिस्त्री आता है, फोटो खींचता है, दो तार हिलाता है और चला जाता है। साहब, मरम्मत के नाम पर सिर्फ कागजी घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं।

ग्रामीणों की हुंकार

आखिरकार तंग आकर ग्राम पंचायत भूतबेड़ा की सरपंच श्रीमती दुखियाबाई मरकाम, उप सरपंच श्रीमती साधना बाई नेताम, प्रतिनिधि टीकम मरकाम, भीखऊ राम नेताम, अर्जुन सिंह मरकाम,अंगद राम नेताम,धनसाय नेताम, कवडू राम नेताम सहित पूरे गाँव ने कलेक्टर गरियाबंद को मरम्मत कराने की मांग की है।ग्रामीणों ने कहा - हमें भाषण नहीं, उजाला चाहिए।

नेपाल में फंसे छत्तीसगढ़वासियों की मदद के लिए हेल्पलाइन जारी

महासमुंद/नवप्रदेश। नेपाल में बाढ़ एवं भूस्खलन के कारण फंसे छत्तीसगढ़ के नागरिकों की सहायता के लिए राज्य सरकार ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। संकट की स्थिति में फंसे नागरिक अथवा उनके परिजन सहायता एवं आवश्यक जानकारी के लिए आपदा प्रबंधन हेल्पलाइन नंबर 1070 तथा दूरभाष क्रमांक 0771-2223471 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने भी जिले के नागरिकों एवं उनके परिजनों की सहायता के लिए आपदा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 07723-223305 जारी किया है। प्रशासन ने अपील की है कि नेपाल में फंसे जिले के किसी नागरिक से संबंधित जानकारी या सहायता की आवश्यकता होने पर तत्काल नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को धमतरी में होगा आयोजन

मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल प्रतिभाओं और खेलप्रेमियों का होगा सम्मान

धमतरी/ नवप्रदेश। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रायपुर के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महान हॉकी खिलाड़ी एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जन्मजयंती के अवसर पर 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग, धमतरी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम, आमातालाब, धमतरी में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा।

राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य जिले में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, युवाओं और विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों से जोड़ने तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों, खेल संघों के पदाधिकारियों एवं खेलप्रेमियों की सहभागिता रहेगी।

कार्यक्रमः राष्ट्रीय खेल दिवस
दिनांकः 29 अगस्त 2026
समयः प्रातः 11:00 बजे से
स्थानः बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम, आमातालाब, धमतरी

जिला प्रशासन ने धमतरी जिले के समस्त खेल संघों के पदाधिकारीगण, खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं खेल से जुड़े नागरिकों सहित जिला मुख्यालय के सभी स्कूल एवं कॉलेजों के ऐसे विद्यार्थियों, जो खेल के प्रति समर्पित हैं, से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

राष्ट्रीय खेल दिवस महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के खेल जीवन, उनकी उपलब्धियों और खेल के प्रति समर्पण को स्मरण करने का अवसर भी है। यह दिवस युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने, अपनी प्रतिभा को निखारने तथा जिले और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने के लिए प्रेरित करता है।

नेशनल हाईवे सड़क किनारे गड्ढे में बैठकर कांग्रेस नेताओं ने किया अनोखा प्रदर्शन, देखने लगी भीड़

एनएच-130 सी खराब सड़क को लेकर कांग्रेस नेताओं ने गड्ढों में बैठकर जताया अनोखा विरोध

गरियाबंद/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे 130 सी (गरियाबंद-देवभोग-उड़ीसा मार्ग) पर झरियाबहरा से लेकर मदांगुड़ा गोहरापदर तक की सिंगल सड़क होने के कारण इन दिनों राहगीरों के लिए आफत बन चुकी है। बारिश के मौसम में सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, सड़क किनारे पटरी में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं साइड देने के लिए जैसे ही वाहन चालक वहान को नीचे उतरते हैं बड़े गाड़ी फस रही है या तो पलट जा रही है जिसके कारण आए दोनो लंबा ट्रैफिक जाम लग रहा है। सड़क किनारे बने बड़े-बड़े गड्ढे हादसों का न्योता दे रहे हैं और लोग लगातार दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं।

जनता की इस गंभीर समस्या को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के

नेतृत्व में आज गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन और सरकार के खिलाफ एक अनोखा और उग्र प्रदर्शन किया गड्ढों में बैठकर जताया विरोध, गूंजे नारे

सड़क की दुर्दशा से आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ता हाईवे किनारे पर जलभराव वाले बड़े-बड़े गड्ढों के किनारे बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने हाथों में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश के मंत्रियों की तस्वीरें लेकर जोरदार नारेबाजी की।

कांग्रेस नेताओं प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह हाईवे रायपुर से ओडिशा को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है, इस मार्ग में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में यात्री वाहन के साथ माल वाहक बड़े वाहन चलते हैं लेकिन इसके रखरखाव को लेकर लगातार लापरवाही बरती जा रही है। बारिश के चलते गड्ढों में पानी भर जाने से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं।

शीघ्र मरम्मत न होने पर उग्र

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष दुलेन्द नेगी,कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शासन-प्रशासन जल्द से जल्द इस मार्ग का चौड़ीकरण और गड्ढों की मरम्मत का काम शुरू नहीं कराता है, तो आने वाले दिनों में और भी बड़ा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और संबंधित विभाग की होगी।

रक्षाबंधन पर ब्रह्माकुमारीज ने किया मीडिया स्नेह मिलन

धमतरी/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, धमतरी के तत्वावधान में भाई-बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में मीडिया स्नेह मिलन का आयोजन निर्माणाधीन शिव सरोवर के सेमिनार हॉल में किया गया। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य पत्रकार बंधु एवं बहनों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ राजयोग के सुंदर गीत के साथ परमात्मा शिवपिता के ध्यान से हुआ। सभी ने कुछ समय राजयोग का अभ्यास कर शांति एवं सकारात्मकता का अनुभव किया, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मकता के प्रकंपन फैल गए।

ब्रह्माकुमारी बहनों ने उपस्थित सभी मीडिया बंधुओं का तिलक, पुष्प एवं सम्मान पट्टा पहनाकर स्नेहपूर्वक स्वागत किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर शुभ भावनाओं की ज्योति प्रज्वलित की।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी, संचालिका, ब्रह्माकुमारीज धमतरी ने सभी का स्नेहपूर्ण स्वागत करते हुए कहा कि ÷आप सभी हमारे आत्मीय भाई हैं। बेहद की सेवा के लिए निर्माणाधीन शिव सरोवर के सेमिनार हॉल में यह प्रथम कार्यक्रम है। इस स्थान से अनेकों आत्माओं को परमात्मा का संदेश मिलेगा और उन्हें शांति, खुशी एवं शक्ति की अनुभूति होगी। लोग यहां आकर कुछ समय ध्यान और ज्ञान प्राप्त कर तनावमुक्त जीवन का अनुभव करेंगे। इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।÷ उन्होंने रक्षाबंधन को भाई-बहन के पवित्र संबंध और आत्मिक प्रेम का पर्व बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रीय वॉलीबॉल में छुरा का गौरव हेमशिखर ध्रुवा को मिलेगा शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार

खेल दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में होंगे

छुरा/नवप्रदेश। छुरा अंचल के लिए गौरव और हर्ष का विषय है कि ग्राम सारागांव के प्रतिभावान वॉलीबॉल खिलाड़ी हेमशिखर ध्रुवा को वर्ष 2025-26 के प्रतिष्ठित शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर लगातार छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले हेमशिखर को खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को आयोजित सम्मान समारोह में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्हें सम्मान स्वरूप अवॉर्ड के साथ 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगी।

ग्राम सारागांव, पोस्ट दुल्ला,

तहसील छुरा निवासी हेमशिखर ध्रुवा, पिता मेदनी कुमार ध्रुवा ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के दम पर ग्रामीण अंचल से निकलकर वॉलीबॉल के राष्ट्रीय मंच तक अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने विभिन्न वर्षों में आयोजित सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

हेमशिखर की राष्ट्रीय स्तर की खेल यात्रा लगातार उपलब्धियों से भरी रही है। उन्होंने वर्ष 2019 में चेन्नई (तमिलनाडु), 2020 और 2021 में भुवनेश्वर (ओडिशा), 2022 में भुवनेश्वर, 2023 में गुवाहाटी (असम), 2025 में जयपुर (राजस्थान) तथा 2026 में वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।

लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश की टीम का हिस्सा बनना उनकी प्रतिभा, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन और राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने की उपलब्धि के आधार पर उनका चयन वर्ष 2025-26 के शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार के लिए किया गया है।

उत्सव से सेवा तकः जन्मदिन पर 100 पौधों का रोपण, प्रबुद्धजनों का सम्मान

मैनपुर/नवप्रदेश। जन्मदिन को केवल उत्सव तक सीमित रखने के बजाय उसे समाज और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी से जोड़ते हुए गरियाबंद भाजपा जिला मंत्री एवं झाखरपारा मंडल प्रभारी डॉ. मनीष कुमार सिन्हा ने अनूठी पहल की। उनके जन्मदिन के अवसर पर माता रेवती देवी स्मृति फाउंडेशन के पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत 100 पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य जन्मदिन की खुशियों को प्रकृति और समाज के प्रति जिम्मेदारी से जोड़ना रहा। इस अवसर पर ÷एक पौधा लगाएं, आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा का उपहार दें÷ का संदेश दिया गया।

पौधारोपण के साथ प्रबुद्धजनों का सम्मान : कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि पौधारोपण के साथ क्षेत्र के ग्राम प्रमुखों, कोटवारों, ग्राम पुजारियों एवं सिरहाओं, विभिन्न समाजों के प्रमुखों, सरपंचों, जनपद सदस्यों तथा प्रबुद्धजनों का सम्मान किया

गया। समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इन प्रतिनिधियों का सम्मान कर सामाजिक समरसता और सहभागिता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. देवेंद्र कश्यप, प्रदेश संयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, गौरी शंकर कश्यप, अध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद, नेहरू निषाद, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़, भोगराज ध्रुव, थाना प्रभारी अमलीपदर, गुरुनारायण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गरियाबंद तथा हलमन ध्रुव, सरपंच संघ अध्यक्ष एवं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष भाजपा गरियाबंद की गरिमामयी उपस्थिति रही।

विधायक भावना बोहरा का महादेव की भक्ति के साथ मानव सेवा का संकल्प

अमरकंटक और डोंगरिया में 1.5 लाख से अधिक कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने किया भोजन

कवर्धा / नवप्रदेश। सेवा, श्रद्धा और सामाजिक सरोकार की भावना को आगे बढ़ाते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार पांचवें वर्ष अमरकंटक में कांवड़ यात्रियों के लिए मेला मैदान (डोम) नया नगर पालिका परिसर, अमरकंटक, जिला अनूपपुर (मध्यप्रदेश) में 30 जुलाई से संचालित निःशुल्क भोजन एवं विश्राम व्यवस्था का 24 अगस्त को विधिवत समापन हुआ। इसके साथ इस वर्ष जलेश्वर महादेव मंदिर ग्राम डोंगरिया में भी पूरे सावन माह तक कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। अमरकंटक एवं डोंगरिया में इस वर्ष कुल 1,50,000 से अधिक शिव भक्तों और कांवड़ियों का आगमन हुआ जिनकी सेवा की गई और अमरकंटक में कठिन यात्रा के बाद कांवड़ियों ने विश्राम किया एवं अमरकंटक व डोंगरिया में भंडारे में सात्विक भोजन परोसा गया।

विधायक भावना बोहरा द्वारा विगत पांच वर्षों से अमरकंटक में कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए यह व्यवस्था की जा रही है। इसका उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान सुविधा प्रदान करना और 'सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है' की भावना को साकार करना है। इस वर्ष अमरकंटक एवं जलेश्वर महादेव डोंगरिया में आयोजित भंडारे में कुल 1,50,000 से अधिक भोजन की थालियां कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को परोसा गया। इसी क्रम में डोंगरिया स्थित जलेश्वर महादेव मंदिर में भी पूरे सावन माह तक विधायक भावना बोहरा द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। इस दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों, कांवड़ यात्रियों एवं शिवभक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भगवान महादेव की भक्ति के साथ श्रद्धालुओं की सेवा करना उनके लिए केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जनसेवा और संस्कारों से जुड़ा दायित्व है। सावन माह में शिवभक्तों की सेवा करने का अवसर उन्हें लगातार पांचवें वर्ष प्राप्त हुआ, यह उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि विगत 5 वर्षों से कठिन यात्रा करके आने वाले हमारे कबीरधाम जिला के कांवड़ियों की सेवा करने के साथ साथ विगत 2 वर्षों से माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर की कांवड़ पदयात्रा करने का सौभाग्य भी माँ नर्मदा और भोलेनाथ जी के आशीर्वाद से मुझे मिला।

मैं कबीरधाम जिले से पधारे समस्त कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं का आभार भी व्यक्त करती हूँ की हमें इस पुण्य का भागीदार बनने का अवसर प्रदान किया। हमारी धार्मिक सभ्यता के प्रसार एवं उसे संजोने में आप सभी का यह अतुलनीय योगदान हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा इसके साथ ही सनातन धर्म, संस्कृति उसकी गौरवशाली महिमा को भी पोषित तथा संरक्षित करने का कार्य करेगा।

न्यूज गैलरी

शासकीय भूमि पर अवैध सड़क निर्माण राजस्व विभाग ने बुलडोजर कार्रवाई की

राजनांदगांव / नव प्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर राजनांदगांव विकासखंड के मनगट्टा क्षेत्र के ग्राम बिहावबोड़ में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से सड़क निर्माण एवं प्लॉटिंग किए जाने के मामले में राजस्व विभाग द्वारा बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की गई। शासकीय भूमिस्वामी खसरा क्रमांक 257, रकबा 2.25 एकड़ भूमि पर लगभग 1 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कर तथा आसपास के लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में अवैध रूप से प्लॉटिंग की जा रही थी। एसडीएम श्री गौतम पाटिल के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध गतिविधियों के विरूद्ध कार्रवाई की। टीम द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अवैध सड़क निर्माण एवं प्लॉटिंग को हटाया गया। प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध प्लॉटिंग के मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा, सड़क निर्माण अथवा प्लॉटिंग जैसी गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा नियमानुसार कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

नींबू काटकर बारिश रोक सकते हैं तो महंगाई भी रोकें भाजपा सांसद : ऋषि शास्त्री

राजनांदगांव / नव प्रदेश। युवा नेता एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 में भाजपा ने महंगाई को सबसे बड़ा मुद्दा बनाया था। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों को लेकर जनता से बड़े-बड़े वादे किए गए थे। आज 2026 में केंद्र और प्रदेश दोनों जगह भाजपा की सरकार है, लेकिन आम आदमी की रसोई का बजट लगातार बिगड़ता जा रहा है। शास्त्री ने भाजपा सांसद के नींबू काटकर बारिश रोकने वाले कथन पर चुटकी लेते हुए कहा, +अगर नींबू काटने से बारिश रुक सकती है, तो भाजपा सांसदों के नींबू काटने से महंगाई कम क्यों नहीं हो सकती? एक नींबू महंगाई के नाम भी काटकर देख लीजिए सांसद जी, शायद पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, शक्कर और बिजली के बिल भी सस्ते हो जाएं। उन्होंने कहा कि शक्कर से लेकर दाल, आटा, खाद्य तेल और रोजमर्रा की जरूरतों की चीजों की कीमतें आम परिवार के बजट पर भारी पड़ रही हैं। त्योहारों के समय भी परिवारों के सामने बच्चों के लिए मिठाई खरीदने और घर का राशन पूरा करने के बीच चिंता खड़ी हो जाती है। ऋषि शास्त्री ने कहा कि 2014 में महंगाई कम करने का वादा करके सत्ता मांगी गई थी, लेकिन दस साल से ज्यादा समय सत्ता में रहने के बाद भी जनता महंगाई से राहत का इंतजार कर रही है। भाजपा ने जिस महंगाई को कभी चुनावी मुद्दा बनाया था, आज वही सवाल जनता भाजपा से पूछ रही है। उन्होंने कहा कि जनता को भाषण, जुमले या दिखावे नहीं चाहिए।

मोहारा एवं लखोली वार्ड में महापौर ने किया विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

राजनांदगांव / नव प्रदेश। महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के मोहारा एवं लखोली वार्ड में दो निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उक्त दोनों निर्माण कार्यों की मांग विगत कुछ वर्षों से वार्डवासियों द्वारा की जा रही थी, जिन्हें महापौर मधुसूदन के प्रयासों से डॉ0 रमन सिंह, अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा एवं विधायक राजनांदगॉव द्वारा विधायक निधि मद से निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्थानीय वार्ड नं.47 मोहारा में कबीर कुटीर मेला स्थल में 10 लाख रू. की लागत से जिला विश्वकर्मा समाज के सामाजिक भवन निर्माण हेतु महापौर मधुसूदन ने भूमिपूजन कार्य संपन्न किया। इससे पहले विश्वकर्मा समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा आयोजन में पहुँचे मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव, विशिष्ट अतिथिगण निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, स्थानीय पार्षद आलोक श्रोती, केशवदास मानिकपुरी अध्यक्ष मानिकपुरी समाज, मंगलदास विश्वकर्मा अध्यक्ष नंदई परिक्षेत्र, मनोहर प्रजापति मूर्तिकार संग सहसचिव छ.ग., समाजसेवी उत्तम यादव का स्वागत एवं सम्मान किया गया। आयोजनकर्ता एवं स्वागत समिति विश्वकर्मा समाज की ओर से जिलाध्यक्ष राधेलाल विश्वकर्मा (पुर्रामटोला), उपाध्यक्ष लक्ष्मण विश्वकर्मा, संरक्षक जगदीश विश्वकर्मा व रेवाराम विश्वकर्मा, सचिव राकेश विश्वकर्मा,सहित अन्य उपस्थित रहे।

रक्षाबंधन पर विधायक संगीता सिन्हा ने मुख्यमंत्री को भेजी राखी

महतारी वंदन योजना की समस्याओं के निराकरण की मांग भी उठाई

पोर्टल दोबारा खोलने, KYC के कारण रुकी राशि तत्काल देने और महंगाई से राहत के लिए प्रभावी कदम उठाने का किया आग्रह

बालोद। संजारी-बालोद विधायक एवं प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिन्हा ने रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को पत्र भेजकर प्रदेश की महिलाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए अपनी राखी स्वीकार करने का आग्रह भी किया।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के संकल्प का पर्व है। इसी भावना के साथ उन्होंने प्रदेश की माताओं एवं बहनों की ओर से महतारी वंदन योजना से संबंधित समस्याओं की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कराया है।

महतारी वंदन योजना का पोर्टल पुनः खोलने की मांग

विधायक ने कहा कि प्रदेश में अनेक ऐसी पात्र महिलाएं हैं, जो किसी कारणवश महतारी वंदन योजना में अपना पंजीयन नहीं करा पाई हैं। ऐसी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ देने के लिए महतारी वंदन योजना का पोर्टल पुनः खोला जाना चाहिए, ताकि कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे।

KYC के कारण रुकी राशि तत्काल देने का आग्रह

उन्होंने पत्र में ''चड्ढ़ट एवं दस्तावेजों से संबंधित प्रक्रिया के कारण महतारी वंदन योजना की राशि नहीं मिल पाने वाली पात्र महिलाओं का मुद्दा भी उठाया। विधायक ने मांग की कि ऐसी महिलाओं की लंबित राशि की जांच कर शीघ्र भुगतान की व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

महंगाई से महिलाओं को राहत देने की मांग

विधायक संगीता सिन्हा ने बढ़ती महंगाई का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आम परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। रक्षाबंधन जैसे पर्व पर भी अनेक परिवारों के लिए मिठाई एवं आवश्यक खाद्य सामग्री खरीदना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से शक्कर, बेसन, खाद्य सामग्री, घरेलू उपयोग की आवश्यक वस्तुओं तथा रसोई गैस की बढ़ती कीमतों से आम महिलाओं और परिवारों को राहत देने के लिए प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया।

'महिलाओं को राहत देने की दिशा में शीघ्र निर्णय हो'

विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ की माताओं एवं बहनों को सरकार से काफी अपेक्षाएं हैं। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री से उपरोक्त मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र निर्णय लेने और प्रदेश की लाखों महिलाओं को राहत प्रदान करने का आग्रह किया है। श्रीमती संगीता सिन्हा ने पत्र के माध्यम से महतारी वंदन योजना से वंचित पात्र महिलाओं को जोड़ने, चड्ढ़ट के कारण अटकी राशि दिलाने तथा महंगाई से राहत दिलाने को लेकर सरकार से सकारात्मक पहल की उम्मीद जताई है।

बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव, एसडीओपी बेमेतरा भुषण एक्का, एसडीओपी बेरला रूचि वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध बेमेतरा पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा आम जगहों पर धूम्रपान करने वालों की जांच कर कोटपा एक्ट एवं के तहत कार्रवाई की गई। इसी क्रम में 26 अगस्त 2026 को अभियान के दौरान थाना खम्हरिया में 10 प्रकरण, थाना बेरला में 20 प्रकरण, चौकी कंडरका में 10 प्रकरण तथा चौकी संबलपुर में 10 प्रकरण ,इस प्रकार कुल 50 प्रकरणों में कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। बेमेतरा पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान नहीं करने की समझाइश भी दी जा रही है।

शाहीन खान के मार्गदर्शन में पनेका स्कूल का मॉडल नेशनल हेतु चयनित

राजनांदगांव / नव प्रदेश। शासकीय हाई स्कूल पनेका की विज्ञान विषय की व्याख्याता शाहीन खान के मार्गदर्शन में छात्रा आयुषी देवांगन द्वारा तैयार खुदाई एवं कटाई मशीन मॉडल का इंस्पायर अवॉर्ड हेतु नेशनल स्तर पर चयन हुआ है। यह उपलब्धि विद्यालय के साथ-साथ संपूर्ण जिले के लिए गौरव का विषय है। इससे पूर्व भी शाहीन खान के मार्गदर्शन में पनेका स्कूल के तीन विज्ञान मॉडल राज्य स्तर पर चयनित हो चुके हैं। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के उनके निरंतर प्रयासों का यह महत्वपूर्ण परिणाम है।

छात्रा आयुषी द्वारा तैयार बहुत कम लागत में बनने वाला यह मॉडल कृषि क्षेत्र में उपयोगी है। इसकी परिकल्पना खेतों में उगने वाले खरपतवार एवं अनुपयोगी छोटे पौधों को काटने के साथ जमीन में आवश्यक गहराई तक खुदाई करने के लिए की गई है। इसकी मदद से कृषि संबंधी कार्य कम समय और कम श्रम में आसानी एवं शीघ्रता से किए जा सकते हैं। कम लागत में तैयार होने वाला यह मॉडल कृषि कार्यों को सरल बनाने की दिशा में विद्यार्थियों के व्यावहारिक नवाचार का उदाहरण है।मॉडल को विकसित करने में शाहीन खान ने छात्रा को वैज्ञानिक अवधारणा, कार्यप्रणाली और प्रस्तुतिकरण के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, महाराजपुर, कवर्धा में रक्षाबंधन पर विविध गतिविधियों का आयोजन

कवर्धा / नवप्रदेश। दिल्ली पब्लिक स्कूल, महाराजपुर, कवर्धा में रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा विशेष सभा का संचालन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भाई-बहन के पवित्र, स्नेहपूर्ण एवं अटूट रिश्ते को सुंदर शब्दों और प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया। भाई-बहन के प्रेम और विश्वास को प्रदर्शित करती मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का हृदय जीत लिया।

कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक एवं प्रेरणादायक क्षण वह रहा, जब कक्षा 9 से 12 की छात्राओं ने विद्यालय के गार्ड भैया, ड्राइवर, कंडक्टर एवं अन्य कर्मचारियों को राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान, स्नेह और सुरक्षा के भाव को व्यक्त किया।

विद्यालय द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर सुरक्षा एवं सेवा में लगे लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए विशेष पहल की गई। गत सप्ताह विद्यालय के विद्यार्थियों ने बटालियन जाकर वहां उपस्थित जवानों को भी राखी बांधी थी।

खैरागढ़ का शिक्षा विभाग एक बार फिर सुर्खियों में

खैरागढ़ राजनांदगांव / नव प्रदेश।एक बार फिर जिला मुख्यालय का शिक्षा विभाग सुर्खियों पर है,अब की बार मामला है , कन्या शाला के प्राचार्य कमलेश्वर सिंह का, जिसके मनमानी के चलते पूरा विधालय परेशान हैं।। जिसने सारे नियम कायदे कानून को दर किनार करते हुए एक ऐसा आदेश लागू किया जो आज तक कभी भी नहीं हुआ है।।खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम -2 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में प्राचार्य द्वारा जारी एक अनोखा आदेश चर्चा का विषय बना हुआ है।। विद्यालय के प्राचार्य कमलेश्वर सिंह ने 24 जुलाई 2026 को आदेश के पत्र क्रमांक 976 में जारी कर प्रथम पाली में संचालित अंग्रेजी माध्यम शाला के सुव्यवस्थित संचालन के लिए हिंदी माध्यम के अलग-अलग व्याख्याताओं को सप्ताह के छह दिनों के लिए प्रभारी प्राचार्य नियुक्त कर दिया।।मामला सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश को तत्काल निरस्त कर दिया है।।

प्राचार्य द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि विद्यालय के सुव्यवस्थित एवं अनुशासित संचालन के लिए हिंदी माध्यम के व्याख्याताओं को उनके नाम के सामने निर्धारित दिवस पर प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया जाता है।। आदेश में प्रभारी प्राचार्य को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई कि निर्धारित समयावधि में संविदा शिक्षक उपस्थित रहें ।

OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT PITHORA
DISTT.- MAHASAMUND (C.G.)
E-Procurement Tender Notice (4th Call)

Letter no./1083/N.P./PWD/2026-27 Pithora, Dated 27.08.2026

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works / supply works up to date 07.09.2026 at 17:30 Hours

S. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (in Lakh)	Earnest Money (in RS.)	Class of Contractor
1	198399	DEVELOPMENT AND BEAUTIFICATION WORK OF DEEN DAYAL UPADHYAY CHOWK	22.15	17000/-	of appropprite Class
2	198400	DEVELOPMENT AND BEAUTIFICATION WORK OF SHYAMA PRASAD MUKHERJEE CHOWK	22.13	17000/-	of appropprite Class

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 27.08.2026 at 18:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process, you may please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHAYAT PITHORA

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा
(छत्तीसगढ़)

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2025-2026
ग्राम का नाम दतरेंगी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र कुमार साहू पिता श्री रवि साहू जाति तेली निवासी ग्राम दतरेंगी प.ह.नं. 05 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने पुत्री गौरी साहू पिता सुरेन्द्र कुमार साहू माता का नाम सुरजा साहू का जन्म दिनांक 20.10.2017 (स्थान) ग्राम दतरेंगी का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत दतरेंगी तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 09/09/26 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 09/09/26 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18/08/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भाटापारा (छत्तीसगढ़)

प्रारूप (तीन)
// शपथपत्र //

मैं **विद्या देवी साहू पति बलदाऊ साहू,** निवासी- वार्ड क्रमांक- 2, बनरसी, पोस्ट- बरनसी, थाना- आरंग, जिला- रायपुर, छ0ग0 एतद द्वारा मै पूर्णतः पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करती हूँः-

1. मैं **विद्या देवी साहू,** वार्ड क्रमांक- 2, बनरसी, पोस्ट- बरनसी, थाना- आरंग, जिला-रायपुर, छ0ग0 का निवासी हूँ।
2. मेरा पुराना नाम इन्द्राणी INDRANI है और मैं अपना नाम बदलकर विद्या देवी साहू VIDYA DEVI SAHU करवाना चाहती हूँ।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूँगी।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती
विद्या देवी साहू

प्रारूप (तीन)
// शपथपत्र //

मैं **वसुंतला साहू पति गणेश साहू,** निवासी- वार्ड क्रमांक- 7, बरमबाबा चौक, जरौदा, पोस्ट- तर्रा, थाना- धरसींवा, जिला- रायपुर, छ.ग. एतद द्वारा मै पूर्णतः पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करती हूँः-

1. मैं **वसुंतला साहू,** निवासी- वार्ड क्रमांक- 7, बरमबाबा चौक, जरौदा, पोस्ट- तर्रा, थाना- धरसींवा, जिला- रायपुर, छ.ग. का निवासी हूँ।
2. मेरा पुराना नाम **नीरा बाई** NEERA BAI है और मैं अपना नाम बदलकर वसुंतला साहू VASUNTALA SAHU करवाना चाहती हूँ।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूँगी।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती
वसुंतला साहू

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी,
महासमुंद जिला महासमुंद
// ईश्तहार //

क्रमांक /112/ तह. / वा. / 2026
महासमुंद, दिनांक 20/08/2026
रा.प्र.क्र...../ब-98/2026
ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास सुराना पिता श्री रेखचंद सुराना जाति जैन निवासी महासमुंद थाना व तहसील महासमुंद (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक के बहन नीतू सुराना का जन्म दिनांक 07.11.1980 को महासमुंद में हुआ है किन्तु भूलवश जन्म पंजीयन ग्राम पंचायत / नगरपालिका परिषद महासमुंद में नही करा पाने के कारण विलंब से (जन्म / मृत्यु पंजीयन नियम 2001 छ.ग. शासन के नियम 09/03 के अधिन) जन्म पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 7/9/16 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर **कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
महासमुंद

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी, रायपुर में निर्मित एम. आई. जी. भवन योजना के अतंर्गत दुकानों / भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक MIG-215 (B) 1. ललित कुमार जैन S/O स्व. मोहन लाल जैन, 2. ललिता देवी जैन W/O स्व. मोहन लाल जैन को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 05/08/2004 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 20/07/2026 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती श्रेया गोयनका पति श्री आशीष गोयनका के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय – अधीक्षण अभियंता (सिविल) एश यूटीलाईजेशन एंड पॉलूशन कन्ट्रोल
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कम्पनी मर्यादित : कोरबा पश्चिम

क्र. 017-27/1x500मे.वा./ए.यू.एण्ड पी.सी./2725 कोरबा पश्चिम, दिनांक 21.08.2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु छ.रा.विद्युत मंडल/छ.रा.विद्युत उत्पादन कम्पनी में समान कार्य में अनुभवी एवं उपयुक्त श्रेणी अथवा शासकीय विभाग/उपक्रम में पंजीकृत ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित है। अपंजीकृत ठेकेदार जिन्हें शासकीय विभाग/उपक्रम में समान कार्यो का अनुभव हो, वे अपने आवेदन के साथ कम से कम कार्यपालन अभियंता स्तर के अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण प्रस्तुत करने पर विचार किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 08.09.2026 निविदा विक्रय की अंतिम तिथि 08.09.2026 तथा निविदा खुलने की तिथि 09.09.2026 होगी।

01.निविदा विशेषीकरण क्रमांकः–SE(C)/AU&PC/1x500MW/2026-27- 07. कार्य का नाम : **Deployment of one No. SUV (Earlier Jeep) 03 to 04 year old on hire basis for day to day work of E.E. (Civil), AU&PC, Dn.-II, HTPS, CSPGCL, Korba West** अनुमानित लागत : रू. 12,06,374/–। बयाने की राशि : रू.12,100/–। निविदा प्रपत्र का मूल्य : रू 590/–। निविदाकारों की श्रेणी : वाहन मालिक या वाहन आपूर्तिकर्ता के पास समान कार्य का अनुभव। कार्य पूर्ण करने की अवधि : 24 माह (वर्षा ऋतु सहित)। दर : आयटम दर प्रपत्र–ब। रखरखाव अवधि : निरंक।

अधीक्षण अभियंता (सिविल)
ए.यू.एण्ड पी.सी 1x500 मे.वा.
S- 48880/3 **ह.ता.वि.गृह छ.रा.वि.उ.कं.लि. कोरबा (पश्चिम)**

साइबर जागृति शिविर में विद्यार्थियों को किया जागरूक

सेक्सटॉर्शन और डिजिटल अरेस्ट से बचाव के बताए उपाय

कुरूद/नवप्रदेश। साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के बीच लोगों को जागरूक एवं सुरक्षित करने के उद्देश्य से मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगौद एवं परखंदा में साइबर जागृति शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों को साइबर अपराध के बदलते तौर-तरीकों, ऑनलाइन ठगी से बचाव तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता बरतकर साइबर ठगी के अधिकांश मामलों से बचा जा सकता है।थाना प्रभारी अवध राम साहू ने कहा कि सोशल मीडिया के इस्तेमाल और ऑनलाइन लेन-देन के दौरान विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट में मजबूत पासवर्ड रखने और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट, संदिग्ध प्रोफाइल, अनजान कॉल, मैसेज और लिंक से सावधान रहने तथा निजी फोटो, दस्तावेज एवं व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक नहीं करने की अपील की।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी भ्रामक, एडिटेड या संदिग्ध वीडियो एवं मैसेज को बिना सत्यापन के शेयर नहीं करना चाहिए। अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक, क्यूआर कोड अथवा किसी ऐप या फाइल को डाउनलोड करने से पहले उसकी विश्वसनीयता की जांच करना जरूरी है। एएसआई गणेश राम खूंटे ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के साथ नशे से दूर रहने और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया।

सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की दी जानकारी

साइबर वालंटियर रेखराम साहू एवं श्रवण साहू ने पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को सेक्सटॉर्शन, डिजिटल अरेस्ट सहित सोसल मीडिया उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर ठग लोगों को डराकर, लालच देकर या उनकी निजी जानकारी का दुरुपयोग कर ठगी का शिकार बनाते हैं। फर्जी पुलिस अधिकारी, कस्टमर केयर प्रतिनिधि या अन्य अधिकारी बनकर लोगों को डराने और ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कराने के मामले भी सामने आ रहे हैं।कार्यक्रम का आभार प्राचार्य रविन्द्र कुमार साहू ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

बहनों की तरक्की, परिवार की शान विष्णु भैया का यही अभियान

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में खुशहाली ला रही है। इस योजना से लाभान्वित हुई बेमेतरा विकासखंड की ग्राम पंचायत बेहरा की मंजू सिन्हा ने कहा - ÷बहनों की तरक्की, परिवार की शान, विष्णु भैया का यही अभियान है।÷ मंजू सिन्हा ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें प्रतिमाह 1000 रूपए की आर्थिक सहायता मिल रही है। पहले घर के छोटे-छोटे खर्चों के लिए भी दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब इस राशि से वे अपनी जरूरतों को खुद पूरा कर रही हैं और बच्चों की पढ़ाई में भी मदद हो रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। अब महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। मंजू सिन्हा ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विष्णु भैया ने जो वादा किया था, उसे निभाया है। यह योजना केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि बहनों के सम्मान और स्वाभिमान की योजना है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन परसड़क सुरक्षा एवं यातायात का अभियान जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी पालन को सुनिश्चित करने के लिए समस्त थाना/चौकी एवं यातायात पुलिस बेमेतरा द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 26 अगस्त 2026 को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 19 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 5 हजार 9 सौ रुपये का समन शुल्क लिया गया। अभियान के दौरान नो-एंट्री, तेज गति, बिना लाइसेंस, बिना बीमा, बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, परमिट शर्तों का उल्लंघन, मॉडिफाइड साइलेंसर तथा शराब सेवन कर वाहन चलाने जैसे मामलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर दिया जोर

बेमेतरा/नवप्रदेश। दुर्ग संभागायुक्त सत्य नारायण राठौर ने आज बेमेतरा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टेमरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। संभागायुक्त ने ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष, लैबोरेटरी एवं टीकाकरण कक्ष का निरीक्षण कर मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से स्टाफ की उपलब्धता, दवाओं के स्टॉक और उपकरणों की स्थिति के बारे में पूछताछ की। संभागायुक्त राठौर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्तायुक्त और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने और मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रसव कक्ष का विशेष रूप से अवलोकन किया और निर्देश दिए कि प्रसूता महिलाओं की विशेष देखभाल की जाए।

पुलिस अधीक्षक को रक्षा सूत्र बांधकर महिला मोर्चा ने दी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मंडल नगरी की बहनों ने रक्षाबंधन के अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना पांडे को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान महिला मोर्चा की बहनों ने क्षेत्रवासियों की सुरक्षा में दिन-रात तैनात पुलिस जवानों को भी रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश महिला मोर्चा 'मन की बात' की सह प्रभारी प्रेमलता नागवंशी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष , लक्ष्मी ठाकरे, सुलोचना साहू, महामंत्री एवं जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम, वरिष्ठ नेत्री अमिता दुबे, रामेश्वरी साहू, बबिता साहू, प्रीति यदु, अंचला यदु, सुलोचना सिन्हा, विभा राजपूत सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की बहनें उपस्थित रहीं।

परसवानी में सी.सी. रोड एवं महामाया मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवानी (अ) में सी.सी. रोड निर्माण एवं महामाया मंदिर प्रांगण में पेवर ब्लॉक सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि -गांवों के विकास से ही देश का विकास संभव है। केंद्र में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की डबल इंजन सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा - इन चार स्तंभों को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं ने आज अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाया है। शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं।

अधिकारियों और नेताओं की अनदेखी से जानलेवा बनी सड़क

मोहभट्ठा-भेड़नी मार्ग एक दशक से बदहाल

समस्या व परेशानी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला बेमेतरा के ब्लॉक बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहभट्ठा से भेड़नी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क पिछले दस वर्षों से अत्यंत जर्जर स्थिति में है। कभी आवागमन को सुगम बनाने के लिए निर्मित यह मार्ग अब ग्रामीणों के लिए हादसों का जरिया बन चुका है।

उपेक्षा के शिकार ग्रामीण

क्षेत्र से जनप्रतिनिधियों, सांसदों और प्रशासनिक अधिकारियों का लगातार गुजरना होता है, लेकिन इसके बावजूद इस बदहाली पर सभी की चुप्पी ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। जिसके कारण ग्रामीण व क्षेत्रवासी अपने आप को उपेक्षित महसूस करने लगें हैं।

निरीक्षण और मॉनिटरिंग की कमी

विभागीय इंजीनियर, एसडीओ और कार्यपालन अभियंता जैसे जिम्मेदार अधिकारियों पर आरोप है कि वे बिना धरातलीय निरीक्षण और मॉनिटरिंग के केवल दफ्तरों तक सीमित हैं, जिससे जमीनी हकीकत जस की तस बनी हुई है।

जर्जर पुलिया बहने से बढ़ी समस्या

समस्या यहीं खत्म नहीं होती, पहली ही बारिश में सलधा से डडजरा के बीच चंडी माता मंदिर के समीप कमजोर नाले की पुलिया बह गई, जिससे क्षेत्र का संपर्क टूट गया है और आवागमन में भारी मुश्किलें आ रही हैं। बदहाल सड़क और टूटी पुलिया के कारण क्षेत्रवासियों, विद्यार्थियों और किसानों का जीना दूभर हो गया है।

संडी और सलधा धार्मिक स्थलों का हैं पहुंच मार्ग

इस बदहाल मार्ग की अहमियत इसलिए भी अधिक है क्योंकि ग्राम संडी स्थित प्रसिद्ध सिद्धि माता मंदिर एवं शिव गंगा धाम सलधा जाने के लिए लाखों श्रद्धालु, नेता और अधिकारी इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। नवरात्रि सहित कई पावन पर्व पर यहां विशाल जनसैलाब उमड़ता है, फिर भी किसी का ध्यान इस जानलेवा सड़क की मरम्मत की ओर नहीं जाता।

लगातार घटना दुर्घटना

इस जर्जर सड़क मार्ग के गड्ढों के कारण आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं। हाल ही में रविवार शाम मोहभट्ठा निवासी एक बाइक सवार गहरे गड्ढे के कारण अनियंत्रित होकर गिर गया, जिससे उसे सिर, नाक और पैर में गंभीर चोटें आईं।

सड़क की दयनीय हालत का सबसे बुरा असर आपातकालीन सेवाओं और स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। 108, 112, 102 और फायर ब्रिगेड जैसी गाड़ियां गड्ढों के कारण समय पर नहीं पहुंच पातीं, जिससे गंभीर स्थिति में मरीजों की जान पर बन आती है।

गड्ढों के गंदे पानी से कपड़े गंदे

वहीं बारिश के मौसम में गड्ढों में भरे पानी और गुजरते बड़े वाहनों से उछलते गंदे पानी के कारण स्कूली बच्चों एवं लोगों के कपड़े खराब हो जाते हैं। खराब रास्तों की वजह से विद्यार्थियों की साइकिलें भी हफ्तों में दम तोड़ देती हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि कागजी फाइलों से निकलकर सड़क का नया निर्माण और पुलिया की तत्काल मरम्मत कराई जाए, अन्यथा वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के स्थापना दिवस पर दिल्ली दौरा

छत्तीसगढ़ के वंचित वर्गों के मुद्दों पर उच्चस्तरीय चर्चा

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के 33वें स्थापना दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए वंचित शोषित सामाजिक संगठनों के अखिल भारतीय परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष मयूर हथेल दिल्ली प्रवास पर रहे।

आयोग के स्थापना दिवस कार्यक्रम के पश्चात मयूर हथेल ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य डॉ. पार्थ विश्वास से सौजन्य भेंट कर छत्तीसगढ़ के विभिन्न सामाजिक एवं वंचित वर्गों की वास्तविक परिस्थितियों, उनकी समस्याओं तथा सामाजिक-आर्थिक उत्थान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं गंभीर चर्चा की।

बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ में सफाई कर्मचारियों सहित वंचित एवं शोषित वर्गों के अधिकारों, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, मूलभूत सुविधाओं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विषयों को प्रमुखता से रखा गया। साथ ही यह आग्रह किया गया कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक सुनिश्चित रूप से पहुंचे और जमीनी स्तर पर इसकी प्रभावी निगरानी हो। मयूर हथेल ने राष्ट्रीय आयोगों के पदाधिकारियों को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आने का आमंत्रण भी दिया।

> उन्होंने कहा कि वंचित और शोषित वर्गों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा केवल योजनाओं के निर्माण से नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन और जमीनी स्तर पर निगरानी से सुनिश्चित होगी। छत्तीसगढ़ के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, अधिकार और विकास का लाभ पहुंचाने के लिए सामाजिक संगठनों और संवैधानिक संस्थाओं के बीच समन्वय आवश्यक है।
>
> – मयूर हथेल, प्रदेश अध्यक्ष

ऑडिट व्यवस्था को लेकर एसडीओ ने सीईओ को लिखा पत्र

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। महालेखाकार (लेखापरीक्षा) छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा 25 अगस्त 2026 से 1 सितंबर 2026 तक जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के खातों का ऑडिट किया जाना है। इस संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उपसंभाग डोंगरगढ़ द्वारा 24 अगस्त 2026 को जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र भेजकर ऑडिट से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर स्पष्ट स्थिति सामने रखी गई है। पत्र में एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ने महालेखाकार कार्यालय के ऑडिटर के ग्राम पंचायतों में भ्रमण, निरीक्षण तथा रहने और भोजन, चाय-नाश्ता आदि की आवश्यक व्यवस्था को लेकर अपनी असमर्थता जाहिर की है। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया है कि उनके कार्यालय के पास इस प्रकार की व्यवस्था के लिए किसी भी प्रकार का आवंटन उपलब्ध नहीं है और न ही ऐसी राशि व्यय करने का अधिकार है।

एसडीओ ने बताया कि ऑडिट से संबंधित किसी भी नस्ती अथवा दस्तावेज का उनके कार्यालय में उपलब्ध होना भी आवश्यक नहीं है। महालेखाकार कार्यालय रायपुर के पत्र के अनुसार ऑडिटर को आवश्यक शासकीय दस्तावेज उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय की है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि ऑडिट के लिए संबंधित ऑडिटर अपने खर्च पर दौरा करते हैं और उन्हें शासन से दैनिक दौरा भत्ता प्राप्त होता है। वहीं, शासन के संबंधित निर्देशों में दिए गए स्थापना विवरण के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ऑडिट के अधीन कार्यरत अधिकारी नहीं हैं।

सैनिकों को भेजीं एक हजार छत्तीसगढ़ी पारंपरिक राखियां

पुलिस व स्वास्थ्यकर्मियों को बांधा रक्षासूत्र

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस में रक्षाबंधन के अवसर पर मिशन लाइफ इको क्लब एवं साइंस क्लब के तत्वावधान में देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण और छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकपरंपरा को समर्पित प्रेरणादायी आयोजन किया गया। विद्यालय की व्याख्याता एवं क्लब प्रभारी समीक्षा गायकवाड़ के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं क्लब सदस्यों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला-संस्कृति की झलक समेटे एक हजार हस्तनिर्मित इको-फ्रेंडली राखियां तैयार कर देश की सीमाओं पर तैनात सैनिक भाइयों को भेजीं। साथ ही थाना और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाकर रक्षासूत्र बांधे और सेवा सुरक्षा के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इको क्लब अध्यक्ष

मोनिका देवांगन ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा तैयार राखियों की खासियत उनमें दिखाई देने वाली छत्तीसगढ़ की पारंपरिक विरासत और स्थानीय कला की झलक रही। राखियों में धान एवं प्राकृतिक सामग्री का प्रयोग करते हुए बस्तर कला से प्रेरित आकर्षक डिजाइन तैयार किए गए। इसके साथ ही ऊन, मोती, बाँस, माचिस की तीलियों तथा अन्य पर्यावरण अनुकूल सामग्री से भी सुंदर राखियां बनाई गईं।

रक्षाबंधन को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक

छुईखदान/नवप्रदेश। भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन नजदीक आते ही छुईखदान के बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। नगर के मुख्य बाजार, दुकानों और राखी के स्टॉलों पर त्योहार की तैयारियां नजर आने लगी हैं। राखी, कपड़े, मिठाई, गिफ्ट आइटम और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर सजाने के लिए आकर्षक और पसंदीदा राखियां खरीदने बाजार पहुंच रही हैं।

रक्षाबंधन को लेकर इस बार बाजार में पारंपरिक राखियों के साथ आधुनिक डिजाइन की राखियां भी उपलब्ध हैं। रुद्राक्ष, मोती, चंदन, स्टोन, फैंसी और रंग-बिरंगी राखियां ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर और खिलौना आधारित राखियों की भी अच्छी वैरायटी दुकानों पर देखने को मिल रही है।

कुरूद में 'युवा कनेक्ट खेलो इंडिया संवाद' संपन्न

जो खेलेगा, वही खिलेगा : 2036 ओलंपिक और विकसित भारत निर्माण का गूंजा संकल्प

कुरूद/नवप्रदेश। स्थानीय सेमिनार हॉल में 'युवा कनेक्ट खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेरणादायी संबोधन सुना। ?प्रधानमंत्री ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि युवाशक्ति और प्रतिभा को विकसित भारत के निर्माण से जोड़ने का महाअभियान है। उन्होंने ÷जो खिलाड़ी खेलेगा, वही खिलेगा÷ का मंत्र देते हुए 2036 ओलंपिक की मेजबानी और भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने के लिए अभी से जुटने का आह्वान किया।

संस्थानों की सक्रिय सहभागिता : कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुरूद, उद्यानिकी महाविद्यालय, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय तथा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कुरूद के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

अतिथियों ने बढ़ाया युवाओं का उत्साह : मुख्य अतिथि (पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर): उन्होंने कहा कि युवाओं में ऊर्जा और नवाचार की कमी नहीं है। इस ऊर्जा का सही उपयोग शिक्षा, खेल और सामाजिक कार्यों में होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि (नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर): युवाओं को नशामुक्ति, सकारात्मक सोच और 'विकसित भारत 2047' के विजन से जुड़ने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि (जनपद पंचायत अध्यक्ष गीतश्वरी हेमंत साहू): खेल को दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बताते हुए अनुशासन और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया।

रक्षाबंधन के अवसर पर छात्राओं ने जनसेवकों को बांधी राखी

भाटापारा/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर आधारशिला सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने समाज एवं जनसेवा के प्रति समर्पित जनसेवकों के प्रति सम्मान और भाईचारे की भावना व्यक्त करते हुए उन्हें राखी बांधी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा , नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा , एस.डी.ओ.पी. तरेश साहू , सिटी थाना के एस.आई. राधेश्याम वर्मा तथा बी.ई.ओ. कार्यालय में भास्कर देवांगन से भेंट कर उन्हें राखी बांधी और उनके प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया।

पेज 1 का शेष...

नेपाल जलप्रलय...

से इतनी राशि जुटाए जाने की संभावना जताई है। फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती लापता लोगों तक पहुंचना है। सड़कें और पुल टूटने, बिजली तथा संचार नेटवर्क ठप होने और कई इलाकों में भारी मलबा जमा होने के कारण बचाव अभियान मुश्किल बना हुआ है। अधिकारियों ने चेताया है कि दूरदराज के क्षेत्रों तक टीमें पहुंचने के साथ मृतकों और लापता लोगों का आंकड़ा बदल सकता है।

युवाओं को स्क्रीन से...

और प्लेग्राउंड चाहिए। स्वस्थ समाज और मजबूत परिवार के लिए स्पोर्ट्समैन स्पिरिट जरूरी है। खेल हमें चैंपियन के साथ बेहतर प्रतियोगी बनना सिखाते हैं। पैरा एथलीट्स की सफलता समाज और परिवारों में नई उम्मीद जगाती है।

फंडामेंटल्स ऑफ जेनेटिक्स...

है। बीएससी कृषि प्रथम वर्ष, द्वितीय सेमेस्टर की 'फंडामेंटल्स ऑफ जेनेटिक्स' परीक्षा को विश्वविद्यालय ने निरस्त कर दिया है। यह परीक्षा 19 अगस्त 2026 को आयोजित हुई थी। विश्वविद्यालय की ओर से जारी सर्कुलर के अनुसार, परीक्षा प्रशासनिक कारणों से रद्द की गई है। अब यह परीक्षा सितंबर 2026 के दूसरे सप्ताह में दोबारा आयोजित की जाएगी।इधर विश्व विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने तेलीबांधा थाना प्रभारी को प्रश्न पत्र लीक की पूर्व में चल रही जांच में इसको भी शामिल करने का आग्रह किया है।

कस्टडी में मौत पर सीबीआई...

सीबीआई को 13 अक्टूबर की अगली सुनवाई से पहले जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक ग्राम मोहरा निवासी 35 वर्षीय श्रवण सूर्यवंशी को पुलिस 17 जनवरी 2024 को लेकर गई थी। 18 जनवरी को पुलिस ने 6 लीटर महुआ शराब के साथ उसकी गिरफ्तारी बताते हुए आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया। 19 जनवरी को कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। 21 जनवरी को उसकी तबीयत बिगड़ी और सिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां 22 जनवरी को मौत हो गई। मामले की न्यायिक जांच में मौत की वजह सिर में लगी चोट के कारण कार्डियो-रेस्पिरेटरी अरेस्ट बताई गई थी। 22 जुलाई 2024 को सौंपी गई रिपोर्ट में शरीर में किसी तरह का रासायनिक जहर नहीं मिलने की बात भी सामने आई। श्रवण की पत्नी ने जांच में कहा था कि पुलिसकर्मी उसे अपने साथ लेकर गए थे। परिजनों ने पुलिस हिरासत में मारपीट के आरोप भी लगाए हैं।सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को यह जांचने को कहा है कि श्रवण की मौत किन परिस्थितियों में हुई और क्या कोई अधिकारी हिरासत में हिंसा के लिए जिम्मेदार था। कोर्ट ने राज्य सरकार को मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपए अंतरिम मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। सीबीआई की टीम बिलासपुर पहुंचकर थाने और सेंट्रल जेल से केस डायरी, मेडिकल रिपोर्ट तथा अन्य जरूरी दस्तावेज जुटा चुकी है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल पर...

मांगने और सामग्री हटाने की बात कही। इसके बाद 19 अगस्त 2026 को उन्होंने शपथपत्र पेश कर फिर माफी मांगी। राज्य सरकार ने भी कड़ी शर्तों के साथ मामले के निपटारे पर सहमति जताई। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि दोनों को सार्वजनिक और न्यायालय के समक्ष माफी मांगनी होगी, आपत्तिजनक पोस्ट व कार्टून हटाने होंगे और भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने का शपथपत्र देना होगा।

10 हजार बच्चों में खोजे...

विभिन्न चरणों में चयनित विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण के साथ बेंगलुरु भ्रमण और अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से संवाद का अवसर मिलेगा। जिला प्रशासन जशपुर और IDYM Foundation के संयुक्त तत्वावधान में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के साथ उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष यात्रा और अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण की व्यावहारिक जानकारी देना है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है।

नेपाल त्रासदी: सैलाब में बहते सपने, मलबे में दबी जिंदगी की उम्मीद

काठमांडू/नवप्रदेश/कुमार अभिनव। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया है कि नेपाल त्रासदी में 288 भारतीय नागरिक लापता हैं। इनमें 73 लोग त्रिशूली पावर प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैं। इनके अलावा 37 और 39 लोगों के दो समूह तमिलनाडु के हैं, जो कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए हुए हैं। इनके अलावा तीसरा समूह 32 लोगों का है, जो पश्चिम बंगाल के हैं, वे भी कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए हुए हैं। इनके अलावा 61 लोग विभिन्न राज्यों के हैं, जो नेपाल में लापता हैं। साथ ही केरलम के 33 लोगों का भी एक समूह नेपाल में लापता है। इस तरह कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए कुल पांच समूह लापता हैं।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि एक कंट्रोल रूम विदेश मंत्रालय में स्थापित किया गया है और भारतीय दूतावास के हम लगातार संपर्क में हैं। रणधीर जायसवाल ने बताया कि बाढ़ के चलते नेपाल में नेटवर्क बुरी तरह से बाधित हुआ है, जिसके चलते भी कई लोगों से संपर्क नहीं हो पाया है। हमारे नेपाल और बीजिंग में मौजूद दूतावास 24 घंटे हेल्पलाइन चलाकर लोगों की मदद कर रहे हैं।

भारत ने नेपाल भेजी 47 टन राहत सामग्री

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि नेपाल को इस मुश्किल समय में मदद के लिए भारत ने दो विमान भेजे हैं। जिनमें से एक सी-130 जे विमान 10 टन राहत सामग्री लेकर बुधवार को नेपाल हुआ था। इनमें अस्थायी शेल्टर, दवाइयां आदि लेकर गया है। आज भी एक सी-17 विमान 37 टन राहत सामग्री लेकर नेपाल के लिए रवाना हुआ है। इनमें से आठ टन दवाइयां हैं और एक टन खाद्य पदार्थ है। इस तरह दो दिनों में नेपाल को 47 टन राहत सामग्री भेजी जा चुकी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि जो भी राहत सामग्री भेजी गई है, वह नेपाल की मांग के आधार पर ही भेजी गई है।

तमिलनाडु के 21 लोगों को सुरक्षित बचाया गया

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि तमिलनाडु के 21 लापता लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। जल्द ही इन लोगों को काठमांडू से नई दिल्ली लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्री चीन में भी फंसे हुए हैं। इन लोगों का करीब 200 का आंकड़ा है। जिन्हें जल्द भारत लाया जाएगा।

नाम/परिवर्तन

मैं रमेश कुमार साहू (Ramesh Kumar Sahu) पिता राम प्रसाद साहू (Ram Prasad Sahu) निवासी-120 इंदिरा नगर, शीतला मंदिर के के पासवार्ड नंबर-05, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) एतद् द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ :- यह कि रमेश कुमार साहू (Ramesh Kumar Sahu) पिता राम प्रसाद साहू (Ram Prasad Sahu) निवासी-120 इंदिरा नगर, शीतला मंदिर के के पासवार्ड नंबर-05, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूँ। मैं अपने पुराने नाम खोरबारहा (Khorbhra) पिता राम प्रसाद साहू (Ram Prasad Sahu) अपना नाम बदल कर मैं रमेश कुमार साहू (Ramesh Kumar Sahu) पिता राम प्रसाद साहू (Ram Prasad Sahu) करवाना चाहता हूँ। मैं अपने नाम को बदल कर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ उसके लिये मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता
रमेश कुमार साहू
पिता राम प्रसाद साहू
निवासी-120 इंदिरा नगर, शीतला मंदिर के के पासवार्ड नंबर-05, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक झरना वर्मा पिता देवानंद वर्मा डोमा जाति कुर्मी निवासी डोमा तहसील बोरी जिला दुर्ग द्वारा ग्राम डोमा प.ह.नं.-05 रा.नि.मं. बोरीबुजुर्ग तहसील बोरी में अपने दादा टीकाराम पिता जगतराम की मृत्यु दिनांक 08.07.1973 को हुआ है, का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आदेश जारी किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।

अतः मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आदेश जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 09/09/2026 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 27/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)**

भारत ने स्नो लेपर्ड के संरक्षण पर रूस-भारत राउंडटेबल बैठक में लिया हिस्सा

नई दिल्ली/ए.। भारत ने बुधवार को रूस के मॉस्को में रशियन एकेडमी ऑफ साइंसेज के ए.एन. सेवरत्सोव इंस्टीट्यूट ऑफ इकोलॉजी एंड इवोल्यूशन में आयोजित स्नो लेपर्ड (हिम तेंदुए) के अध्ययन और संरक्षण पर रूस-भारत राउंडटेबल बैठक में भाग लिया। यह बैठक इंटररिजनल एसोसिएशन 'Irbis' और इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA) के बीच दिसंबर 2025 में हुए साझेदारी समझौते के तहत आयोजित की गई। समझौते का उद्देश्य स्नो लेपर्ड पर अनुसंधान और संरक्षण के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

(MoEFCC) के प्रतिनिधिमंडल ने विज्ञान-आधारित पहलों के माध्यम से स्नो लेपर्ड संरक्षण में भारत की प्रगति को रेखांकित किया। वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (WII) के अधिकारियों ने आबादी अनुमान, रेडियो टेलीमेट्री और जेनेटिक एनालिसिस में हुई उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। उन्होंने संरक्षण रणनीतियों को बेहतर बनाने और प्रजाति की प्रभावी निगरानी के लिए वैज्ञानिक उपकरणों व आधुनिक तकनीकों के बढ़ते महत्व पर जोर दिया।

राउंडटेबल में रूसी संघ के प्राकृतिक संसाधन और पर्यावरण मंत्रालय, ए.एन. सेवरत्सोव इंस्टीट्यूट, मॉस्को चिड़ियाघर, रोस्प्रीरोडनादज़ोर तथा स्नो लेपर्ड अनुसंधान व संरक्षण से जुड़े प्रमुख विशेषज्ञ शामिल हुए। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने चर्चाओं और विशेष सत्रों में सक्रिय भूमिका निभाई। इन सत्रों में स्नो लेपर्ड संरक्षण और वैज्ञानिक अध्ययन के लिए संयुक्त कार्य के तरीकों पर फोकस किया गया।

लिव-इन में रह रहे बालिग जोड़े को हाईकोर्ट की राहत

हिमाचल प्रदेश :अपनी इच्छा से साथ रहने की मिली अनुमति

शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे एक बालिग युवक-युवती को बड़ी राहत देते हुए उन्हें अपनी इच्छा के अनुसार साथ रहने और रिश्ते को आगे जारी रखने की अनुमति दी है। अदालत ने कहा कि जब दोनों व्यक्ति बालिग हैं और अपनी मर्जी से कोई निर्णय ले रहे हैं, तो उन्हें अपने निजी जीवन के संबंध में स्वतंत्र फैसला लेने का अधिकार है।मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने युवती की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत के समक्ष बताया गया कि दोनों की उम्र करीब 21 वर्ष है और वे जनवरी 2026 से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। मामले में युवक के माता-पिता शुरुआत में दोनों के रिश्ते के विरोध में थे। याचिका में आरोप लगाया गया था कि माता-पिता युवक को उसकी इच्छा के

विरुद्ध कांगड़ा स्थित घर ले गए और वहां रखा गया। सुनवाई के दौरान युवक के माता-पिता भी अदालत में मौजूद रहे। उन्होंने बाद में स्पष्ट किया कि अब उन्हें युवक-युवती के रिश्ते पर कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, माता-पिता ने अदालत के सामने यह चिंता जरूर जताई कि युवक अभी पढ़ाई कर रहा है और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के फैसले का उसकी शिक्षा पर असर पड़ सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने दोनों युवाओं से बातचीत और काउंसलिंग भी की।

अदालत ने उन्हें अपने रिश्ते के साथ-साथ शिक्षा और भविष्य को लेकर भी गंभीर रहने की सलाह दी। अदालत ने परिस्थितियों को देखते हुए स्पष्ट किया कि दोनों बालिग हैं और अपनी इच्छा से साथ रहना चाहते हैं।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.202608100700077 /अ-74/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) गुलाब जैन आ. लालचंद जैन पता-शनिचरी बाजार दुर्ग वर्तमान पता-गुरूघासीदास प्लाजा तीसरी मंजिल बिल्डर्स आमानाका रायपुर (छ.ग.) (2) राकेश बैद आ. ज्ञानचंद जैन निवासी-सेक्टर 10 मार्केट भिलाई तह. व जिला दुर्ग, (3) अंकुश जैन आ. गुलाब जैन पता-शनिचरी बाजार दुर्ग वर्तमान पता-गुरूघासीदास प्लाजा तीसरी मंजिल बिल्डर्स आमानाका रायपुर (छ.ग.), (4) श्रीमती बिरजा जेना पति रामेश्वर जेना पता-बी.के.डी. 02, सड़क 31 सेक्टर 9 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (5) हरिश आडिल आ. संतराम आडिल (6) श्रीमती मंजू आडिल पति हरिश आडिल दोनो निवासी-79 ए रिसाली सेक्टर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (7) श्रीमती भानूमति साव पति मुकुन्द लाल साव निवासी-मठपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा रिसाली प.ह.न. 49 रा.नि.म. रिसाली तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नबंर 104/2 रकबा 0.1320 हेक्टेयर भूमि के संबंध में सिविल न्यायालय दुर्ग के प्रकरण क्रमांक सी एस ए/15/2017 में आवेदकगणों के पक्ष में दिनांक 10.10.2024 को आदेश पारित किया गया जिसमें वादी/अनावेदक का वाद खाशिर किया जा चुका है। माननीय सिविल न्यायालय में पारित आदेश के परिपालन में उपरोक्त वर्णित भूमि की विक्रय हस्तांतरण स्टे हटाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 11.09.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.08.2026 प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम/परिवर्तन

मैं विभा टिकरिहा (VIBHA TIKARIHA) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी शुभम (SHUBHAM) गाँव/शहर प्लाट नं. 457/32, स्ट्रीट नं-21/ए, आशीष नगर वेस्ट रिसाली, भिलाई, तहसील- दुर्ग, जिला- दुर्ग (छत्तीसगढ़) ने अपना नाम-विभा टिकरिहा (VIBHA TIKARIHA) (पुराना नाम) से बदल कर विभा वर्मा (VIBHA VERMA) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
विभा टिकरिहा पिता/पति शुभम गाँव/शहर प्लाट नं. 457/32, स्ट्रीट नं-21/ए, आशीष नगर वेस्ट रिसाली, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202608100800090 /अ-06अ/वर्ष 2025-26
ग्राम डंगनिया, प.ह.न. 17

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक पिरीत राम यादव पिता मेहत्तर यादव उम्र 70 वर्ष जाति ठेठवार निवासी ग्राम डंगनिया तहसील धगधा जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 17 स्थित खसरा नंबर 27 रकबा 0.34 हे. का ऑनलाईन रिकार्ड उपलब्ध नहीं है, जिसे सुधार कर ऑनलाईन उपलब्ध कराने का आवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 07.09.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर **तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)**

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दिलीप दिलीप कुमार देवांगन (Dilip Kumar Dewangan) आ. श्री कार्तिक राम देवांगन (Kartik Ram Dewangan), उम्र 56 वर्ष, निवासी-प्लाट नं.- 07, महाराणा प्रताप नगर, मुक्ति धाम रोड, अटल आवास के पीछे, बोरसी, वार्ड नं.- 52, दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) 491001 (Plot No. 07, Maharana Pratap Nagar, Mukti Dham Road, Atal Awas Ke Piche, Borsi, Ward No- 52, Durg, Distt-Durg (C.G.)) 491001 [illegible] दिलीप देवांगन (Dilip Dewangan) [illegible] दिलीप कुमार देवांगन (Dilip Kumar Dewangan) [illegible] दिलीप कुमार देवांगन (Dilip Kumar Dewangan) [illegible]

हस्ताक्षर
दिलीप दिलीप कुमार देवांगन
(Dilip Kumar Dewangan)
आ. श्री कार्तिक राम देवांगन (Kartik Ram Dewangan), उम्र 56 वर्ष, निवासी- प्लाट नं. 07, महाराणा प्रताप नगर, मुक्ति धाम रोड, अटल आवास के पीछे, बोरसी, वार्ड नं.- 52, दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) 491001 (Plot No-07, Maharana Pratap Nagar, Mukti Dham Road, Atal Awas Ke Piche, Borsi, Ward No- 52, Durg, Distt- Durg (C.G.)) 491001

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक झरना वर्मा पिता देवानंद वर्मा डोमा जाति कुर्मी निवासी डोमा तहसील बोरी जिला दुर्ग द्वारा ग्राम डोमा प.ह.नं.-05 रा.नि.मं. बोरीबुजुर्ग तहसील बोरी में अपने छोटे दादा जेरसिंग पिता जगतराम की मृत्यु दिनांक 20.09.1972 को हुआ है, का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आदेश जारी किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।

अतः मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आदेश जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 09/09/2026 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 27/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार अर्जुन्दा जिला बालोद (छ.ग.)
उद्घोषणा

दिनांक 17.09.2026

सर्व साधारण ग्रामवासी ग्राम बम्हनी ह.नं. 03 रा.नि.मं. मोहदीपाट तहसील अर्जुन्दा को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती उषा प्रजापति पिता स्व. पंछीलाल निवासी ग्राम चिंगरी तह. व जिला दुर्ग कास्तकारी ग्राम भिलाई प.ह.नं. 08 स्थित भूमि खसरा नंबर 306 रकबा 0.84 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। यह कि आवेदक के पिता पंछीलाल पिता स्व. दयाराम की मृत्यु दिनांक 19.04.2026 को हो गया है। उनके वारिसान श्रीमती हरछठी, उषा प्रजापति, गनेश्री, पार्वती, आस्था पिसरान पंछीलाल है। उक्त आवेदित भूमि में वारिसान का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ बी-1 खसरा मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो वें दिनांक 03.09.2026 को या इसके पूर्व स्वतः अथवा मान्य अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीयन पदमुद्रा से जारी किया जावे।

मुहर **नायब तहसीलदार अर्जुन्दा जिला बालोद (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20262711112438

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी खोरबाहरीन बाई पिता/पति स्व. ठाकुरराम पता दुर्ग, बदरा पिता/पति स्व. ठाकुरराम पता दुर्ग, सोहगी बाई निषाद पिता/पति स्व. ठाकुरराम पता बेमेतरा, सोहद्राबाई निषाद पिता/पति स्व. ठाकुरराम पता बेमेतरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 89/29(0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता गणेश निषाद पिता/पति उदेराम निषाद पता दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.08.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम/परिवर्तन

मैं बेहेनुबाला साहू (BEHENUBALA SAHU) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/ पत्नी गणेश राम साहू (GANESH RAM SAHU) गाँव / शहर- वार्ड नं-01, आवास पारा, मुजगहन, पोस्ट- गुरुर, तहसील- गुरुर, जिला- बालोद (छत्तीसगढ़) ने अपना नाम- बेहेनुबाला साहू (BEHENUBALA SAHU) (पुराना नाम) से बदल कर भेनुबाला साहू (BHENUBALA SAHU) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
बेहेनुबाला साहू
पिता/पति गणेश राम साहू
गाँव/शहर वार्ड नं 01, आवास पारा, मुजगहन, पोस्ट गुरुर, तहसील गुरुर, जिला बालोद (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104100165

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती रोहणी बाई पिता/पति खोमनलाल पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 687/119(0.0110) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता किरण देशमुख पिता/पति स्व. खोमलाल माहतेल पता असरफिया स्कूल के पास सुभाष नगर दुर्ग, सीमा देशमुख पिता/पति स्व. खोमलाल माहतेल पता गणपति विहार के पास न्यू आदर्शनगर वार्ड 53 दुर्ग, वाणी विलास माहतेल पिता/पति स्व. खोमलाल माहतेल पता गोकुल किराना स्टोर्स के पास सुभाष नगर दुर्ग, सुषमा देशमुख पिता/पति स्व. खोमलाल माहतेल पता 154/बी रुआबांधा सेक्टर भिलाई, वेगेश कुमार माहतेल पिता/पति स्व. खोमलाल माहतेल पता गोकुल किराना स्टोर्स के पास सुभाष नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.09.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.08.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रं./43/न.पा.नि./जलप्रदाय शाखा/2026-27 — बीरगांव, दिनांक 21/08/2026

मैन्यूअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना (Ist Call)

निकाय क्षेत्रान्तर्गत ट्यूब वेल में नया सबमर्सिबल पम्प डालना तथा पुराना सबमर्सिबल पम्प मरम्मत हेतु खोलना / डालना कार्य (लेबर वर्क) तथा प्लेटफार्म निर्माण कार्य (सामग्री एवं लेबर सहित) हेतु निविदा प्रपत्र 'बी' में पात्र फर्मो से मुहरबंद निविदाएं तीन लिफाफा पद्धति में स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्री डॉक से आमंत्रित है। निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 11.09.2026 अपरान्ह 3.00 बजे तक। प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि 11.09.2026 सायं 4.00 बजे।

कार्य समूह क्र.	कार्य क्षेत्र	अनुमानित लागत राशि (लाख रू. में)
1	उरला वार्ड 01 से 05	5.00
2	अछोली वार्ड 06 से 08	3.00
3	रांवांभांठा वार्ड 09 से 15	7.00
4	उरकुरा वार्ड 16 से 19	4.00
5	बीरगांव वार्ड 20 से 27	8.00
6	बीरगांव वार्ड 28 से 36	8.00
7	सरोरा वार्ड 37 से 40	4.00

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से तथा साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com अथवा संचालनालय की बेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

आयुक्त

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, JITENDRA KUMAR JAIN S/O late JEEVAN LAL JAIN, aged 58 years, and resident of Ward No. 4, Gaya Nagar, Durg (Tehsil and District Durg, (C.G.) Have changed my old name JITENDRA JAIN, So in future I should be recognized by my new name that is JITENDRA KUMAR JAIN, in all government, semi-government, and other documents.

JITENDRA KUMAR JAIN
Resident: Ward No. 4, Gaya Nagar, Dayanand Arya Vidyalaya, Durg (C.G)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104100166

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती रोहणी बाई पिता/पति खोमनलाल माहतेल पता सुभाष नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 687/163(0.0130) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता वाणी विलास माहतेल पिता/पति स्व. खोमलाल माहतेल पता गोकुल किराना स्टोर्स के पास सुभाष नगर दुर्ग, सुषमा देशमुख पिता/पति स्व. खोमलाल माहतेल पता 154/बी रुआबांधा सेक्टर भिलाई, किरण देशमुख पिता/पति स्व. खोमलाल माहतेल पता असरफिया स्कूल के पास सुभाष नगर दुर्ग, सीमा देशमुख पिता/पति स्व. खोमलाल माहतेल पता गणपति विहार के पास न्यू आदर्शनगर वार्ड 53 दुर्ग, वेगेश कुमार माहतेल पिता/पति स्व. खोमलाल माहतेल पता गोकुल किराना स्टोर्स के पास सुभाष नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.09.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.08.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO. 836/RAIPUR — **DATED- 25.08.2026**

Online bids are invited for the following works up to **16.09.2026 at 17:30 hours.**

Sr. No.	System Tender No.	Name of Work	Amount of the Estimate (In Lacs)
1	198344	शहीद बिग्रेडियर उस्मान वार्ड 63 अंतर्गत साहू पारा टिकरापारा में आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण कार्य।	11.69 (Lakh)

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **25.08.2026, 17:30 Hours** (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE :-
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
(ZONE NO. 06)
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा जिला - दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक/ /रा.नि./2024 874 — भिलाई-चरौदा, दिनांक 24.08.2026

नामांतरण सूचना

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राहियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित हितग्राहियों के नाम से भूमी/ भू-खण्ड का हस्तांतरण करने में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है, बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा -

क्र.	हस्तांतरणकर्ता का नाम	हस्तांतरिती का नाम	संपत्ति का स्वरुप	संपत्ति का विवरण
1	रुपा मीणा पति-गोकुल प्रसाद मीणा, नि.- पदु. नगर चरौदा वार्ड 19	एस. बाला त्रिपुरा सुन्दरी पति-एस. व्ही. तन्दु, नि.-एल.बी 14 पदुम नगर	बिक्रीनामा	खसरा नं. 396/305 रकबा-1500 वर्गफुट
2	लक्ष्मण सरकार, मन्टू सरकार आ.- सुनील सरकार, अन्य 2 नि.-आदर्श नगर चरौदा वार्ड 24	सुमन वर्मा पति-विजय कुमार वर्मा नि.-आदर्श नगर चरौदा वार्ड 24	बिक्रीनामा	खसरा नं. 267/234 रकबा-2612 वर्ग फुट
3	एस.आर. मंडलोई आ.-मेघनाथ मंडलोई नि.- पदुम नगर एल. वी. 27	हरिश रात्रे पति- राजु रात्रे नि. पदुम नगर एल.वी. 27	बिकीनामा	खसरा नं. 396/191 रकबा-1500 वर्ग फुट
4	देवेन्द्र कुमार एवं सरस्वती पति एवं पिता - स्व. दुलार सिंह नेहरु नगर अजाद चौक	देवचरण पिता - स्व. दुलार सिंह नेहरु नगर अजाद चौक	हकत्याग	खसरा नं. 393/45 रकबा- 0.0080 हे.
5	सी.टी. जेवियर पति- स्व.एल.जे जेवियर नि.-आदर्श नग. चरौदा वार्ड 24	लेखराज जेवियर पिता- स्व.एल.जे जेवियर, नि. - आदर्श नग. चरौदा वार्ड 24	बिक्रीनामा	खसरा नं. 267/776 रकबा- 0.0110 हेक्टेयर खसरा नं. 267/777 रकबा- 0.0160 हेक्टेयर
6	महेन्द्र कुमार वर्मा नि.- ड्रीमसिटी उमदा भिलाई-3 वार्ड क्र. 06	सनत कुमार मढरिया आ. - स्व. हेमलाल मढरिया नि. - खारून ग्रीन कुम्हारी	दानपत्र	खसरा नं. 845/3 प्ला.नं. 47, रकबा 40X60-2400 वर्गफूट
7	प्रतिभा बघेल पति-उमाकांत बघेल नि.- पदु.नग. एल.आ.जी. 95	बिन्दु वर्मा पति-यशवंत वर्मा नि. - पदु.नग. एल.आ.जी. 64	बिक्रीनामा	खसरा नं. 369/2 भू.क्र. एल.आई.जी. 95 रकबा 83.62 वर्ग मी.
8	किरण स्वर्णकार पति-प्रताप स्वर्णकार नि.- डोंगरे कालोनी वार्ड 20	मंजू शर्मा पति- नरेन्द्र शर्मा नि.- शंकर पारा सुपेला भिलाई	बिक्रीनामा	खसरा नं. 404/244 रकबा 0.0040 अर्थात 456 व. फुट
9	लालाराम ठाकुर आ.- स्व. सुकालु राम गोड़, नि.-उ.व.न.भि.-3 वार्ड 18	मधु ठाकुर पति स्व. लालाराम ठाकुर नि.- उ.व.न.भि.-3 वार्ड 18	वारिसाननामा	खसरा नं. 363/358 रकबा 0.022 2380 व.फु.
10	सनद कुमार मढरिया आ.- स्व. हेमलाल मढरिया नि.- शांति नगर भि.-3 वार्ड 17	महेन्द्र कुमार मढरिया आ.- स्व. हेमलाल मढरिया नि. - शांति नगर भि.-3 वार्ड 17	दानपत्र	खसरा नं. 303/511 रकबा 1740 व.फु.

निगम के समस्त करों का भुगतान समय पर करें।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा

न्यायालय तहसीलदार कुरूद, जिला - धमतरी (छ.ग.)
// ईश्तहार //

क्रमांक /549 / तह./वा./2026 — कुरूद, दिनांक 13/08/2026

रा.प्र.क्र. 202607130100032/अ-59/2025-26
ग्राम कुरूद, तहसील कुरूद

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम कुरूद को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद कुरूद, जिला धमतरी द्वारा पत्र क्रमांक/2173/लो.नि.वि./2026-27 कुरूद, दिनांक 23/07/2026 के माध्यम से ग्राम कुरूद पटवारी हल्का नंबर 48 तहसील कुरूद जिला धमतरी में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 582/2 का भाग रकबा 0.067 हे. एवं 583/1 का भाग रकबा 1.00 हे. कुल रकबा 1.067 हे. को नगर पालिका कुरूद को गौठान हेतु भूमि आबंटन किये जाने के संबंध में नक्शा, खसरा पत्र में संलग्न कर कलेक्टर महोदय धमतरी के समक्ष पेश किये जाने से प्रकरण न्यायालय कलेक्टर महोदय धमतरी की ओर से न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महोदय (रा.) कुरूद के माध्यम से छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र में बने प्रावधानों अनुसार जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है, जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वतः या अपने, अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 11/09/2026 तक समय 11:00 बजे लिखित में आपत्ति पेश कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार कुरूद**

रायपुर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव व क्रिकेटर वर्मा 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम में हुए शामिल

■ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर तिलक वर्मा और यूथ-आइकन डॉ. प्रियंका बिस्सा भी कार्यक्रम में हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव आज रायपुर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) में आयोजित 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम में शामिल हुए। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर आयोजित देशव्यापी 'खेलो इंडिया संवाद' को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय युवा मामले व खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने देश के विभिन्न शहरों से लगभग 1600 स्थानों से जुड़े 8 लाख से अधिक युवाओं को संबोधित किया। देशभर के एथलीट्स और खेल जगत की प्रसिद्ध हस्तियां भी इसमें वर्चुअली शामिल हुए। रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर तिलक वर्मा और यूथ-आइकन डॉ. प्रियंका बिस्सा भी मौजूद थीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'खेलो इंडिया संवाद' में देशभर के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम खेल की बात करते हैं, तो ये केवल मेडल जीतने तक सीमित नहीं है। ये विकसित भारत के निर्माण में भारत की खेलशक्ति और भारत की युवाशक्ति को एक साथ जोड़ने का अभियान है। उन्होंने कहा, ÷जो खेले, वो खिले। और खेल में खिलना सिर्फ मैदान पर जीतना नहीं है, खेल में खिलना मतलब व्यक्तित्व का खिलना, परिवार का खिलना और देश का गौरव बढ़ाना।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में 21वीं सदी का आधुनिक स्पोर्ट्स इकोसिस्टम बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज स्पोर्ट्स और स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटीज से लेकर आधुनिक ट्रेनिंग सेंटर्स तक देश में एक ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है, जिसमें प्रतिभा को पहचानने से लेकर उसे दुनिया के मंच तक पहुंचाने तक हर स्तर पर सहयोग मिले। हम दुनिया के दूसरे देशों के साथ भी स्पोर्ट्स साइंस, प्रशिक्षण, कोचिंग और अनुभव साझा करने के लिए सहयोग बढ़ा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'खेलो इंडिया संवाद' को वर्चुअली संबोधित किया

श्री मोदी ने कहा कि 'खेलो इंडिया संवाद' सिर्फ खेल की बात करने का कार्यक्रम नहीं है। ये एक ऐसे संवाद का मंच है जिसका एक-एक विचार देश के स्पोर्ट्स विजन को एक नई दिशा दे सकता है। इसके साथ जो युवा संवाद हो रहा है, वो युवाओं के विचारों और महत्वाकांक्षाओं को देश के सपनों से जोड़ने का बहुत बड़ा माध्यम है। इस कार्यक्रम में स्पोर्ट्स इकोसिस्टम, टैलेंट डेवलपमेंट, गवर्नेंस और विकसित भारत को लेकर युवा क्या सोचते हैं, उनके सुझाव क्या हैं, इन बातों को सुनकर उन्हें नीतियों के निर्माण में शामिल किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ में यूसीसी बैठक: विवाह, तलाक और लिव-इन रिलेशन पर मंथन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (छ्ष्ट) को लेकर आज प्रदेश में एक बड़ी और महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सभी समुदायों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और संपत्ति के अधिकारों से जुड़ा एक समान कानून तैयार करना था। इसके अलावा, समाज में तेजी से बढ़ते लिव-इन रिलेशनशिप के मामलों को नियमानुसार दायरे में लाने और इसके नियमन पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई।बैठक में राज्यभर से 200 से अधिक प्रबुद्ध जन, विभिन्न समाजों के प्रमुख, विधि विशेषज्ञ तथा सरकार से जुड़े निगम, मंडल और आयोगों के प्रतिनिधि शामिल हुए। परिचर्चा के दौरान सिख समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने एक कानून की अवधारणा का स्वागत किया। हालांकि, उन्होंने यह बिंदु भी प्रमुखता से रखा कि ड्राफ्ट में सिख समुदाय से जुड़े प्रावधानों और उनकी विशिष्टताओं का स्पष्ट जिक्र किया जाना चाहिए। एक ओर जहां अधिकांश सामाजिक प्रतिनिधियों ने इस पहल का समर्थन किया, वहीं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (छ्क्क्रू) ने बैठक में तीखी आपत्ति दर्ज कराई। छ्क्क्रू के प्रतिनिधियों ने इस बैठक और कानून का सीधा विरोध करते हुए आरोप लगाया कि यह कदम भारतीय जनता पार्टी का एक राजनीतिक प्रोपेगेंडा है, जिसका उद्देश्य केवल अल्पसंख्यकों को परेशान करना है। विरोध और सुझावों के इस दौर के बीच शासन स्तर पर सभी पक्षों की राय दर्ज कर ली गई है।

टाटा पावर की याचिका पर छत्तीसगढ़ बिजली कंपनी के इंजीनियरों ने जताई आपत्ति

रायपुर/नवप्रदेश। टाटा पावर कंपनी लिमिटेड की ओर से बिजली वितरण की याचिका पर बिजली कंपनियों के इंजीनियर संघ ने आपत्ति जताई है। कंपनी ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष रायपुर जिले के अंतर्गत आने वाले रायपुर, धरसीवां, मंदिर हसौद और अभनपुर तहसीलों के भौगोलिक क्षेत्र में समानांतर विद्युत वितरण लाइसेंस प्राप्त करने के लिए याचिका प्रस्तुत की है। याचिका में कंपनी ने इन क्षेत्रों में बिजली वितरण अधिकार की मांग की है। याचिका के विरोध में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ ने आयोग के समक्ष विस्तृत अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है। कहा गया है कि ऐसा होता है तो बिजली कंपनी और ग्राहकों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। विद्युत अधिनियम 2003 एवं वर्ष 2005 के नियमों (नवंबर 2022 संशोधन सहित) के अनुसार समानांतर लाइसेंस के लिए विशिष्ट क्षेत्र सीमाएं तय हैं। चार तहसीलों के इस प्रस्ताव की वैधानिक वैधता और उपयुक्त सरकार की अधिसूचना पर स्पष्ट परीक्षण की मांग की गई है। चुनिंदा औद्योगिक और उच्च राजस्व वाले क्षेत्रों में निजी कंपनी को अनुमति मिलने से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के राजस्व पर असर पड़ेगा, जिससे ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों के सामान्य उपभोक्ताओं पर वित्तीय बोझ बढ़ सकता है। क्रॉस-सब्सिडी का संतुलन बिगड़ सकता है। संघ ने आयोग से मांग की है कि इस पर स्वतंत्र वित्तीय एवं नियामकीय प्रभाव अध्ययन कराया जाना आवश्यक है। वर्तमान विद्युत अधोसंरचना, उपकेंद्रों और लाइनों का उपयोग बिना स्पष्ट नीति के नहीं होना चाहिए। समानांतर नेटवर्क बनाने से अनावश्यक पूंजीगत निवेश और तकनीकी जटिलताएं बढ़ेंगी। कर्मचारियों के हितः सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत अभियंताओं और कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा, कैडर संरचना तथा भविष्य के अवसरों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

रक्षाबंधन पर प्रदेश की सभी बहनों की सुरक्षा गृहमंत्री विजय शर्मा सुनिश्चित करें : आप

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी की महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश बघेल ने रक्षाबंधन के महापर्व पर प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा से सीधा सवाल किया है।

मिथलेश बघेल ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम और सुरक्षा के विश्वास का त्यौहार है, ऐसे में गृहमंत्री प्रदेश की सभी बहनों को यह सार्वजनिक रूप से भरोसा दिलाएं कि कल का रक्षाबंधन उनके लिए पूरी तरह से सुरक्षित और भयमुक्त रहेगा।प्रदेश में हाल के दिनों में बढ़ी आपराधिक घटनाओं पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि बहनें तभी सुरक्षित महसूस करेंगी जब कानून-व्यवस्था धरातल पर कड़ाई से लागू दिखे। त्यौहारों के दौरान माताओं और बहनों का सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर आवागमन बढ़ जाता है, लेकिन राज्य में लचर सुरक्षा व्यवस्था के कारण महिलाओं में डर का माहौल बना रहता है।

1484 वनरक्षक पदों के लिए लिखित परीक्षा 13 दिसंबर को, 16,762 अभ्यर्थी होंगे शामिल

■ वन मंत्री बोले : युवाओं का लंबा इंतजार फाइनली खत्म हुआ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ वन विभाग में वनरक्षक के 1484 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया तेज कर दी गई है। भर्ती की लिखित परीक्षा 13 दिसंबर 2026 को होगी। शारीरिक मापदंड और शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल 16,762 अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में शामिल होंगे। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश और भर्ती प्रक्रिया की लगातार समीक्षा के बाद लिखित परीक्षा की तारीख तय की गई है। विभाग ने लंबित मामलों का निराकरण करते हुए परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है।

मेरिट के आधार पर होगा चयन

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और मेरिट के आधार पर पूरी की जाएगी। सभी योग्य अभ्यर्थियों को समान अवसर दिया जाएगा। किसी भी तरह की अनियमितता के लिए जगह नहीं होगी। लिखित परीक्षा निर्धारित नियमों, सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आयोजित की जाएगी।

युवाओं के परिश्रम और सपनों का सम्मान : मंत्री

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रदेश के हजारों युवा लंबे समय से इस भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। युवा पूरी मेहनत से परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि भर्ती प्रक्रिया समय पर पूरी हो और योग्य युवाओं को जल्द रोजगार का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि वनरक्षक की नौकरी सिर्फ रोजगार का अवसर नहीं है, बल्कि प्रदेश के जंगल और वन्यजीवों की सुरक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी भी है। चयनित युवा वन, जैव विविधता और वन्यजीवों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

1484 नियुक्तियों से मजबूत होगी मैदानी व्यवस्था

वनरक्षक के 1484 पदों पर नियुक्ति होने से वन विभाग की मैदानी टीम मजबूत होगी। इससे वन संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा, जैव विविधता संरक्षण और वन अपराधों की रोकथाम से जुड़े कामों को गति मिलेगी। 13 दिसंबर को परीक्षा तय होने के बाद 16,762 अभ्यर्थियों को अपनी तैयारी के लिए स्पष्ट समयसीमा मिल गई है। सरकार का कहना है कि युवाओं को रोजगार का अवसर देने के साथ प्रदेश की वन संपदा को मजबूत सुरक्षा देना भर्ती का प्रमुख उद्देश्य है।

वनरक्षक संभालेंगे मैदानी स्तर की जिम्मेदारी

वन विभाग में वनरक्षक मैदानी स्तर पर वन संरक्षण व्यवस्था की अहम कड़ी हैं। जंगलों की सुरक्षा, अवैध कटाई रोकना, वन अपराधों पर कार्रवाई, वन्यजीवों की सुरक्षा और स्थानीय लोगों के साथ समन्वय जैसे कामों में उनकी भूमिका रहती है। खासकर नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्रों में शांति और विकास का दायरा बढ़ने के साथ वन प्रबंधन से जुड़े काम भी बढ़ रहे हैं। ऐसे क्षेत्रों में वन विभाग की मैदानी व्यवस्था मजबूत करने के लिए नए वनरक्षकों की नियुक्ति अहम मानी जा रही है।

रक्षाबंधन पर बीयर आफर से भड़का विवाद, क्लब पहुंचा बजरंग दल

■ द बीयर कैफे में 'सिब्लिंग्स कराओके नाइट पोस्टर में 1+1 ड्रिंक्स ऑफर से भड़का विवाद

रायपुर/नवप्रदेश। रक्षाबंधन पर रायपुर के एक क्लब ने 'सिब्लिंग्स कराओके नाइट' का आयोजन किया है, जिसे लेकर बजरंग दल ने विरोध जताया है। द बीयर कैफे ने 28 अगस्त को भाई-बहनों के लिए कराओके नाइट का आयोजन रखा है। क्लब के सोशल मीडिया पोस्ट में शाम 7 से 8 बजे तक ड्रिंक्स पर 1+1 ऑफर देने की बात कही गई थी।

इस ऑफर को लेकर बजरंग दल ने आपत्ति जताई है। संगठन के कार्यकर्ता आज अंबुजा मॉल पहुंचे और कार्यक्रम में शराब के ऑफर का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार है। ऐसे त्योहार को शराब और क्लब पार्टी से जोड़ना ठीक नहीं है।

अंबुजा मॉल में विरोध को लेकर पुलिस बल तैनात

पोस्टर के मुताबिक कार्यक्रम 28 अगस्त को शाम 7 से 9 बजे तक होना है। इसमें शाम 7 से 8 बजे के बीच ड्रिंक्स पर 1+1 हैप्पी ऑवर का ऑफर भी दिया गया था। क्लब के इस प्रचार के बाद बजरंग दल ने विरोध में अपना पोस्टर जारी किया। इसमें लिखा गया- 'रक्षा बंधन पवित्र है, इसे शराब और क्लब से मत जोड़ो।' संगठन ने सवाल उठाया कि भाई-बहन के रिश्ते से जुड़े त्योहार पर शराब के ऑफर के साथ कार्यक्रम का प्रचार क्यों किया जा रहा है। बजरंग दल के कार्यकर्ता गुरुवार को क्लब पहुंचे। यहां उन्होंने रक्षाबंधन से जुड़े कार्यक्रम में शराब के ऑफर को लेकर विरोध जताया। संगठन का कहना है कि त्योहार की गरिमा को ध्यान में रखते हुए इस तरह के प्रचार और ऑफर से बचना चाहिए।



पहले सोशल मीडिया पोस्ट, फिर बजरंग दल का विरोध

द बीयर कैफे की ओर से सोशल मीडिया पर 'सिब्लिंग्स कराओके नाइट' का पोस्टर शेयर किया गया था। इसमें लिखा गया कि 'सिब्लिंग बॉन्डिंग' म्यूजिक, मस्ती और कराओके के साथ और बेहतर होगी। पोस्ट में भाई या बहन के साथ कार्यक्रम में आने की अपील की गई थी।

रायपुर सेंट्रल जेल में गायत्री परिवार ने मनाया अनोखा रक्षाबंधन

■ अपनों से दूर बंदियों के सूने हाथों में सजा विश्वास का धागा

■ गायत्री परिवार का संदेश : भूल सुधारकर श्रेष्ठ जीवन की शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। परिवार और समाज की मुख्यधारा से दूर रहकर अपनी गलतियों का प्रायश्चित कर रहे बंदियों के जीवन में इस रक्षाबंधन आत्मिक उजियारा फैल गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार, रायपुर के तत्वावधान में केंद्रीय जेल रायपुर में एक ऐसा भावुक और प्रेरणादायी रक्षाबंधन पर्व मनाया गया, जिसने पत्थर से दिल को भी पिघला दिया। बहनों के आंचल की छांव और ममता भरे अहसास ने जेल में बंद बंदियों में सलाखों के दर्द को कुछ पल के लिये भुला दिया। इस आत्मीय आयोजन के दौरान गायत्री परिवार की बहनों ने लगभग 200 बंदी भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। राखी बंधवाते ही कई बंदी भाइयों के सब्र का बांध टूट गया और उनकी आंखों से छलक आए आंसू इस बात की गवाही दे रहे थे कि भाई-बहन का यह पवित्र बंधन हर दूरी और हर दीवार से बहुत ऊपर है। इस अवसर पर केवल रस्म अदायगी नहीं हुई, बल्कि बंदियों के मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान पर विशेष जोर दिया गया। गायत्री परिवार की ओर से सभी को सत्संकल्प का पाठ कराया गया। जिला समन्वयक लच्छुराम निषाद ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि, ÷कानून की नजर में भले ही व्यक्ति अपराधी हो सकता है, लेकिन ईश्वर की नजर में हर आत्मा में सुधार की असीम संभावना होती है। जेल कोई अंत नहीं, बल्कि खुद को टटोलने और एक नया इंसान बनकर उभरने का स्वर्णिम अवसर है।÷ उन्होंने युगदृष्टा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों का स्मरण कराते हुए कहा कि सद्विचार, सदाचार और आत्मसंयम ही मनुष्य के सबसे बड़े आभूषण हैं। कार्यक्रम का सबसे मर्मस्पर्शी क्षण वह था जब गायत्री परिवार की बहन प्रेमलता चंद्राकर ने ममता और भाई-बहन के स्नेह से ओत-प्रोत भावुक गीत प्रस्तुत किया। सुरों की उस रागमय पुकार ने जेल के उस कठोर माहौल को पूरी तरह भावनात्मक बना दिया। अपनों से बिछड़ने का दर्द और बहनों का अहेतुकी प्रेम देखकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं।

बिहान की दीदियों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को राखी बांधकर दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के बिहान स्व-सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों और पशुपालकों का गुजरात के बनासकाठा स्थित डेयरी कोऑपरेटिव एवं अमूल डेयरी कोऑपरेटिव का शैक्षणिक भ्रमण उपयोगी और प्रेरणादायी रहा। भ्रमण से वापस लौटने के बाद बिहान समूह की दीदियों ने कवर्धा निवास पहुंचकर उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान दीदियों ने उन्हें रक्षाबंधन की बधाई देते हुए राखी बांधी और गुजरात में मिले अनुभवों तथा सीखी गई नई तकनीकों की जानकारी साझा की। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने सभी दीदियों और पशुपालकों का आत्मीय स्वागत करते हुए उनके अनुभव सुने। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब वहां से मिली सीख को अपने गांव और जिले में अपनाकर आजीविका के नए अवसर तैयार किए जाएं। उन्होंने दीदियों से बनासकाठा में देखी गई उन्नत डेयरी व्यवस्था, पशुपालन तकनीक, चारा प्रबंधन, दुग्ध संकलन, गुणवत्ता नियंत्रण और सहकारी मॉडल से मिली सीख को स्थानीय स्तर पर लागू करने का आह्वान किया।

बनासकाठा में देखा सफल डेयरी और सहकारी मॉडल

उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले के 17 बिहान समूहों की दीदियों और 17 पशुपालकों को गुजरात के बनासकाठा के शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया था। दल ने वहां डेयरी कोऑपरेटिव और अमूल डेयरी कोऑपरेटिव की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने उन्नत पशुपालन तकनीक, संतुलित आहार एवं चारा विकास, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपाय, दुग्ध संकलन एवं प्रसंस्करण की आधुनिक व्यवस्था, दूध की गुणवत्ता जांच, डेयरी उत्पाद निर्माण और उनके विपणन की पूरी प्रक्रिया को करीब से समझा। इसके साथ ही सहकारी मॉडल के माध्यम से छोटे पशुपालकों को संगठित कर उनकी आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की व्यवस्था की भी जानकारी प्राप्त की। गुजरात से लौटीं दीदियों ने बताया कि वहां पशुपालन और डेयरी गतिविधियों को केवल व्यक्तिगत आय का साधन नहीं, बल्कि सामूहिक आर्थिक विकास के मॉडल के रूप में विकसित किया गया है।

रायपुर व दंतेवाड़ा में एएम/एनएस इंडिया के 'प्रोजेक्ट दक्ष' के नए बैच शुरू

■ रोजगार केंद्रित प्रशिक्षण के साथ युवाओं को मिलेगा करियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट सहयोग

रायपुर/नवप्रदेश। आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल 'प्रोजेक्ट दक्ष' के तहत रायपुर और दंतेवाड़ा में नए प्रशिक्षण बैचों की शुरुआत की है। स्थानीय युवाओं को बदलते रोजगार परिदृश्य के अनुरूप डिजिटल और तकनीकी कौशल से तैयार करने पर केंद्रित इस पहल के नए बैच का शुभारंभ रायपुर में 21 अगस्त को और दंतेवाड़ा में 19 अगस्त को किया गया। प्रोजेक्ट दक्ष के माध्यम से एएम/एनएस इंडिया स्थानीय युवक-युवतियों को निःशुल्क, रोजगार केंद्रित कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को ऐसे व्यावहारिक और तकनीकी कौशल से जोड़ना है, जिनकी आज के रोजगार बाजार में जरूरत है और जो उन्हें बेहतर करियर अवसरों के लिए तैयार कर सकें। कार्यक्रम के नए बैचों में युवाओं को डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर और डोमेस्टिक आईटी हेल्पडेस्क अटेंडेंट जैसे तकनीकी ट्रेड्स में प्रशिक्षित किया जाएगा। पाठ्यक्रम में तकनीकी जानकारी के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि प्रतिभागी प्रशिक्षण के दौरान हासिल किए गए कौशल का कार्यस्थल पर प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें।

प्रशिक्षण से आगे, रोजगार तक पहुंच बनाने का प्रयास

प्रोजेक्ट दक्ष को केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने और निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रमाणित होने वाले प्रतिभागियों को करियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। डिजिटल तकनीक आज लगभग हर क्षेत्र में कामकाज का अहम हिस्सा बन चुकी है। ऐसे में स्थानीय युवाओं, विशेषकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों से आने वाले युवक-युवतियों के लिए तकनीकी कौशल तक पहुंच उनके करियर के नए रास्ते खोल सकती है। प्रोजेक्ट दक्ष इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए युवाओं को प्रशिक्षण से रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का प्रयास है। रायपुर में प्रोजेक्ट दक्ष का संचालन नैस्कॉम फाउंडेशन और जीआरए स्टेक के सहयोग से किया जा रहा है, जबकि दंतेवाड़ा में नैस्कॉम फाउंडेशन और आइसेक्ट इस पहल से जुड़े हैं।

नए बैच की शुरुआत

रायपुर में 21 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में एएम/एनएस इंडिया के प्रतिनिधियों के साथ परियोजना से जुड़े सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन के साथ नए प्रशिक्षण बैच की औपचारिक शुरुआत की गई।इस अवसर पर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें बदलते रोजगार परिदृश्य में डिजिटल और तकनीकी कौशल के महत्व के बारे में बताया गया। युवाओं को प्रशिक्षण के दौरान सीखने के अवसरों का पूरा लाभ उठाने और अपने कौशल को भविष्य के करियर की मजबूत नींव के रूप में विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

'विष्णु भैया' की सौगात, प्रेम कुंवर के घर आई खुशियों की मिठास

रायपुर/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन पर्व से पहले महतारी वंदन योजना की 31वीं किस्त की राशि महिलाओं के खातों में पहुंचने से प्रदेशभर में त्योहार की खुशियां और बढ़ गई हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित इस योजना से महिलाओं को हर महीने मिलने वाली एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता उनके लिए नियमित आर्थिक सहारे का माध्यम बन रही है। 'विष्णु के सुशासन' में योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंचने से महिलाओं में आत्मविश्वास और आर्थिक सुरक्षा की भावना मजबूत हो रही है। मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत गुदुमदेवरी निवासी श्रीमती प्रेम कुंवर श्याम के लिए भी रक्षाबंधन से पहले मिली महतारी वंदन योजना की किस्त किसी सौगात से कम नहीं है। राशि खाते में पहुंचने की जानकारी मिलते ही उनके चेहरे पर खुशी झलक उठी। उन्होंने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्नेहपूर्वक 'विष्णु भैया' कहा। प्रेम कुंवर श्याम ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने मिलने वाली एक हजार रुपये की राशि उनकी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में आर्थिक मदद करती है। रक्षाबंधन जैसे विशेष अवसर पर यह राशि और भी उपयोगी साबित हुई है।

एसएमएस-3 बिलेट कास्टर सीके-1 ने 172 हीट के सर्वाधिक लंबे सिक्वेंस का बनाया रिकॉर्ड

■ **कास्टर ने 16 से 27 अगस्त 2026 तक लगातार 10 दिनों से अधिक समय तक निर्बाध संचालन करते हुए यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।**

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) ने तकनीकी दक्षता, परिचालन अनुशासन और उत्कृष्ट टीम समन्वय का परिचय देते हुए बिलेट कास्टर सीके-1 में 172 हीट के सर्वाधिक लंबे सिक्वेंस का नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। 105×105 मिमी सेक्शन वाले इस कास्टर ने 16 से 27 अगस्त 2026 तक लगातार 10 दिनों से अधिक समय तक निर्बाध संचालन करते हुए यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। छोटे सेक्शन की सतत ढलाई के दौरान फ्लाई टंडिश को 9 बार सफलतापूर्वक बदला गया, जो अपने आप में एक चुनौतीपूर्ण तकनीकी कार्य माना जाता है। यह उपलब्धि कास्टिंग प्रक्रिया के दौरान उच्च तकनीकी अनुशासन, उपकरणों की विश्वसनीयता तथा विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय का परिणाम है। पूरे संचालन के दौरान निर्धारित कास्टिंग मापदंडों का कड़ाई से पालन किया गया। मोल्ड,

सेगमेंट, टंडिश कार, हाइड्रोलिक्स एवं अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों की स्थिति-आधारित निगरानी की गई, जिससे संचालन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आई। साथ ही, सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन करते हुए कार्यस्थल पर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

इस रिकॉर्ड उपलब्धि में संचालन, अनुरक्षण, क्रेन, गुणवत्ता नियंत्रण, सेवाएं तथा उत्पादन योजना से जुड़े विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच बेहतर तालमेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समयबद्ध निर्णय, संसाधनों का प्रभावी उपयोग तथा निरंतर निगरानी ने इस लंबे सिक्वेंस को सफलतापूर्वक पूरा करने में अहम योगदान दिया। इस उपलब्धि की एक अन्य महत्वपूर्ण कड़ी बिलेट कास्टर सीके-2 का कैपिटल रिपेयर रहा। सीके-2 में 19 से 25 अगस्त 2026 तक कैपिटल रिपेयर का कार्य किया गया। आठ दिनों के लिए निर्धारित इस मरम्मत कार्य को टीम ने मात्र छह शिफ्टों में पूरा करते हुए निर्धारित समय से दो दिन पहले ही मशीन को तैयार कर दिया। इस दौरान उन्नत योजना, व्यापक मशीनीकृत सफाई एवं पेंटिंग तथा यांत्रिक, विद्युत, सिविल और संचालन विभागों के बीच प्रभावी समन्वय ने कार्य की सफलता सुनिश्चित की।

सीके-2 के अनुरक्षण कार्य के दौरान सीके-1 का लगातार 10 दिनों से अधिक समय तक संचालन अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुआ। इससे डाउनस्ट्रीम मिलों की उत्पादन आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ ग्राहकों के ऑर्डर के अनुरूप इस्पात उत्पादन बनाए रखने में सहायता मिली। इस उपलब्धि ने एसएमएस-3 की उच्च स्तरीय अनुरक्षण क्षमता, इंजीनियरिंग दक्षता और परिचालन उत्कृष्टता को एक बार फिर प्रमाणित किया है। मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-3) त्रिभुवन बैठा तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्यों ने एसएमएस-3 एवं उससे संबद्ध सेवा विभागों की पूरी टीम को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्ड टीम के समर्पण, तकनीकी दक्षता और आपसी समन्वय का परिणाम है तथा एसएआईएल की अन्य कास्टर इकाइयों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह उपलब्धि बीएसपी की परिचालन उत्कृष्टता और निरंतर सुधार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

न्यूज गैलरी

वृहद वृक्षारोपण, संरक्षण का दिया संदेश

जामुल/नवप्रदेश। नगर पालिका जामुल क्षेत्र में नगर पालिका परिसर एवं गौठान के पास वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने बड़ी संख्या में पौधे लगाए। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि केवल पौधे लगाकर फोटो खिंचवाने से वृक्षारोपण का उद्देश्य पूरा नहीं होगा। लगाए गए पौधों को समय-समय पर खाद, पानी और सुरक्षा देना जरूरी है, तभी वे बड़े वृक्ष बनेंगे और अभियान सार्थक होगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में महिला समूहों के माध्यम से घर-घर पौधे वितरित किए गए थे। इस वर्ष नगर पालिका क्षेत्र के सभी शासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भी सैकड़ों पौधे उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू, उपाध्यक्ष सुनीता चेन्नेवार, पार्षद रेखराम बन्छोर, राम दुलार साहू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, महिला समूहों के सदस्य एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

जिले की 17 नवीन सहकारी समितियों के लिए भूमि आबंटित

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य की अधिसूचना के तहत छत्तीसगढ़ सोसायटी अधिनियम अंतर्गत जिला दुर्ग की 31 नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का पुनर्गठन किया गया है। इनमें से कलेक्टर अभिजीत सिंह ने 17 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के लिए शासकीय भूमि आबंटन की स्वीकृति दी है। धमधा विकासखंड में मार्या पथरिया, पुरदा, अरसी, दारगांव, हिरेतरा, भांठाकोकड़ी, नंदवाय, मलपुरीकला और सेमरिया समितियों के लिए भूमि आबंटित की गई है। वहीं पाटन विकासखंड में अरसनारा, अरमरी खुर्द, ढौर, बोरवाय, मल्हाखुर्द और अशोगा समितियों को भूमि मिली है। दुर्ग विख. में कातरो और दमोदा समितियों के लिए भी शासकीय भूमि आबंटित की गई है। नई सहकारी समितियों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों के किसान सदस्यों को खाद, बीज एवं अन्य कृषि आदान आसानी से उपलब्ध होंगे। किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने की सुविधा भी अपने क्षेत्र में मिल सकेगी। इससे किसानों को कृषि संबंधी सेवाओं के लिए दूर जाने की आवश्यकता कम होगी और स्थानीय स्तर पर व्यवस्था मजबूत होगी।

बीएसपी का एनएपीएस अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम युवाओं को दे रहा उद्योग-उन्मुख कौशल

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र का मानव संसाधन-लर्निंग एवं डेवलपमेंट विभाग (एचआर-एलएंडडी) राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम (एनएपीएस) के तहत युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर रहा है। अप्रैल से अगस्त 2026 तक बीएसपी में कुल 615 ट्रेड अप्रेंटिस शामिल हुए, जबकि अगस्त में ही 249 अप्रेंटिस ने विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में प्रशिक्षण शुरू किया। इनमें सीओपीए, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मोल्डर/फाउंड्रीमैन, डीजल मैकेनिक, आरएसी, एमएलटी और वेल्डर ट्रेड शामिल हैं। एक वर्ष के प्रशिक्षण के दौरान अप्रेंटिस को कक्षा प्रशिक्षण के साथ संयंत्र के शॉप फ्लोर पर औद्योगिक कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव दिया जाता है। प्रशिक्षण के प्रारंभ में दस्तावेज सत्यापन, सुरक्षा प्रशिक्षण और संयंत्र भ्रमण के माध्यम से युवाओं को कार्यस्थल के वातावरण, सुरक्षा मानकों और इस्पात उत्पादन की प्रक्रियाओं से परिचित कराया जाता है। कार्यक्रम युवाओं में उद्योग-प्रासंगिक कौशल विकसित कर उनकी रोजगारपरकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संचालन में उप महाप्रबंधक नीरजा शर्मा, एसओ स्वतंत्र कुमार एवं टीए मनीष कुमार का योगदान रहा।

खेल राष्ट्र निर्माण और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम : विजय बघेल

■ **आईआईटी भिलाई में 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम का आयोजन**

दुर्ग/नवप्रदेश। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आईआईटी भिलाई में 'खेलो इंडिया संवाद-खेल की बात पीएम मोदी के साथ' कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के युवाओं को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व और राष्ट्र निर्माण में खिलाड़ियों की भूमिका पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इसमें एसडीएम महेश राजपूत, आईआईटी भिलाई निदेशक राजीव प्रकाश, यूथ आइकन सुयश पांडे, बास्केटबॉल खिलाड़ी

रोहित शर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

सांसद बघेल ने कहा कि खेल शारीरिक क्षमता के साथ युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने अपने खेल जीवन को याद करते हुए बताया कि वे तीन बार राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी खेल चुके हैं। उस समय खिलाड़ियों को सीमित सुविधाओं में भी देश के लिए खेलने का जुनून रहता था।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन की सराहना की और भिलाई के युवा बास्केटबॉल खिलाड़ी रोहित शर्मा सहित अन्य खिलाड़ियों की उपलब्धियों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम के बाद खेल व्यवस्था में सुधार, 2036 ओलंपिक की तैयारी, युवा नेतृत्व, विकसित भारत और नशामुक्त युवा अभियान जैसे विषयों पर युवा संवाद हुआ। युवाओं से सुझाव लिए गए और उन्हें 'माय भारत' पोर्टल से जुड़ने तथा विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के तहत क्विज में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। आईआईटी भिलाई के निदेशक राजीव प्रकाश ने अपने संबोधन में खेलों को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने 'खेलो इंडिया' जैसी पहलों की सराहना करते हुए युवाओं से अधिक से अधिक खेलों से जुड़ने और अपनी प्रतिभा को निखारने का आह्वान किया।

दुर्ग निगम परिसर में महापौर अलका की कार में लगी आग

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम कार्यालय परिसर में गुरुवार दोपहर महापौर अल्का बाघमार की सरकारी कार में अचानक आग लग गई। महापौर के कार से उतरने के करीब 5 से 7 मिनट बाद वाहन से धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही देर में आग तेजी से फैल गई। हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार महापौर दोपहर करीब 12 बजे भिलाई स्थित स्टील कॉलोनी निवास से सरकारी कार से दुर्ग निगम कार्यालय पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि उनके निवास से निगम कार्यालय की दूरी करीब 3 किलोमीटर है। निगम कार्यालय पहुंचने के बाद महापौर कार से उतरकर अपने कक्ष में चली गईं। करीब 5 से 7 मिनट बाद वाहन से धुआं उठता दिखाई दिया। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। महापौर ने बताया कि कार से धुआं उठता देखकर उन्होंने तत्काल वाहन में रखी महत्वपूर्ण फाइलें और अन्य सामान बाहर निकाल लिया। इसके कुछ ही देर बाद आग ने कार के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम निगम परिसर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। समय रहते आग बुझाने से इसे आसपास के हिस्सों में फैलने से रोक लिया गया।

वार्ड 53 में 46 लाख के विकास कार्यों की सौगात, महापौर ने किया भूमिपूजन

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड 53 में विकास कार्यों को गति देते हुए महापौर अलका बाघमार ने करीब 46.24 लाख रुपये की लागत से होने वाले तीन महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, पार्षद सविता साहू सहित विवेकानंद नगर एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

वार्ड 53 में राजू बक्शी के घर के पास 9.95 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य, विवेकानंद नगर गली क्रमांक 5 में शिव मंदिर से कृष्णा देशमुख के घर तक 8 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण तथा मिनाक्षी नगर में बोरसी चौक से पोटिया कला तक 28.29 लाख रुपये की लागत से नाला निर्माण किया जाएगा। तीनों कार्यों की

कुल लागत करीब 46.24 लाख रुपये है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों ने विकास कार्यों की सौगात मिलने पर महापौर का आभार जताया। महापौर ने नागरिकों से संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना निगम की प्राथमिकता है। इन विकास कार्यों से वार्डवासियों को आवागमन एवं जल निकासी की बेहतर सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

इस अवसर पर सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, उप अभियंता करण यादव, प्रणय देवांगन, भरत देवांगन, कृष्णा बेलचंदन, अनिल सोनी सहित निगम अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

रचनात्मकता और पारंपरिकता का संगम राखी मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

नंदिनी-अहिवारा/नवप्रदेश। डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, नंदिनी माइंस में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर अंतरसदनीय राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में आदित्य, अग्नि, अंगीरा एवं वायु सदन के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने फूल, पत्तियों, चावल, साबूदाना, बीजों के छिलके और अन्य घरेलू एवं पर्यावरण-अनुकूल सामग्री से आकर्षक राखियां तैयार कीं।

प्रतियोगिता को सब-जूनियर एवं जूनियर वर्ग में विभाजित किया गया। सब-जूनियर वर्ग में वैष्णवी साहू ने प्रथम, लावण्या साहू ने द्वितीय तथा भाव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भिव्रा

यादव एवं मिहिर ठाकुर को सांत्वना पुरस्कार मिला। जूनियर वर्ग में आदित्य सदन की गुंजन कुर्रे ने प्रथम, अंगीरा सदन की सावी दुबे ने द्वितीय तथा आदित्य सदन की चेतना यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अग्नि सदन के सहज एवं कुणाल पटेल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता में रचनात्मकता, स्वच्छता, प्रयुक्त सामग्री एवं समग्र प्रस्तुति को मूल्यांकन का आधार बनाया गया। विद्यालय के शाला प्रभारी दिनेश कुमार जाधव ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों की सृजनात्मकता और कल्पनाशीलता को विकसित करने के साथ भारतीय संस्कृति एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं। रंग-बिरंगी और प्राकृतिक सामग्री से तैयार राखियों ने विद्यालय परिसर को रचनात्मक एवं सांस्कृतिक रंगों से भर दिया।

प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने कला के साथ पर्यावरण संरक्षण और भाई-बहन के प्रेम का संदेश भी दिया।

सड़क पर दुकान लगाने वालों पर निगम की संयुक्त कार्रवाई

■ **सुपेला घड़ी चौक से लक्ष्मी मार्केट तक दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई**

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत सुपेला घड़ी चौक से लक्ष्मी मार्केट तक सड़क किनारे दुकान लगाकर व्यवसाय करने वालों के खिलाफ राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। सड़क किनारे अस्थायी रूप से दुकानें लगाने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ ही

आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने एवं सड़क तथा सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमणमुक्त रखने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क किनारे दुकान लगाने वाले व्यवसायियों को समझाइश दी तथा सड़क को आवागमन के लिए व्यवस्थित कराया। निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क, फुटपाथ अथवा सार्वजनिक आवागमन वाले स्थानों पर दुकान लगाकर यातायात बाधित न करें। भविष्य में सड़क पर दुकान लगाकर आवागमन बाधित करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे सार्वजनिक मार्गों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें और शहर की यातायात एवं स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें।

नेपाल बाढ़ में लापता होने की सूचना देने कलेक्टर ने जारी किया हेल्प लाइन नंबर

दुर्ग/नवप्रदेश। नेपाल में कल आए बाढ़ से कई लोगों के लापता की खबर है। घटना में लापता होने की सूचना या जिनके लापता होने की आशंका है, ऐसे व्यक्तियों की सूचना देने हेतु कलेक्टर अभिजीत सिंह ने संपर्क नंबर जारी किया है। एसडीएम दुर्ग शहर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्रभारी प्रफुल्ल गुप्ता ने बताया कि जिला मुख्यालय में एसडीआरएफ के बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम तथा पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-06 को नेपाल आपदा सहायतार्थ कंट्रोल रूम बनाया गया है। बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम दुर्ग का दूरभाष नंबर 0788-2320121 तथा पुलिस कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 0788-2283151 एवं 9479192099 है। कलेक्टर ने नेपाल आपदा में किसी व्यक्ति के लापता होने अथवा लापता होने की आशंका पर व्यक्ति का नाम, पता/ गृह जिला का नाम, संपर्क नंबर यदि उपलब्ध हो तो, परिवार के सदस्य/रिश्तेदार का नाम और संपर्क नंबर, नेपाल में उनकी यात्रा/ठहरने से जुड़ी कोई अन्य जरूरी जानकारी हो तो संपर्क करें।

आयोजन : शिक्षा व्यक्ति के विचार, व्यवहार, संस्कार, कौशल और व्यक्तित्व का निर्माण करती है : अध्यक्ष वर्मा

महाविद्यालय नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम

कुम्हारी/नवप्रदेश। स्वर्गीय बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी के मार्गदर्शन में बीए, बीकॉम एवं बीएससी प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन जीवन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, भारतीय ज्ञान परंपरा तथा व्यक्तित्व एवं कौशल विकास के विभिन्न अवसरों से परिचित कराना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं राष्ट्रगीत से हुआ। मुख्य अतिथि

नपा अध्यक्ष मीना वर्मा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति के विचार, व्यवहार, संस्कार, कौशल और व्यक्तित्व का निर्माण करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्या, विनय एवं अनुशासन का महत्व बताते हुए आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग दुर्ग डॉ. अनुपमा अस्थाना ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं, बल्कि स्वयं को इतना सक्षम बनाना होना चाहिए कि दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकें। उन्होंने तकनीक के सकारात्मक उपयोग तथा वाद-विवाद, सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता पर भी जोर दिया। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष लोकेश कुमार साहू ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर जगजीत कौर सलूजा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न प्रावधानों, कौशल विकास, बहुविषयक शिक्षा, क्रेडिट व्यवस्था एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षा की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्र, नैतिकता, संस्कार और अनुशासन का विकास भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्देश्य, उत्साह और ऊर्जा के साथ निरंतर सीखते हुए आगे बढ़ने का संदेश दिया। एनईपी समन्वयक नेहा वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने विषयों एवं विभिन्न समितियों की जानकारी विद्यार्थियों को दी।

केंद्रीय जेल में आज मनाया जाएगा रक्षाबंधन

■ **4 से 5 हजार बहनों के पहुंचने की संभावना, जेल प्रशासन ने जारी किए दिशा-निर्देश**

दुर्ग/नवप्रदेश। केंद्रीय जेल दुर्ग में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर करीब 4 से 5 हजार बहनों के अपने बंदी भाइयों को राखी बांधने के लिए जेल पहुंचने की संभावना है। बड़ी संख्या में आगंतुकों को देखते हुए जेल प्रशासन ने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और मुलाकात व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जेल अधीक्षक के अनुसार

रक्षाबंधन के दिन मुलाकात का समय सुबह 8 बजे से शाम 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। बंदी की बहन या निकट महिला परिजन को निर्धारित पहचान पत्र एवं आधार कार्ड के साथ पहुंचना होगा। जेल परिसर में प्रवेश से पहले सभी आगंतुकों की सुरक्षा जांच की जाएगी।

आगंतुक अपने साथ केवल राखी और अधिकतम 100 ग्राम सूखी मिठाई ही ला सकेंगे। मोबाइल फोन, कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को जेल परिसर में ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। राखी और मिठाई की भी सुरक्षा नियमों के अनुसार जांच की जाएगी।

जेल प्रशासन ने बहनों से निर्धारित समय से पहले पहुंचने, अपनी बारी की प्रतीक्षा करने और कर्मचारियों के निर्देशों का पालन करने की अपील की है। विशेष परिस्थितियों में मुलाकात की प्रक्रिया या समय में आवश्यक बदलाव किया जा सकता है। प्रशासन ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए रक्षाबंधन पर्व को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से मनाने का आग्रह किया है।

शक्कर महंगी, दुकानदारों ने ग्राहकों को राहत देने के लिए मिठाई के दाम थामे

रक्षाबंधन की मिठास पर महंगाई की मार

निलांचल गौड़

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। रक्षाबंधन से पहले बाजार में महंगाई का असर साफ दिखाई दे रहा है। रोजमर्रा की जरूरत की शक्कर महंगी होने से मिठाई कारोबारियों की लागत बढ़ गई है। इसके बावजूद कई दुकानदारों ने फिलहाल मिठाइयों के दाम नहीं बढ़ाने का फैसला किया है, ताकि त्योहार पर ग्राहकों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े और वर्षों पुराना भरोसा कायम रहे।

शक्कर महंगी, मिठाई की लागत बढ़ी: रक्षाबंधन के साथ मिठाइयों की मांग बढ़ने लगी है। ऐसे में शक्कर के दामों में हुई बढ़ोतरी ने मिठाई कारोबारियों का गणित बिगाड़ दिया है। कारोबारियों के मुताबिक शक्कर के अलावा तेल और अन्य कच्चे माल की लागत भी बढ़ी है। यदि महंगाई का यह दौर जारी रहा तो आने वाले दिनों में मिठाइयों के दाम बढ़ाना उनकी मजबूरी बन सकता है। व्यापारियों का कहना है कि लागत बढ़ने के बावजूद ग्राहक त्योहार की खरीदारी के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। हालांकि महंगी मिठाई देखकर ग्राहक मात्रा कम करने या सस्ते विकल्प चुनने लगे तो बिक्री प्रभावित होने की आशंका है।

काजू कतली से लड्डू तक बढ़ सकती है कीमत: मिठाई कारोबारियों के मुताबिक यदि शक्कर और तेल की लागत में कमी नहीं आती है तो काजू कतली और लड्डू जैसी मिठाइयों की कीमतों पर भी असर पड़ सकता है। हालांकि फिलहाल कई दुकानदार रक्षाबंधन को देखते हुए दाम बढ़ाने से बच रहे हैं।

एआई ईमेज

स्टॉक की कमी से बढ़ी कीमत, आयात से राहत की आस

व्यापारियों के अनुसार शक्कर की मौजूदा तेजी के पीछे कैरी फॉरवर्ड स्टॉक में कमी भी एक प्रमुख कारण है। नया पेराई सत्र अक्टूबर के मध्य के आसपास शुरू होने की उम्मीद है। तब तक बाजार को मौजूदा स्टॉक पर निर्भर रहना होगा। बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार की ओर से रॉ शुगर के आयात की व्यवस्था और आयात शुल्क में छूट की जानकारी के बाद व्यापारियों को आने वाले दिनों में बाजार में नरमी की उम्मीद है। उनका मानना है कि आयातित शक्कर की उपलब्धता बढ़ने पर थोक बाजार में राहत मिल सकती है।

ग्राहक भी कर रहे हैं बजट का हिसाब

शक्कर की तेजी का असर केवल मिठाई की दुकानों तक सीमित नहीं है। घरों में भी त्योहार का बजट नए सिरे से बनाया जा रहा है। ग्राहकों का कहना है कि रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के बीच त्योहार पर मिठाई खरीदना अतिरिक्त खर्च बन गया है। कई परिवार अब कम मात्रा में मिठाई खरीदने या अपेक्षाकृत सस्ते विकल्प तलाशने की बात कह रहे हैं।

व्यापारियों के सामने दोहरी चुनौती

रक्षाबंधन पर मिठाई कारोबारियों के सामने इस बार अजीब स्थिति है। दाम बढ़ाएं तो ग्राहक प्रभावित होने का डर और दाम न बढ़ाएं तो लागत निकालना मुश्किल। ऐसे में कई दुकानदार त्योहार की बिक्री और ग्राहकों के वर्षों पुराने भरोसे को प्राथमिकता दे रहे हैं। फिलहाल कारोबारियों की नजर शक्कर के बाजार रुझान पर टिकी है। उन्हें उम्मीद है कि कीमतों में जल्द राहत मिलेगी और त्योहार की मिठास महंगाई की कड़वाहट पर भारी पड़ेगी।

'ग्राहकों से रिश्ता है, राखी पर कीमत नहीं बढ़ाएंगे'

मिठाई कारोबारी मनोज सिंह (स्वाद रेस्टोरेंट) ने बताया कि उनके कई ग्राहक वर्षों से लगातार उनसे मिठाई खरीदते आ रहे हैं। यह केवल कारोबारी संबंध नहीं, बल्कि विश्वास और अपनत्व का रिश्ता बन चुका है। दुकानदार ने कहा कि राखी जैसे त्योहार पर कीमत बढ़ाकर वे अपने पुराने ग्राहकों की खुशियों में कमी नहीं करना चाहते। इसी वजह से इस बार शक्कर महंगी होने के बावजूद उन्होंने मिठाइयों के पुराने दाम बरकरार रखने का फैसला किया है। दुकानदारों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में शक्कर की कीमतों में कुछ राहत मिल सकती है। इसी उम्मीद के चलते फिलहाल बढ़ी लागत का भार खुद उठाकर त्योहार की बिक्री बनाए रखने की कोशिश की जा रही है।

दूसरी ओर बढ़ते दाम का डर

हालांकि हर दुकानदार के लिए कीमतों को पुराने स्तर पर बनाए रखना संभव नहीं है। कारोबारियों का कहना है कि यदि कच्चे माल के दाम लगातार बढ़ते रहे तो उन्हें मिठाइयों की कीमतें बढ़ानी पड़ सकती हैं। लेकिन इसका सबसे बड़ा डर ग्राहक खोने का है। व्यापारियों के मुताबिक कीमतों में बड़ा अंतर आने पर ग्राहक मिठाई की मात्रा कम कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर जो परिवार पहले एक किलो मिठाई खरीदता था, वह अब 250 या 500 ग्राम तक सीमित हो सकता है। इससे दुकानदारों की बिक्री पर सीधा असर पड़ेगा।

त्यौहारी सीजन में महंगाई का असर, बिगड़ा बजट

बिलासपुर/नवप्रदेश। त्योहारी सीजन में बाजार में खरीदारी बढ़ने के साथ ही जरूरी खाद्य वस्तुओं के दाम भी तेजी से बढ़ गए हैं। सब्जियों से लेकर फल और किराना सामग्री तक महंगाई की मार दिखाई दे रही है। खासकर सब्जियों के बढ़ते दाम ने आम परिवारों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है।

कोई भी वर्ग इस महंगाई से अछूता नहीं है। सबसे ज्यादा तेजी प्याज की कीमतों में देखने को मिल रही है। कुछ समय पहले तक करीब 5 रुपए किलो बिकने वाला प्याज अब स्थानीय बाजार में 60 रुपए किलो तक पहुंच गया है। इसी तरह आलू के दाम भी बढ़कर 25 से 30 रुपए किलो हो गए हैं। हरी सब्जियों की कीमतों में भी लगातार उछाल बना हुआ है। बाजार में टमाटर, भिंडी, बरबट्टी और करेला 25 से 50 रुपए किलो तक बिक रहे हैं। अदरक की कीमत तो 200 रुपए किलो तक पहुंच गई है। सब्जी और फल बाजार के स्थानीय विक्रेताओं के मुताबिक लगातार बारिश और किसानों के खेती-किसानी के काम में व्यस्त होने के कारण बाजार में सब्जियों की आवक प्रभावित हुई है।

शक्कर-गुड़ के भाव फिलहाल स्थिर

सब्जियों के उलट शक्कर और गुड़ के थोक बाजार में बुधवार को कारोबार लगभग स्थिर रहा। थोक कारोबारियों के अनुसार इन दोनों वस्तुओं के भाव में फिलहाल कोई बड़ी तेजी या गिरावट नहीं देखी गई है। हालांकि त्योहारी सीजन में मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने के कारण बाजार पर नजर बनी हुई है।

दाम नियंत्रण को लेकर प्रशासन की कार्रवाई पर उठे सवाल

आवश्यक वस्तुओं के दाम में लगातार हो रही बढ़ोतरी के बावजूद जिला प्रशासन की ओर से कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अब तक कोई प्रभावी कदम नजर नहीं आ रहा है। आम उपभोक्ताओं का कहना है कि त्योहारी सीजन में पहले ही घरेलू खर्च बढ़ जाता है, ऐसे में रोजमर्रा की जरूरत वाली वस्तुओं की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि ने परेशानी और बढ़ा दी है। उपभोक्ताओं ने बाजार में कीमतों की नियमित निगरानी, जमाखोरी और अनावश्यक मूल्यवृद्धि की जांच तथा दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

रेशम के धागों पर महंगाई की गांठ : मिठाइयों से लेकर कूरियर के बढ़े दाम, फिर भी नहीं घटा बहनों का उत्साह

धमतरी/नवप्रदेश। भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार आते ही बाजारों में रौनक छा गई है। हालांकि, इस बार बाजार पर महंगाई का सीधा असर देखने को मिल रहा है। कच्चे माल की बढ़ती कीमतों, पैकेजिंग कॉस्ट और कूरियर भाड़े में बढ़ोतरी के कारण राखी से लेकर मिठाइयों तक के बजट में 10 से 15 फीसदी का उछाल आया है। इसके बावजूद बहनों के उत्साह में कोई कमी नहीं है; लोग अपने बजट को संतुलित करने के लिए खरीदारी के नए तरीके तलाश रहे हैं।

धागों से लेकर डिब्बों तक सब महंगा

स्थानीय विक्रेताओं के अनुसार, राखियों में इस्तेमाल होने वाले रेशमी धागे, फोम, नगीने और पैकेजिंग मटीरियल के दाम बीते एक साल में काफी बढ़े हैं। जो साधारण राखी पिछले साल 20 से 30 में उपलब्ध थी, वह अब 35 से 45 तक बिक रही है। वहीं, फैंसी और ब्रास की राखियों की कीमतों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मिठाई का जायका भी हुआ फीका दूध, खोया, चीनी और ड्राई फ्रूट्स के दामों में बढ़ोतरी से मिठाइयों के रेट भी चढ़ गए हैं। काजू कतली और मावे की मिठाइयों पर प्रति किलो 50 से 60तक का इजाफा हुआ है। मिलावट के डर और बढ़ती कीमतों के कारण इस बार लोग 'होम-मेड', पैक्ड ब्रांडेड चॉकलेट्स और ड्राई फ्रूट्स के ऑप्शन चुन रहे हैं।

सार्थक के विशेष बच्चो ने बनाई राखियां एवं शगुन के लिफाफे

इन सब के बीच सार्थक के विशेष बच्चो द्वारा बनाई राखी को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है संस्था की सरिता दोषी ने बताया की हर बार की तरह इस बार बच्चो ने उत्साह के साथ राखिया बनाई है सार्थक स्कूल के विशेष बच्चों के सहयोग से राखियों एवं शगुन के लिफाफों का स्टॉल लगाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य विशेष बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के साथ उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाना है। इस पहल के माध्यम से समाज ने लोगों से अपील की कि वे बाजार से राखियां एवं शगुन के लिफाफे खरीदने के बजाय इस स्टॉल से सामग्री खरीदकर विशेष बच्चों के हुनर को प्रोत्साहित करें। आयोजकों का कहना है कि लोगों का छोटा-सा सहयोग इन बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने के साथ उनके आत्मविश्वास और स्वाभिमान को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। संस्था की सरिता दोषी ने बताया की स्टेटस ,स्टोरी सोशल मीडिया में राखियों की फोटो देखकर बहुत लोगों ने राखियां ऑर्डर की। रायपुर भिलाई दुर्ग नागपुर और मुंबई में भी राखियां कोरियर और स्पीड पोस्ट से मंगवाई गई। कीमतें बहुत सुलभ रखी गई थी ताकि ज्यादा लोगों तक बच्चों की बनाई राखियां पहुंच सके।

हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण निर्णय: महिला कर्मचारियों के मातृत्व अधिकारों को लेकर सुनाया अहम फैसला

लीव बैलेंस कम, फिर भी देना होगा मातृत्व लाभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने महिला कर्मचारियों के मातृत्व अधिकारों को लेकर अहम फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि मिसकैरेज के दौरान लिया गया अवकाश बाद की गर्भावस्था के मातृत्व अवकाश में समायोजित नहीं किया जा सकता। केवल लीव बैलेंस कम होने के आधार पर भी मातृत्व लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। चीफजस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) की अपील खारिज कर सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखा। मामला एफसीआई रायपुर जिला कार्यालय में असिस्टेंट ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत महिला का है। वर्ष 2019 में महिला जुड़वा बच्चों की गर्भवती थीं। 25 अप्रैल को मेडिकल जटिलता के कारण मिसकैरेज हो गया। दूसरे भ्रूण की गर्भावस्था को हाई रिस्क बताते हुए डॉक्टरों ने लंबे समय तक बेड रेस्ट की सलाह दी।

महिला कर्मी के कटे 80 हजार रुपए लौटाने का आदेश

3 सितंबर 2019 को उन्होंने बच्ची को जन्म दिया। एफसीआई ने उनके 68 दिनों के अवकाश को एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी लीव मानकर वेतन नहीं दिया और 80,254 रुपए की कटौती की। सिंगल बेंच ने 13 मई 2026 को उन्हें मिसकैरेज और मातृत्व अवकाश के कुल 90 दिन का लाभ देने तथा कटौती की राशि वापस करने का आदेश दिया था। मेडिकल खर्च की प्रतिपूर्ति पर नियमों के अनुसार दोबारा निर्णय लेने कहा था।

स्वास्थ्य, सम्मान की रक्षा

डिवीजन बेंच ने कहा कि मातृत्व लाभ महिला के स्वास्थ्य, सम्मान और कल्याण की रक्षा के लिए हैं। इन्हें तकनीकी आधार पर खत्म नहीं किया जा सकता। पर्याप्त लीव बैलेंस नहीं होने के आधार पर मातृत्व लाभरोकना उचित नहीं है। मेडिकल बिलों की जांच कर एफसीआई को नियमानुसार नए सिरे से निर्णय लेने के निर्देश दिए गए हैं।

राजधानी के राजकुमार कॉलेज से हटाई गई शिक्षिका होगी बहाल

हाईकोर्ट बोला-18 साल बाद नौकरी से निकालना अवैधानिक, ब्याज सहित पूरी सैलरी देने का आदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफजस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने राजकुमार कॉलेज के शिक्षक को 18 साल बाद नौकरी से निकालने के फैसले को अवैध बताया है। कोर्ट ने सिंगल बेंच के फैसले को सही ठहराते हुए शिक्षक को दोबारा नौकरी पर रखने और बकाया वेतन 9% ब्याज के साथ देने का आदेश दिया है। साथ ही हाईकोर्ट ने रायपुर के राजकुमार कॉलेज प्रबंधन की अपील खारिज कर दी।

जानिए क्या है पूरा मामला: दरअसल, रायपुर के राजकुमार कॉलेज में सविता मोहंती को 21 जून 1990 को ओडिया भाषा पढ़ाने के लिए सहायक शिक्षिका के पद पर नियुक्त किया गया था। 1994 में उनकी नौकरी पक्की कर दी गई और उन्हें हर साल वेतन बढ़ोतरी भी मिलती रही। करीब 18 साल तक नौकरी करने के बाद 19 जून 2008 को कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें अचानक नौकरी से निकाल दिया। प्रबंधन ने कहा कि स्कूल में ओडिया पढ़ने वाले छात्रों की संख्या कम हो गई है। साथ ही सविता के पास बीएड की डिग्री नहीं है, इसलिए उन्हें दूसरे विषय की शिक्षिका के तौर पर भी नहीं रखा जा सकता।

शिक्षिका ने फैसले के खिलाफ अपील की: प्रबंधन के नौकरी से निकालने के फैसले के खिलाफ शिक्षिका ने अपील की। 8 मई 2012 को संबंधित अधिकारी ने शिक्षिका के पक्ष में फैसला सुनाया। उन्हें दोबारा नौकरी पर रखने और पिछला पूरा वेतन 9त्न चक्रवृद्धि ब्याज के साथ देने का आदेश दिया गया।

सिंगल बेंच ने खारिज की थी याचिका, डिवीजन बेंच में दी चुनौती: अपीलीय अधिकारी के इस आदेश के खिलाफ कॉलेज प्रबंधन ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। सिंगल बेंच ने 17 मार्च 2026 को प्रबंधन की याचिका खारिज कर दी। इसके बाद प्रबंधन ने डिवीजन बेंच में अपील की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद डिवीजन बेंच ने कहा कि 1990 के नियुक्ति पत्र में बीएड की डिग्री जरूरी नहीं थी। 1994 में शिक्षिका की नौकरी पक्की करते समय भी प्रबंधन ने बीएड को लेकर कोई आपत्ति नहीं की थी।

नक्सल प्रभाव घटा तो अबूझमाड़ में फिर गूंजने लगी मांदर की थाप

- घोटुलों में लौटी रौनक, चेलिक-मोटियारिन फिर गीत-नृत्य से सहेज रहे आदिवासी संस्कृति

नारायणपुर/नवप्रदेश। लंबे समय तक नक्सल हिंसा और भय के साये में रहे अबूझमाड़ के गांवों की तस्वीर अब बदल रही है। कभी शाम होते ही जहां सन्नाटा पसर जाता था, वहीं अब घोटुलों में मांदर की थाप और पारंपरिक गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। चेलिक और मोटियारिन फिर सामूहिक नृत्य कर रहे हैं और गांवों में आदिवासी संस्कृति की पुरानी रौनक लौटती दिखाई दे रही है। घोटुल आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था मानी जाती है। यहां नई पीढ़ी लोकगीत, नृत्य, अनुशासन, सामुदायिक जीवन और अपनी परंपराओं से परिचित होती है। ऐसे में घोटुलों में बढ़ती चहल-पहल को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक जीवन के पुनर्जीवन के रूप में देखा जा रहा है।

बुजुर्गों में खुशी, युवाओं में उत्साह: घोटुलों की लौटती रौनक से बुजुर्ग भी उत्साहित हैं। उनके लिए यह अपनी पुरानी परंपराओं की वापसी है, जबकि युवाओं को अपनी सांस्कृतिक पहचान से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शांति बढ़ने के साथ खेतों, बाजारों और आसपास के गांवों तक आवाजाही भी सहज हुई है। त्योहार और पारंपरिक आयोजन अब खुलकर मनाए जाने लगे हैं। अबूझमाड़ में घोटुलों से गूंजती मांदर की थाप सिर्फ संगीत नहीं, बल्कि सामान्य जीवन की वापसी की आवाज बन गई है। यह संकेत है कि भय पीछे हट रहा है और आदिवासी समाज अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ फिर से अपनी पुरानी लय में लौट रहा है।

कभी शाम होते ही घरों में सिमट जाते थे लोग

ग्रामीणों के मुताबिक नक्सल प्रभाव के दौर में शाम के बाद गांवों में निकलना आसान नहीं था। सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच संघर्ष तथा अनहोनी की आशंका के कारण त्योहार, सामुदायिक आयोजन और पारंपरिक गतिविधियां प्रभावित हुई थीं। कई जगह घोटुलों की गतिविधियां भी थम गई थीं। अब सुरक्षा अभियानों और नक्सल प्रभाव में कमी के बाद हालात बदल रहे हैं। शाम ढलते ही युवा घोटुलों में जुट रहे हैं। मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य हो रहे हैं और जंगल, नदी, पहाड़, खेती तथा सामाजिक जीवन से जुड़े लोकगीत फिर सुनाई देने लगे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन : 0771-3526755, 6262188999